CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, मंगलवार 9 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं: योगी पेज 2



टी-20 में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम सम्पादकीय



क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा पेज 12

# वंदे मातरम पर कांग्रेस ने किया विश्वासघात: मोदी

## कहा: कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेके

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा किया था बुलंद
■ तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा था

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर वंदे मातरम के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में सोमवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा बुलंद किया तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। जवाहर लाल नेहरू ने ऐसे समय मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदे मातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि विरोध के पांच दिन बाद बीस अक्टूबर को जवाहर लाल नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी और इसमें उन्होंने जिन्ना की भावना से अपनी सहमति जताई, जिसमें कहा गया कि यह गीत मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस को जो पत्र लिखा गया उसमें जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैंने वंदे मातरम का बैकग्राउंड पढ़ा है और मुझे लगता है इससे मुस्लिम भड़केंगे। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि 26 अक्टूबर से कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वंदे मातरम की समीक्षा होगी। इससे पूरा देश हैरान था। पूरे देश में इसके विरोध में प्रभात फेरियां निकाली। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए।। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी, इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज भी वैसे ही हैं। आज भी कांग्रेस और उनके सहयोगी वंदे मातरम पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वंदेमातरम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भावना क्या थी वह भी सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। उस समय दक्षिण अफ्रीका से इंडियन ओपिनियन नाम की एक पत्रिका निकलती थी, जिसमें दो दिसम्बर 1905 में महात्मा गांधी ने लिखा था यह गीत वंदेमातरम जिसे बंकिम चंद्र ने रचा है, पूरे बंगाल में अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आदोलन के पक्ष में विशाल सभाएं हुई जहां लाखों लोगों ने ये गीत गाया। उन्होंने लिखा कि यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया जैसे ये हमारा राष्ट्रीय गान बन गया है। यह अन्य राष्ट्रों की गीतों से मधुर है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति करता है। उन्होंने कहा कि जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्रीय गान के रूप में दिखता –**शेष पृष्ठ दो पर**

# आसाराम केस: सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता की याचिका की खारिज

## अंतरिम चिकित्सा जमानत नहीं होगी रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अदालत ने कहा: हाईकोर्ट तीन माह में निपटाए लंबित अपील**



**नई दिल्ली।** आसाराम बापू से जुड़े बहुचर्चित यौन-शोषण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मिली अंतरिम चिकित्सा जमानत को रद्द करने से इन्कार कर दिया है। सोमवार को दिए गए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता की याचिका खारिज करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दी गई राहत में हस्तक्षेप करने से साफ मना कर दिया।

हालांकि अदालत ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि वर्ष 2018 से लंबित आपराधिक अपील का शीघ्र निस्तारण आवश्यक है और राजस्थान हाई कोर्ट से इसे तीन माह के भीतर निपटाने के लिए कहा है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की। पीठ ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में हाईकोर्ट द्वारा दी गई चिकित्सा जमानत को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन मामले की लंबित स्थिति निश्चित रूप से चिंता का विषय है। शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि आईपीसी और पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर आरोपों में दोषसिद्ध व्यक्ति को इस तरह से बार-बार अंतरिम राहत देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आसाराम ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है और चिकित्सा जमानत की अवधि के दौरान सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही यह भी तर्क रखा गया कि आसाराम ऐसी 'वनस्पतिक अवस्था' में नहीं हैं, जैसा कि हाईकोर्ट के आदेशों में दर्शाया गया था। आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने पक्ष रखा। वहीं राजस्थान राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा और अधिवक्ता सोनाली गौर उपस्थित रहे। राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने शिकायतकर्ता की आपत्तियों का समर्थन करते हुए अपील की असामान्य देरी और पूर्व में ज़मानत शर्तों के उल्लंघन की ओर भी अदालत का ध्यान आकर्षित किया।

### भारत विरोधी पोस्ट के आरोपी प्रोफेसर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पर 'भारत विरोधी और अभद्र बयान' पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार असम के गोसाईगांव महाविद्यालय के निलंबित प्रोफेसर जोयनाल आबेदीन को सोमवार को जमानत दे दी। श्री आबेदीन को जमानत देते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी साफ कर दिया कि जमानत के आदेश को उन्हें नौकरी पर वापस रखने का आधार नहीं माना जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आबेदीन छह महीने से हिरासत में हैं और मुकदमे में काफी समय लगने की संभावना है, क्योंकि अभियोजन पक्ष को अभी भी चार गवाहों से पूछताछ करनी है। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्हें जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहा किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में पारा 5.7 डिग्री, 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में शीतलहर का असर जारी है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मप्र के ज्यादातर शहरों में रविवार को पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में शीतलहर चली। इंदौर में सर्दी का 10 साल का रिकार्ड टूट गया। यहां रविवार रात को 5.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इससे पहले 24 दिसम्बर 2015 को इंदौर में सबसे कम तापमान 7डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। यूपी के 20 जिलों में सोमवार को इस सीजन का पहली बार घना कोहरा देखने को मिला। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी इतनी कम हो गई कि सड़कों पर 10 मीटर दूर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। अयोध्या सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पारा 5.5डिग्री सेल्सियस डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### गोवा नाइट क्लब हादसा: अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर नाइटक्लब के दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी संलिप्तता नाइटक्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोहली को आगे की पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। यह आग शनिवार रात को उत्तरी गोवा के अरापोरा में स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नामक नाइट क्लब में लगी थी। दुखद बात यह है कि आग की चपेट में आने वालों में अधिकांश नाइट क्लब के कर्मचारी ही थे।

### बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसम्बर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी। विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे।

# इंडिगो उड़ान संकट 'गंभीर' पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इन्कार


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो एयरलाइंस की ओर से बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने और देरी के कारण देश भर में उत्पन्न यात्री संकट पर सोमवार को चिंता व्यक्त की, लेकिन इसमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि लाखों यात्री हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और इस व्यवधान के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। न्यायालय ने यह देखते हुए तत्काल सुनवाई से इन्कार कर दिया कि केंद्र सरकार ने पहले ही इस संकट का संज्ञान ले लिया है और वह इस पर कार्रवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। लाखों लोग हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। हम जानते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और अन्य कठिनाइयां हो सकती हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने समय पर कार्रवाई की है और इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर शीघ्र सुनवाई के लिए दायर याचिका में दावा किया गया कि एयरलाइन में परिचालन संसाधनों की कमी, विशेष रूप से गंभीर पायलट संकट और नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने में कठिनाइयों के कारण, यात्रियों को पर्याप्त सूचना दिए बिना बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द की जा रही हैं।

### इंडिगो संकट: 7वें दिन 500+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसम्बर तक ऑपरेशन नार्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है। फ्लाइट आपरेशंस 91 फीसदी आन टाइम चल रहा है जो कि रविवार से 75 फीसदी ज्यादा है। उधर, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है।



**नई दिल्ली: इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान जमा हो गया।**

### जापान में भूकंप के तेज झटके 7.6 रही तीव्रता सुनामी का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र आओमोरी प्रांत के तट से 80 किमी दूर, 50 किमी की गहराई पर था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि भूकंप आओमोरी और होक्काइडो के तट पर आया, उत्तर-पूर्वी तट पर तीन मीटर ऊंची सुनामी आ सकती है। अभी किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी जारी की है कि भूकंप के बाद उत्पन्न खतरनाक सुनामी लहरें जापान और रूस के तटों को प्रभावित कर सकती हैं, इसके अलावा भूकंप के केंद्र से 1,000 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी क्षेत्र में विनाशकारी लहरों का खतरा बना हुआ है।

# जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है

**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं।

प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्टूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्टूबर को चिट्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्टूबर की चिट्ठी में लिखा कि मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्टूबर को कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्टूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे। संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आज़ाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदे मातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे।

# राजधानी दिल्ली की हवा बेहद खराब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बीते 24 घंटे में छह अंक बढ़कर 314 पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में सोमवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 314 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 330 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 309, ग्रेटर नोएडा में 302 और गुरुग्राम में 278 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी मानहानि केस में मंगलवार को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई सोमवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। इस दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह राम चंद्र दुबे से जिरह की। कोर्ट शेष बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार को फिर सुनवाई करेगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली है। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसम्बर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में पहले से दर्ज मुकदमों में धारा 26 डी एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 61(2), 318(2), 340(2) बीएनएस और धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद एवं अन्य के विरुद्ध चल रहे मामले में दोनों आरोपियों को कोतवाली परिसर से पूछताछ के बाद रविवार देर शाम गिरफ्तार किया गया।

### एसआईआर को उप्र में लेकर राजनीतिक माहौल गरम

# घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अवैध घुसपैठियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखा मार्मिक पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर गरम राजनीतिक माहौल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के के नाम चिट्ठी लिखकर सावधान रहने की अपील की है और साथ ही कहा है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

योगी ने एक्स पर प्रदेशवासियों को संबोधित पत्र जारी करते हुए कहा कि न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का। उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारु कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों पर अनधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे। घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित व्यक्तियों को डिटेंशन केंद्रों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए प्रत्येक मंडल में विशेष केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। योगी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति को घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि का आधार है। पत्र के अंत में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है।

## घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई से सपा को परेशानी क्यों: केशव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश में घुसपैठ रोकने और अवैध तत्वों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी को इससे परेशानी क्यों हो रही है। मौर्य ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि यदि पुलिस, प्रशासन और भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ काम कर रहे हैं, तो समाजवादी पार्टी को दर्द क्यों हो रहा है। उनका इनसे क्या रिश्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सपा सरकार के समय ही घुसपैठियों को सूची में शामिल कर संरक्षण देने का काम किया गया। सपा के शासनकाल में आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने के प्रयास भी किए गए थे, जो प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ था। उपमुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के हालिया बयानों को निराधार और भ्रम फैलाने वाला करार देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार देश के संसाधनों को मजबूत कर रही है, जबकि अखिलेश यादव केवल दुष्प्रचार में लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव में प्रचार करने गए अखिलेश यादव को उम्मीद थी कि उसके बाद उन्हें यूपी की मुख्यमंत्री कुर्सी का सपना और करीब नजर आएगा, लेकिन बिहार का परिणाम आते ही उनका सपना चकनाचूर हो गया है। इसी बौखलाहट में वे लगातार उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं और आगे भी देते रहेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि 2047 तक समाजवादी पार्टी और इसकी नेतृत्वकारी राजनीति का भविष्य अंधकारमय होने वाला है।

## एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने विधायकों एसआईआर अभ्यास में जुटने को कहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की 11 दिसम्बर की बढ़ी हुई अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य में अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी इकाइयों को सत्यापन प्रक्रिया को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से स्पष्ट कहा है कि वे कम से कम एक सप्ताह तक सभी गैर-जरूरी कार्यक्रमों को किनारे रखकर पूरी तरह एसआईआर अभ्यास में जुट जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी कीमत पर 'घुसपैठिए' और 'गैर-कानूनी मतदाता' मतदाता सूची में न बने रहें। पार्टी इकाइयों से ऐसे नामों को तुरंत चिन्हित कर हटाने के लिए कहा गया है। पिछले हफ्ते पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में योगी ने कहा था कि जब विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा था, उसी समय उसके कार्यकर्ता जमीन पर सक्रिय होकर नए नाम जुड़वा रहे थे और 'लाखों फर्जी वोटर' पकड़े गए थे। बीते दिनों राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के साथ हुई बैठक में भी एसआईआर प्रमुख मुद्दा रहा। फील्ड सुपरविजन को मजबूत करने के लिए दोनों उपमुख्यमंत्रियों को 25-25 जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी विशेष क्षेत्रों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सत्यापन में शत प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता अमेठी, रायबरेली जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलों में लगातार दौरे कर रहे हैं और जिला इकाइयों के साथ बैठकें कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। भाजपा ने अपने पन्ना प्रमुखों और बूथ स्तर की टीमों को सक्रिय कर दिया है। इन्हें घर-घर संपर्क अभियान चलाने, हटाने के लिए चिह्नित वोटरों की मदद करने तथा पुनरीक्षण के दौरान फैलने वाली गलत सूचनाओं का जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त: महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** लोकसभा में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वह खोखले प्रतीकवाद में लिप्त है।

नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बहस की शुरुआत की। महबूबा ने सवाल किया कि इस तरह के राजनीतिक नाटक से बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और लाखों भारतीयों को प्रभावित करने वाली अन्य गंभीर मुद्दों का समाधान कैसे होगा। एक्स पर एक पोस्ट में महबूबा ने कहा कि संसद 150 साल पुराने वंदे मातरम पर बहस में व्यस्त है, जबकि इंडिगो यात्री फंसे हुए हैं और जवाब के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान करने वाले संकटों का समाधान करने के बजाय, भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त प्रतीत होती है। महबूबा मुफ्ती देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का जिक्र कर रही थीं, जिसने दो दिसम्बर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिससे हजारों यात्री भारत भर के हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। पीडीपी प्रमुख ने पूछा कि यह राजनीतिक नाटक कैसे नौकरियां उत्पन्न करेगा, बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करेगा या लाखों भारतीयों के वास्तविक समस्याओं से निपटेगा?

# अखिलेश ने सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा किया

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: बताएं उनकी विचारधारा के लोगों ने कब वंदे मातरम का गायन किया

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि जिस विचारधारा के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में कभी भाग नहीं लिया, उसी विचारधारा के लोग आज 'वंदे मातरम' और आजादी के आंदोलन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

यादव ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर लोक सभा में चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के लोग आज हर उस अच्छी चीज को अपना लेना चाहते हैं, जिसमें उनकी दूर-दूर तक सहभागिता भी नहीं रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश तोड़ने का काम किया, वैसी ही विचारधारा के लोग आज फिर समाज में दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने को प्रखर 'राष्ट्रवादी' कहते हैं, दरअसल वे लोग 'राष्ट्रविवादी' हैं। ऐसे लोग आए दिन तरह-तरह के विवादों को जन्म देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ऐसा गीत है, जिसने लाखों लोगों को जागरुक किया, उन्हें नई ऊर्जा दी, ताकत दी। उनके जोश से अंग्रेज घबराने लगे और वंदेमातरम का गायन करने वाले विद्यार्थियों तक को देशद्रोही करार देकर जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गायन मात्र के लिए नहीं है, इसकी भावना को अपनाया भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग आज वंदे मातरम को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे बताएं कि आजादी से पहले उनकी विचारधारा से जुड़े लोगों ने कब वंदे मातरम गाया। वे बताएं कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उन्होंने कब से अपने कार्यक्रमों या चुनावी सभाओं में लगानी शुरू की। जब सपा और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को पराजित किया, तब से भाजपा ने संविधान निर्माता के चित्र लगाने शुरू किए। यादव ने कहा कि आज की बात करें, तो सत्ता पक्ष बताए कि इंडिगो की उड़ानें कब तक नियमित होंगी। उप्र में 26 हजार स्कूल बंद कर दिए गए, इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की मूल भावना देशप्रेम और भाईचारा को अपनाकर ही देश की बेहतर सेवा की जा सकेगी।

## पान मसाला से संबंधित विधेयक को प्रवर समिति में भेजा जाए: विपक्ष

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार पर पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' को हड़बड़ी में पारित कराने का आरोप लगाते हुए इसे संघीय व्यवस्था पर प्रहार बताया तथा विधेयक को विस्तृत अध्ययन के लिए प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शुक्रवार को पारित इस विधेयक को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया। कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है और उसे इसके लिए पैसे की व्यवस्था करने पर भी एतराज नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार इस विधेयक को बिना तैयारी के हड़बड़ी में लेकर आई है। उन्होंने कहा कि विधेयक का मसौदा स्पष्ट नहीं है और न ही सरकार की मंशा स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि सरकार का कहना है कि यह उपकर उत्पादन क्षमता पर लगाया जाएगा।



सेंसेक्स 85102.69
निफ्टी 25960.55



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 189906
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी गिरावट

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक (0.71 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.61 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में रियलिटी सेक्टर का सूचकांक करीब 3.5 प्रतिशत टूट गया। सार्वजनिक बैंकों के सूचकांक में भी लगभग 2.8 फीसदी की गिरावट रही। रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब पांच प्रतिशत लुढ़क गया। इटरनल, ट्रेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस में दो से ढाई फीसदी के बीच गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर में भी डेढ़ फीसदी के अधिक टूटे। एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, एलएंडटी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक फीसदी से अधिक टूटे। वहीं टेक महिंद्रा का शेयर 1.4 प्रतिशत के करीब चढ़ा।

### बीएसई ने इंडिगो से मांगा स्पष्टीकरण, शेयर आठ प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार बीएसई ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा विमान सेवा कंपनी इंडिगो को कारण बताओ नोटिस की खबरों के संबंध में एयरलाइंस से स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसई ने सोमवार को बताया कि एक वेबसाइट की खबर का लिंक देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए और समय दिया है तथा इसमें विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# इंडिगो संकट का होटल कारोबार पर पड़ा बुरा असर

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के कारण पिछले एक हफ्ते में देश के प्रमुख शहरों में होटल उद्योग को सबसे जडादा नुकसान हुआ है और मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण लोगों में हवाई यात्रा को लेकर भरोसा कम हुआ है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों ने इस तरह के विचार व्यक्त किए हैं।

नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के क्लस्टर महाप्रबंधक मनुज बहल ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में कारोबार को बहुत बड़ा झटका लगा है। होटलों की बुकिंग में 20 प्रतिशत से जडादा की गिरावट आई है। लोग होटल इसलिए बुक नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हवाई यात्रा को लेकर उनका भरोसा कम हुआ है। गौरतलब है कि नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप उत्तर भारत में शादी समारोह के लिए एक लोकप्रिय स्थल उदयपुर में हॉवर्ड जॉनसन और रमाडा एनकोर होटल चलाता है। राष्ट्रीय राजधानी के होटलों का हाल भी अलग नहीं है। होटलों में सिर्फ निजी बुकिंग ही रद्द नहीं हो रही, बल्कि कारोबारी समारोह और सम्मेलन रद्द हो गए हो गए हैं, क्योंकि इनमें शामिल होने वाले लोग यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

लुटियंस दिल्ली में स्थित ली मेरिडियन की उपाध्यक्ष एवं महाबंधक मीना भाटिया ने कहा कि हालात को संभालना थोड़ा मुश्किल हो गया है, क्योंकि यह देश में सबसे ज्यादा यात्रा करने वाले समय में हुआ है। वहीं नई दिल्ली के द सूर्या होटल के उपाध्यक्ष संचालन गिरीश बिद्रा ने कहा कि हमें दिक्कतें हुईं, क्योंकि जिन मेहमानों को चेक आउट करके जाना था, वे जा नहीं पाए और जिन्होंने कमरे बुक किए थे, वे यात्रा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि जैसे ही हवाई टिकटों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए, जिन मेहमानों को चेक आउट करना था, उन्होंने कुछ और दिनों तक वहीं रुकने का फैसला किया।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के अलावा चीनी और दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं टूट गया। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 127 रुपये बढ़कर 3,858.67 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,858.82 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में बढ़त रही। तुअर दाल 205 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। मसूर दाल की कीमत 167 रुपये और चना दाल की 133 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल में 115 रुपये और उड़द दाल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 58 रिंगिट फिसलकर 4,094 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.72 प्रतिशत गिरकर में 51.32 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 76 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल 71 रुपये और सूरजमुखी तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट में रहा। वनस्पति 112 रुपये और मूंगफली तेल 70 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की औसत 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 107 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वंदे मातरम...**

था। यह गीत इतना महान था, तो पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। इसके साथ विश्वासघात क्यों हुआ। कौन सी ताकत थी जिसकी इच्छा पूज्य बापू पर भी भारी पड़ गई और वंदे मातरम को विवादों में घसीट दिया। हमें उन परिस्थितियों को नई पीढ़ी को बताना जरूर है, आखिर क्यों वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया गया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ने देश को हिम्मत दी थी। बंगाल की गलियों से निकली आवाज देश की आवाज बन गई थी।


उन्होंने कहा कि हमारे जांबाजों सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे और आखिरी समय में वंदेमातरम का उदघोष करते थे। उन्होंने कहा कि अनगिनत वीर सपूतों ने जुल्म सहा, लेकिन एक ही नारा था एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि मास्टर सूर्यसेन को जब फांसी दी गई तब उन्होंने अपने साथियों को एक पत्र लिखा था, जिसमें एक ही गूंज थी वंदे मातरम। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई एक ऐसा भाव गीत नहीं हो सकता है, जो सदियों तक प्रेरित करता हो, लेकिन वंदेमातरम आज भी हमें प्रेरित कर रहा है। इसमें हमारी स्वतंत्रता, बलिदान, ऊर्जा, समर्पण और त्याग का मंत्र था। इस गीत की लोकप्रियता ने उसी कालखंड में वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग दुनिया में पहुंचा दिया। उस समय लंदन के इंडिया हाउस में वीर सावरकर ने यह गीत गाया। उसी समय विपिन चंद्र पाल ने अखबार निकला, जिसका नाम भी वंदेमातरम रखा।

डगर डगर पर अंग्रेजों का नींद हराम करने के लिए वंदेमातरम काफी था। मैडम भीकाजी कामा ने भी वंदेमातरम अखबार निकाला। वंदेमातरम ने भारत को स्वाबलंबन का रास्ता दिखाया। उस समय माचिस की डिबिया से लेकर जहाज पर वंदेमातरम लिखा जाता था। यह स्वदेशी का मंत्र बन गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती ने वंदे मातरम को तमिल में लिखा था। उनके कई गीतों में वंदेमातरम की श्रद्धा नजर आती है। भारत का ध्वजगीत भी श्री भारती ने ही लिखा था। उन्होंने कहा कि जब संकटों का कालखंड होता है, तभी पता चलता है हम कितने सशक्त है।

1947 के बाद देश की चुनौतियां बदली लेकिन देश की जीवटता वही रहा। जब भी संकट आया भारत वंदेमातरम के साथ आगे बढा। एक जमाना था जब देश में खाद्य का संकट आया तब किसानों ने अन्न से भर दिया। कोराना संकट में भी यह भाव से देश खड़ा हुआ और आगे बढ़ गया। वंदेमातरम हमारे लिए सिर्फ स्मरण के लिए नहीं बल्कि उर्जा बन जाए। हम लोगों के ऊपर वंदे मातरम का कर्ज है। भारत के पास हर चुनौतियों को पार करने की ताकत है। यह हमारे लिए प्रेरणा है। हम आत्म निर्भर भारत का सपना लेकर चल रहे है।

# पांच से अधिक बार वाहन लापरवाही से चलाया, तो बीमा प्रीमियम में होगी वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है।

इस दिशा में परिवहन विभाग ने सरकार को प्रस्ताव दिए हैं कि पांच से अधिक चालान वाले वाहन धारक के बीमा प्रीमियम में वृद्धि की जाए, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन अधिक जिम्मेदारी से करें। वहीं बीमा कंपनियों ने योजना पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त कर दी है। बीमा दावों का सेटलमेंट भी डिजिटल और तेज होगा, जिससे हादसे में घायल व्यक्तियों को तत्काल मुआवजा व उपचार सहायता मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ई-चालान व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। परिवहन विभाग ने एनआईसी के सहयोग से पहले चरण में प्रदेश के 17 जिलों में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले चालानों को ई-चालान पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। शेष जिलों में भी यह प्रक्रिया शीघ्र लागू की जाएगी। प्रदेश सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की पहचान, नियंत्रण और प्रवर्तन प्रक्रिया को डिजिटल और सुचारु बनाना है। वाहन और चालक संबंधी सभी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने से ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने में आसानी होगी तथा बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही इस व्यवस्था से चालानों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग संभव होगी तथा लंबित चालानों के निस्तारण में तेजी आएगी। इसके अलावा बिना बीमा और अवैध रूप से चलने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सरकार वाहन और सारथी एप, ई-डार, आईआरएडी और ई-चालान पोर्टलों को एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का कार्य कर रही है। इस प्रणाली से दुर्घटना डेटा संग्रह और विश्लेषण रीयल-टाइम में होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## डकैती का मामला सुलझा छह रॉबर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस की एएटीएस, एंटी-बर्गलरी सेल, स्पेशल स्टाफ और जहांगीर पुरी थाने की संयुक्त टीमों ने जहांगीरपुरी थाने के तहत हुई डकैती के मामले को सुलझाकर छह रॉबर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉबरी के पैसों में से 10,40,000/- नगदी,जुर्म से कमाए गए पैसों से खरीदी गई एक कार और दो आई-फोन, पीड़ित की एक स्कूटी और जुर्म में इस्तेमाल की गई दो बाइक बरामद की है।

आरोपी पहले भी जघन्य मामलों जैसे मर्डर, आर्म्स एक्ट, गाड़ी चोरी, स्नैचिंग में शामिल रहे हैं। उन्होंने जल्दी और आसानी से पैसा कमाने के लिए क्रिमिनल एक्टिविटीज का सहारा लिया था।दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 28 नवंबर को एक शिकायतकर्ता ने बताया कि, वह अपनी फर्म के मालिक को डिलीवरी देने के लिए स्कूटी पर 36 लाख रुपये कैश से भरा एक बैग ले जा रहा था।

# दोस्तों के लिए खाना ले गए युवक की चाकू गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। हत्या करने के वक्त आरोपियों ने चाकू से उसकी अतडियां भी बाहर निकाल दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले एक लडके को भी पकड़ा है। जिसकी निशानदेही पर उसके बाकी साथियों को पकडने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक युवक की पहचान सुल्तानपुरी इलाके में रहने वाले 20 साल के सुमित के रूप में हुई। उसके माता-पिता एक प्राइवेट फर्म में हाउस कीपिंग स्टाफ के तौर पर काम करते हैं। सुल्तानपुरी पुलिस को नमोकार अस्पताल एबी ब्लॉक इलाके एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा था,जिसकी अतडियां भी बाहर थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल में भेज दिया। जिसकी पहचान इलाके में रहने वाले बीस साल के सुमित के रूप में हुई। शुरूआती जांच में सुमित के मां सुनीता और पिता रूप किशोर से पता चला कि सुमित दसवीं तक पढ़ाई की है।

वह पिछले कुछ समय से नौकरी तलाश कर रहा था। रात को घर में फंक्शन था। सुमित अपने दोस्तों के लिये खाना लेकर निकला था,मगर वापिस नहीं लौटा,जिसको रात को उसके दोस्तों के घर व अन्य जगहों पर तलाशने की कोशिश की। उसका कुछ पता नहीं चला। उनको लगा कि वह अपने किसी दोस्त के घर सो गया होगा। सुबह करीब सात बजे सुमित का दोस्त घर आया,जिसने बताया कि सुमित को किसी ने मार दिया है। जब वह मौके पर पहुंचे पुलिस वाले और अन्य लोग खड़े थे। सुमित का शव खून से लथपथ हालत में सडक पर पड़ा था। उसके आधा दर्जन से ज्यादा चाकू से वार किये गए थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। उसके दोस्तों से पूछताछ की। उसके फोन की कॉल डिटेल को भी खंगाला। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से इलाके में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस बीच एक पुख्ता जानकारी के बाद इलाके में रहने वाले एक लडके को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके पकड़ा।

## बावरिया गैंग के भगोड़ा को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बावरिया गैंग के वांछित सदस्य को गिरफ्तार किया है।आरोपी ,दिल्ली और उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड कुल 34 मामलो में शामिल पाया गया। उसे दिल्ली और उत्तर प्रदेश में छह मामलों में पीओ घोषित किया जा चुका है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि एसआई राजाराम को बावरिया गैंग के वांछित सदस्य के ठिकाने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी कि वह पंजाब के मंडी गोविंदगढ़, के इलाके में छिपा हुआ था। इस सूचना पर एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में टीम लोकेशन पर पहुँची और लोकल इंटेलिजेंस और टेक्निकल मदद का इस्तेमाल करके आरोपी संजय उर्फ झल्लू को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी संजय उर्फ झल्लू ने बताया कि उसने शामली में 3-4 साल तक मजदूरी की।

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड में चार दिल्ली निवासियों की गई जान

**दिल्ली के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, पहली ट्रिप बनी आखिरी सफर परिवार गोवा घूमने गया, लौटे चार शव, नाइटक्लब हादसे ने उजाड़ दिया पूरा घर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहली बार गोवा घूमने गए एक ही परिवार के चार लोगों के शव वापस दिल्ली लौटे,शनिवार की देर रात गोवा के अरपोरा इलाके में स्थित एक नाईट क्लब में भीषण आग लगी थी जिसमे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर,सादतपुर के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विनोद कबड़वाल, कमला कबड़वाल, अनीता और सरोज जोशी के रूप में हुई है स कमला,विनोद की भाभी थी जबकि अनीता और सरोज उसकी साली लगती थी स हादसे के समय विनोद की पत्नी भावना भी उनके साथ थी, वह किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रही और उसकी जान बच गयी स

घटना शनिवार रात करीब 12 बजे 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में हुई। यह सभी लोग खाना खाकर क्लब से निकलने ही वाले थे कि अचानक क्लब में आग लग गयी और चारो तरफ अफरातफरी मच गई,तभी यह सभी लोग आग से घिर गए और उनको बाहर निकलने का मौका नहीं मिला स विनोद की पत्नी भावना किसी तरह जान बचा कर बाहर आ पाई, लेकिन विनोद,उसकी भाभी और दो सालियां अंदर फंस गईं। उन्हें बचाने के लिए विनोद दोबारा क्लब में घुसे, लेकिन लपटों ने सभी को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में आग इतनी भीषण हो गई , कि चारों को बचने का कोई मौका नहीं बचा। भावना हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं।

हादसे के समय क्लब में करीब 100 लोग मौजूद थे और एक बजे से शुरू होने वाली 'बॉलीवुड बैंगर नाइट' की तैयारी चल रही थी। तभी 12 बजकर 4 मिनट पर आग भड़क उठी। प्रशासन की ओर से फिलहाल शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। इस अग्निकांड में अब तक 25 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। दिल्ली में मृतकों के घर पर सुबह से ही रिश्तेदार और पड़ोसी ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। परिवार का कहना है कि सोमवार शाम देर शाम तक चारों शव दिल्ली पहुंच जाएंगे।

# एपीएमएस को पूर्ण रूप से लागू करने वाली देश की पहली विधानसभा बनीः रेखा गुप्ता


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एपीएमएस अब दिल्ली सरकार में पूर्णतः सक्रिय कर दिया गया है और दिल्ली संभवतः देश की पहली राज्य विधानसभा है जिसने इतने व्यापक और वास्तविक-समय वाले ऑडिट मॉनिटरिंग पोर्टल को लागू किया है," यह बात विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा हेतु आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में कही।

गुप्ता ने कहा कि ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम का अंगीकरण पारदर्शिता, प्रक्रियागत अनुशासन तथा जवाबदेह ऑडिट फॉलो-अप की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने पोर्टल पर प्रदर्शित आँकड़ों की समीक्षा करते हुए चिंता व्यक्त की कि विभिन्न विभागों द्वारा 142 ऑडिट पैराग्राफ अपलोड किए गए थे, जबकि केवल 30 एक्शन टेकन नोट्स प्रस्तुत किए गए थे। उन्होंने कहा कि ऐसी लंबित स्थिति उचित नहीं है और सार्वजनिक लेखा समिति (पीएसी) को प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए समयबद्ध एवं पूर्ण प्रतिक्रियाएँ अनिवार्य हैं।

बैठक में सार्वजनिक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रम समिति के अध्यक्ष गजेन्दर द्राल, भारत सरकार के महालेखाधिकारी (ऑडिट) अमनदीप छथा, वित्त सचिव शुर्भीर सिंह, वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा निदेशालय ऑडिट के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एपीएमएस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें बताया गया कि पोर्टल किस प्रकार ऑडिट पैराग्राफ के प्रत्येक चरण को दर्ज करता है, ऑडिट कार्यालय की टिप्पणियाँ, विभागीय उत्तर, विलंब की स्थिति तथा अनुपालन को वास्तविक- समय में दर्शाता है।

एपीएमएस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग द्वारा विकसित तथा नियंत्रक जनरल ऑफ अकाउंट्स द्वारा सार्वजनिक लेखा समिति के दिशानिर्देशों के आधार पर संकल्पित किया गया है। यह प्रणाली ऑडिट पैराग्राफ, एक्शन टेकन नोट्स और एक्शन टेकन रिप्लाईज की एंड-टू-एंड मॉनिटरिंग सक्षम बनाती है।



**विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ( सीएजी ) की रिपोर्टों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेते हुए।**

## एक नजर

### ताइवान फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 12-13 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ताइवान के संस्कृति मंत्रालय और भारत में ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित 2025 ताइवान फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 12-13 दिसंबर 2025 को पीवीआर प्रिया सिनेमा, वसंत विहार में किया जाएगा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह, फिल्म स्क्रीनिंग्स और ताइवान तथा भारत से आमंत्रित फिल्मकारों व मेहमानों के साथ पोस्ट-स्क्रीनिंग चर्चा शामिल होंगी, जिसके माध्यम से दोनों देशों के सांस्कृतिक एवं फिल्म संस्थानों के बीच संवाद और भविष्य के सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। इस वर्ष के फिल्म महोत्सव में ताइवान की समकालीन सिनेमा और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने वाली तीन चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण डेमन हंटर्स की विशेष स्क्रीनिंग है, जो पहली ताइवान-भारत सह-निर्मित फीचर फिल्म है।

### कूल 'केशन' पर जाना चाहते हैं इस साल यात्री

**नई दिल्ली।** छुट्टियों का उत्साह शिखर पर है। इस साल भारतीय यात्री साल के अंत में मिलने वाली छुट्टियों को यादगार बनाना चाहते हैं। एशिया पैसिफिक के अग्रणी संपूर्ण क्षेत्रीय अनुभव प्लेटफॉर्म, क्लूक के मुताबिक इस साल यात्री 'कूल'केशन' पर जाना चाहते हैं। यानी वो साल का अंत ठंडे मौसम और सामाजिक रूप से जीवंत अनुभवों के साथ करना चाहते हैं। क्लूक इंडिया और मिडिल ईस्ट के हेड ऑफ मार्केटिंग, शिवम त्यागी ने कहा, "यात्रियों का रूझान बदल रहा है। नए युग के भारतीय सैलानी केवल एक ब्रेक नहीं चाहते हैं, बल्कि वो एक अनुभव चाहते हैं। वो बर्फीले स्थानों पर जाना चाहते हैं, ताकि वो ठंडे मौसम में परिवार के साथ समय बिताते हुए जश्न का आनंद ले सकें। वो नए साल की शुरुआत दिल खुश कर देने वाले अनुभव के साथ करना चाहते हैं।"

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने फर्स्ट वाओ ब्लैक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने आज अपने ग्राहकों के लिए फर्स्ट वाओ! ब्लैक क्रेडिट कार्ड लॉन्च कर दिया है। यह मौजूदा फर्स्ट वाओ! क्रेडिट कार्ड का अपग्रेडेड और फीचर्स से भरपूर वर्जन है, जो फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के साथ सुरक्षित है। इसे प्रीमियम लाभों के साथ सुलभ कीमत पर पेश किया गया है। कार्ड कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय खर्च पर जीरो एफएक्स मार्कअप, डुअल कार्ड (मास्टरकार्ड और रुपे यूपीआई) और यूपीआई खर्च पर रिवॉर्ड्स शामिल हैं। इस बाबत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- क्रेडिट कार्ड्स, फास्टैग और लॉयल्टी, शिरीष भंडारी ने कहा, ष्हमारे पहले फर्स्ट वाओ! वैरिएंट के जवाब ने एक बात साफ कर दी: ग्राहक सरलता और सुलभता चाहते हैं, लेकिन अनुभव और लाभ से समझौता नहीं। फर्स्ट वाओ! ब्लैक हर लिहाज से अपग्रेड, अधिक मूल्य, अधिक यात्रा क्षमता और रोजमर्रा में उपयोग की सुविधा के साथ इसका जवाब है।

### केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को ऋग्वेद की श्रृंखला भेंट की



**नई दिल्ली।** गीता जयंती महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को ऋग्वेद की श्रृंखला भेंट की। 12 पुस्तकों की यह श्रृंखला खंड एक से खंड 12 तक में उपलब्ध है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शेखावत इंद्रप्रस्थ संजीवनी द्वारा गीता जयंती सप्ताह में किए जा रहे कार्यों से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि संस्था ने जिस तरह सरकारी अस्पतालों में जाकर मरीजों को गीता एवं गंगाजल भेंट की है, वह अत्यंत काबिलेतारीफ है। मरीज जिस हालत में अस्पताल में होते हैं, उनके दृष्टिकोण से देखें तो इस पुनीत कार्य ये उन्हें काफी मानसिक शांति मिलती होगी। मंत्री ने कहा कि वेद की धरती पर ऋग्वेद प्राप्त होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर संस्था के सह सचिव राहुल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर नवाजा जाएगा मानवाधिकार अवार्ड से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 10 दिसंबर यानि कि कल को राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा समिति की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनेताओं, मानव अधिकार कार्यकर्ताओं, लेखकों, पत्रकारों, बुद्धीजीवियों, सरकारी अधिकारियों तथा समाज सेवियों को उनकी उपलब्धियों व बेहतर सेवाओं के लिए "मानवाधिकार अवार्ड 2025" से सम्मानित किया जाएगा। अवार्ड प्रदान करने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जमशेद आलम ने आज सोमवार को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी । चौधरी जमशेद आलम ने बताया कि आज समिति की ओर से मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा समिति (आयी एच आर पी सी) की नेशनल बॉडी तथा स्टेट बॉडी में लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई । उत्तम प्रसाद को समिति की राष्ट्रीय टीम में बतौर सलाहकार (एडवाइजर), मोहम्मद नौशाद कुरैशी को नेशनल वाइस चेयरमैन घोषित किया गया इसी प्रकार अमरजीत सिंह तनेजा को दिल्ली स्टेट चेयरमैन , रोमिता नारंग को दिल्ली महिला विंग का चेयरमैन और साध्वी नीलिमानंद को दिल्ली महिला विंग का वाइस चेयरमैन घोषित किया गया इसके अलावा उत्तर प्रदेश काउंसिल के अध्यक्ष के तौर पर अब्दुल्ला पठान की नियुक्ति की भी घोषणा की गई ।



# फोर्टिस हॉस्पिटल ने चलाया ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर हेलमेट सुरक्षा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थ केयर ने पूरे देश में हेलमेट सुरक्षा अभियान चलाया , जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और दोपहिया दुर्घटनाओं से होने वाली रोकने योग्य आपात स्थितियों को कम करना था । यह पहल भारत भर में कई फोर्टिस अस्पतालों में स्थानीय ट्रैफिक पुलिस विभागों के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित की गई। अभियान के तहत दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला, फोर्टिस अस्पताल वसंत कुंज और फोर्टिस अस्पताल शालीमार बाग ख्र ने अपने अस्पतालों के पास भीड़भाड़ वाले ट्रैफिक चौराहों पर बिना हेलमेट पाए गए दोपहिया चालकों को 500 से अधिक ब्रांडेड हेलमेट और फर्स्ट-एड पुस्तिकाएँ वितरित कीं। अस्पताल के पास ज्यादा ट्रैफिक वाले क्षेत्रों में एक विशेष कियोस्क भी लगाया गया ताकि जागरूकता और संवाद आसानी से और प्रभावी तरीके से हो सके। यह पहल फोर्टिस है ना कैंपेन की सोच से जुड़ी है, जिसमें तत्परता, देखभाल और समय पर प्रतिक्रिया पर जोर दिया गया है।

सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को बढ़ावा देकर और अनावश्यक आपात स्थितियों को कम करके, फोर्टिस अपने आप को एक भरोसेमंद हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में मजबूत बनाना चाहता है।




**सीबीएसई चेयरमैन को स्कूली बच्चे आपादा प्रबंधन की जानकारी देते हुए।**

# मेमोरबिलिया 2025 पेश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**YMCA इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी ने ल्डब्।, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में अपना सालाना डिजाइन शो, मेमारबिलिया 2025, सफलतापूर्वक पेश किया। इसमें इंटीरियर डिजाइन, फैशन डिजाइन और फाइन आर्ट्स के स्टूडेंट्स के क्रिएटिव काम को दिखाया गया।

इस साल की थीम ष्180 ष्थी, और इसका फोकस पुराने तरीकों और नजरियों को चुनौती देने, नई सोच और प्रॉब्लम-सॉल्विंग को बढ़ावा देने, बारीक और कई तरह के एक्सप्रेशन बनाने और अलग-अलग मीडियम का इस्तेमाल करने पर था। इस इवेंट में नए आइडिया, नए टैलेंट और पूरे साल स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत का जश्न मनाया गया। हर हिस्सा लेने वाले डिपार्टमेंट ने थीम को अपने खास नजरिए से समझाया, और कई तरह के कॉन्सेप्चुअल और असल क्रिएशन पेश किए जो बदलाव और नए तरीके से सोचने की इस भावना को दिखाते हैं। इस शाम को इंडस्ट्री के जाने-माने दिग्गजों ने शिरकत की, जिन्होंने अपने-अपने फील्ड में नाम कमाया है। फैशन डिजाइनर भरत और रेशमा ग्रोवर ने अपनी मौजूदगी से फैशन डिजाइन शोकेस की शान बढ़ाई।




## सीबीएसई चेयरमैन को स्कूली बच्चों ने दी आपादा प्रबंधन की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के द्वारका स्थित सीबीएसई ऑफिस में एंडोसन समिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर के करीब 800 से अधिक प्रिंसिपल, काउंसलर व स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन नई दिल्ली व वंदना इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 द्वारका के बच्चों द्वारा सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह व सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के ट्रेनिंग की जानकारी दी। समिट के दौरान स्कूली बच्चों ने आपदा प्रबंधन की जानकारी विस्तार में देते हुए ट्रेनिंग के बारे में बताया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने बताया कि ट्रेनिंग लेने से हम किस तरह जान या माल की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों को आपदा प्रबंधन की जानकारी देने का मतलब उन्हें विभिन्न आपदाओं (जैसे बाढ़, भूकंप, आग) के प्रकारों, उनसे बचाव के तरीकों, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी प्रक्रियाओं और आपातकालीन नंबरों के बारे में शिक्षित करना है, ताकि वे खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकें, शांत रहकर सही प्रतिक्रिया दे सकें। आपदा के बाद पुनर्वास में मदद कर सकें, जिसमें स्कूलों में मॉक ड्रिल और पाठ्यक्रम में इसे शामिल करना महत्वपूर्ण है।

# दिल्ली कॉमिक कॉन 2025 सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कॉमिक कॉन के तीन दिन चले जबरदस्त फैनडम का समापन हो गया। एनएसआईसी एग्जिबिशन सेंटर, नई दिल्ली में कॉमिक्स, फिल्मों, गेमिंग और पॉप कल्चर के शौकीन शहरभर से जुटे। मारुति सुजुकी एरीना द्वारा प्रेजेन्टेड, क्रंचीरोल द्वारा पावरड और एंड्रॉयड के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल में इस बार भी 52 हजार से ज्यादा लोगों ने शिरकत की।

कॉमिक क्रिएटर्स और पब्लिशर्स ने भी खास सत्र लिए। चाचा चौधरी, साबू, बिल्लू और पिंकी के क्रिएटर प्रण कुमार शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने वाले प्रण एंटरटेनमेंट ने फैंस को फिर से पुरानी यादों में ले जाया। बुल्सआई प्रेस, जो लोककथाओं और भारतीय मिथक पर आधारित सुपरहीरो कहानियों के लिए जाना जाता है, और अमर चित्र कथा, जो रामायण, महाभारत और लोक कथाओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाती है, दोनों ने ही दर्शकों को नॉस्टैल्जिया और नई जिज्ञासा से भर दिया।

एडिशन के बारे में बात करते हुए नॉडविन गेमिंग के को-फाउंडर और एमडी अक्षत राठी ने कहा, "दिल्ली वह जगह है जहाँ कॉमिक कॉन इंडिया की शुरुआत हुई थी, इसलिए यहाँ लौटना हमेशा बेहद पर्सनल लगता है। कार्यक्रम की सफलता पर बात करते हुए कॉमिक कॉन इंडिया की सीईओ शेफाली जॉनसन ने कहा, सालों में कॉमिक कॉन पॉप कल्चर फैंस के लिए एक सुरक्षित और अपनापन देने वाली जगह बन गया है।

# जोगेन्द्र खट्टर बने आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के प्रधान



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। दिल्ली राज्य की समस्त आर्यसमाजों एवं आर्य संगठनों की केन्द्रीय संस्था आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली राज्य का त्रैवार्षिक निर्वाचन रविवार को आर्यसमाज हनुमान रोड नई दिल्ली के सभागार में संपन्न हुआ। निर्वाचन में संपूर्ण दिल्ली की आर्यसमाजों से पधारे लगभग 350 प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी कृपाल सिंह एवं सह निर्वाचन अधिकारी सुरेश चन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुए इस चुनाव में जोगेन्द्र खट्टर को सर्वसम्मति से प्रधान निर्वाचित घोषित किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने एक स्वर से नव निर्वाचित प्रधान जोगेन्द्र खट्टर को अपनी कार्यकारिणी गठित करने के अधिकारी प्रदान किए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## गाजियाबाद आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संगठन को लेकर विचार विमर्श के लिए बैठक में आगमन हुआ। आगमन पर भाजपा के सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से स्वागत करने के लिए भाजपा के अन्य नेताओं के साथ राष्ट्रीय लोकदल के इन्द्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) सदस्य अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश रविंदर चौहान प्रदेश महासचिव रवींद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

# फ्लैट में लगी आग, मकान मालिक को सुरक्षित बचाया गया

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की डीएलएफ कालोनी स्थित एक फ्लैट में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। सुबह सैर पर निकले लोगों ने धुआं निकलता हुआ देखकर दमकल को सूचना दी और दरवाजा खुलवाकर भीतर सो रहे मकान मालिक को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना में किसी प्रकार की जनहानी नहीं हुई है। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि डीएलएफ कालोनी निवासी



संजीव कुमार दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। सोमवार को वह घर में सो रहे थे। सुबह के समय लोगों ने फ्लैट में से धुआं निकलता हुआ देखकर दमकल को सूचना दी। लोग फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर संजीव कुमार को बाहर निकाला।

मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आग कमरे से शुरू होकर रसोई तक पहुंच गई थी लेकिन गनीमत रही कि आग गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंची, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। राहुल पाल ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है।

## अनियमितता को लेकर सरकारी गल्ले की दुकान का लाइसेंस निरस्त किया

■ जांच टीम को दुकान पर गेहूं और चावल की बोरियों का पूरा लेखा-जोखा भी नहीं मिला, जिससे अनियमितताओं की पुष्टि साबित हुई।

**गाजियाबाद।** राशन कम तौलने को लेकर रसद विभाग ने एक दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया। लोनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत असालतपुर में सरकारी गल्ले की दुकान पर अनियमितता मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उचित दर की दुकान असालतपुर गांव के निवासी उपेंद्र त्यागी द्वारा संचालित की जा रही थी।

उपभोक्ताओं ने उपेंद्र त्यागी पर सरकारी राशन में कटौती करने और निर्धारित मात्रा से कम अनाज देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद विभाग ने जांच शुरू की, जिसमें दुकान संचालक को अनियमितता में लिप्त पाया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने उचित दर विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन विभागीय जांच में पाया गया कि विक्रेता का स्पष्टीकरण गलत था। जांच टीम को दुकान पर गेहूं और चावल की बोरियों का पूरा लेखा-जोखा भी नहीं मिला, जिससे अनियमितताओं की पुष्टि साबित हुई। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने लाइसेंस निरस्त कर दिया।

## राष्ट्रहित के कार्यों में नंबर वन है छाया स्कूल: विनोद वैशाली

■ हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करना हमारे शहर के लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राज चौपला स्थित छाया पब्लिक स्कूल (मोदीनगर मैं यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रस्तावित एसडीजी गोल्स पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सभी सत्रह उद्देश्यों पर विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। इन 17 उद्देश्यों में जीरो हंगर, नो पॉवरटी, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, पानी के नीचे जीवन, सतत शहर और समुदाय, स्वच्छ जल और स्वच्छता आदि विषयों पर दी गई प्रस्तुति अभिभावकों द्वारा सराही गईं।



कार्यक्रम को शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली प्रबंधक अधिराज द्विवेदी, डॉ राजुल द्विवेदी निदेशीका अंबिका गौड द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सभी विषयों पर प्रस्तुति को दशकों में जमकर सराहा और भूरी भूरी प्रशंसा की। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज हमारे शहर का छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर ही नहीं देश में अपना नाम कर रहा है और राष्ट्रवादी सोच से निरंतर नए आयाम लिख रहा है।

हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करना हमारे शहर के लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार वह अपनी सांस्कृतिक विरासत व संस्कारों का सही ज्ञान छाया स्कूल की पाठशाला में होता है मुझे बताते हुए अपार खुशी हो रही है कि इस विद्यालय में शिक्षा सुरक्षा संस्कार और सुविधा बेमिसाल है इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती कुसुम द्विवेदी अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी जी द्वारा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया इस अवसर पर डॉक्टर अरूण त्यागी, रजनी आगा खान, कपिल कुमार, नीलम, अदिति, मीनू, रिंकू आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## उत्तराखंड महोत्सव का शुभारंभ पर निकाली गई श्रीराम शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति पंजी के तत्वाधान में इंदिरापुरम में पांच दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई। उत्तराखंड महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व पर निकाली गई यह श्री राम शोभा यात्रा इंदिरापुरम के मंगल चौक से प्रारंभ हुई, जो इंदिरापुरम क्षेत्र के मुख्य मार्गो से होती हुई, उत्तराखंड महोत्सव मेला स्थल शिप्रा मॉल के ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुई। श्रीराम की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं उत्तराखंड के सांस्कृतिक भजनों पर नृत्य करती झूमती नजर आई, वही शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने अपने हाथों में श्रीराम ध्वज लिए हुए थे और वे जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। श्रीराम शोभायात्रा में उत्तराखंड समाज के साथ अन्य समाज के लोग भी शामिल थे। श्रीराम शोभायात्रा के बाद शिप्रा मॉल के ग्राउंड पर भूमि - पूजन किया गया। समिति



के अध्यक्ष सागर रावत ने श्रीराम शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, वही पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद किया। सागर रावत ने सभी गाजियाबाद के निवासियों को उत्तराखंड महोत्सव मेला 2025 में आकर महोत्सव का आनंद और उत्तराखंड संस्कृति को समृद्ध करने के लिए सहयोग का आग्रह भी किया।

## मोदी शुगर मिल ने सत्र 2024-25 का गन्ने का किसानों को किया पूर्ण भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** सोमवार को मोदी शुगर मिल्स द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2024-2025 का समस्त बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। डीडी कौशिक महाप्रबन्धक (पीआर) ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष 2024-2025 में मिल द्वारा 84 लाख कुन्टल गन्ने की पेराई की गई जिसका कुल देय मूल्य 307 करोड रूपया बकाया था। मिल द्वारा समय समय पर गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है अब केवल 23 करोड रूपया शेष था जो मिल द्वारा किसानों को अदा कर दिया गया है तथा अब वर्तमान सत्र 2025-2026 का गन्ना मूल्य भुगतान प्रारम्भ कर दिया गया है। किसानों द्वारा मिल को सकारात्मक सहयोग प्रदान करने पर सेठ उमेश कुमार मोदी द्वारा धन्यवाद दिया गया तथा उनसे आशा की गयी कि पूर्व की भाँति वो मोदी शुगर मिल्स को अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्रदान करते रहेगें। श्री वेदपाल सिंह मलिक वाईस प्रेसीडेन्ट द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि वो अपने वर्तमान सत्र 2025-26 में अपने गन्ना बॉडिंग के अनुसार साफ, सुथरा एवं अगोला रहित गन्ना मिल को उपलब्ध करायें ताकि गन्ने की रिकवरी उपयुक्त रह सके।

## सीनियर पुरुष वर्ग में शशांक ने पाया पहला स्थान

**गाजियाबाद।** स्पार्टा बैडमिंटन अकादमी में चल रही जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में सोमवार को वेटरंस 30 प्लस और 40 प्लस आयुवर्ग के मुकाबले हुए। 30 प्लस सीनियर पुरुष एकल वर्ग में शशांक पहले, प्रमोद दूसरे और अनिरुद्ध तीसरे स्थान पर रहे। पुरुष डबल्स वर्ग में ओम प्रकाश और रक्षक पहले, जोशुआ और रामप्रसाद दूसरे, देव चौधरी और चौतन्य भारती तीसरे स्थान पर रहे। महिला एकल वर्ग में श्रष्टी सौम्या पहले, भावना दूसरे और खुशी तीसरे स्थान पर रहे। महिला डबल्स वर्ग में रागी और कीरत पहले, अंशिका और भावना दूसरे स्थान पर रहीं। मिक्स डबल वर्ग में रक्षक और काव्या पहले, आकाश और अद्विका दूसरे, कीरत और चौतन्य भारती तीसरे स्थान पर रहे।

# महाशिव पुराण का भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रॉयल किड्स स्कूल, राजनगर सेक्टर-7 में आज अत्यंत भव्य एवं दिव्य रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन अद्वितीय धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की पवित्रता और वैदिक गरिमा इतनी अद्भुत रही कि उपस्थित श्रद्धालुओं के मन भावविभोर हो उठे। 251 श्रद्धालुओं द्वारा 151 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं उनका पूर्ण वैदिक विधि-विधान से अभिषेक। आचार्य पंडित रवि नंदन जी शर्मा एवं उपाचार्य पंडित देवांशु शर्मा के द्वारा शिव महा पुराण में शिवा पार्थिव चिंतामणि प्रयोग किया गया। मातृशक्ति ने विशेष रूप से सभी पूजन सामग्रीख़काला तिल, दूध, दही, घी, बेलपत्र, चावल, गन्ने का रस, नैवेद्य एवं चरणामृत-से भगवान शिव का अभिषेक कर आध्यात्मिक वातावरण को पावन बना दिया

व्यासपीठ से आचार्य कमल नयन शास्त्री जी ने पंचम दिवस की शेष कथा का समापन अत्यंत प्रभावशाली उद्बबोधन के साथ किया। आचार्य जी के दिव्य सत्संग ने पूरे पंडाल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया। इसके उपरांत, रॉयल किड्स स्कूल के HOD तथा समाजसेवी लायन राजेश गर्ग जी ने और उनकी अर्धांगिनी साधना गर्ग जी ने आचार्य कमल नयन शास्त्री एवं ज्योतिषाचार्या दीपाली जी का आदर सहित



सम्मान एवं भेंट प्रदान की। तत्पश्चात मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने भी आचार्य जी को दान-दक्षिणा अर्पित कर उनका सम्मान बढ़र्य सामूहिक हवन, जिसमें सैकड़ों लोगों ने सनातन धर्म की पुराणोक्त विधि और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ समर्पित कीं।

पूरे परिसर में "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठी अध्यात्ममयी वातावरण की अद्भुत छटा देखने योग्य थी। बगलामुखी साधिका एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या दीपाली सक्सेना जी द्वारा श्रद्धालुओं को विशेष रूप से अभिमंत्रित किए हुए रुद्राक्ष प्रदान किए गए।अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करके दिव्य अनुष्ठान का लाभ लिया।आचार्य कमल नयन शास्त्री जी ने अगले समय में भी श्रीमद् भागवत कथा कराने का आश्वासन दिया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस पूरे धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में लायन क्लब के सभी सदस्यों कथा संयोजक लायन राजेश गर्ग, लायन रवि प्रकाश गुप्ता, लायन विजय गर्ग, लायन दीपक अग्रवाल एवं लायन अतुल भूषण ने रॉयल किड्स स्कूल के स्टाफ एवं को-स्टाफ लायन रानू खट्टर, आदि ने विशेष योगदान देकर अद्भुत सहयोग प्रदान किया।

## एसआरएम इंस्टीट्यूट में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली एनसीआर केंपस गाजियाबाद में स्मार्ट इंडिया हेकाथोन 2025 का 8 दिसंबर को संस्थान एसआरएम निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती ममता वेंकटेश, वाइस प्रेसिडेंट और स्टार्टअप इंडिया प्रमुख एवं सम्मानीय अतिथि मो. हित तोमर, समूह निदेशक-प्रौद्योगिकी आइकन संसाधन और प्रौद्योगिकियां, एआईसीटीई के डायरेक्टर अमित दत्ता, कॉलेज के डीन प्रो आरपी महापात्रा एवं डीन आईक्यूएसी



एवं नोडल सेंटर प्रभारी, डॉ. धौम्या भट्ट के द्वारा दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती की पूजा करके और अतिथियों को सम्मानित करके किया गया।

सर्वप्रथम, सभी का स्वागत डीन आइक्यूएसी प्रोफेसर धौम्या भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद को 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025' सॉफ्टवेयर एडिशन के राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले के लिए देश भर के विभिन्न नोडल सेंटरों में से एक के रूप में चुना गया है।

तत्पश्चात, मोहित तोमर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम का वास्तविक उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के टूल्स से समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करना है।

इसके पश्चात, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, स्टार्टअप इंडिया, ममता वेंकटेश ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकार, शिक्षा और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा। यह आयोजन छात्रों को समस्या-समाधान कौशल विक. सित करने का शानदार अवसर प्रदान करता है।

तत्पश्चात भारत के 46 नोडल सेंटर्स पर नेशनल हैकाथॉन का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। वर्चुअल उद्घाटन मे प्रोफेसर डॉक्टर सीतारमण एआईसीटीई के डायरेक्टर ने अलग-अलग राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों का स्वागत करने और उनकी मेजबानी करने के लिए सभी नोडल सेंटर्स का गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, एसबीआई फाउंडेशन के प्रमुख और टीसीएस के चेयरपर्सन भारत सरकार और AICTE को इतने बड़े टेक्निकल कॉम्पिटिशन में योगदान देने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## पीज इन पॉड प्ले स्कूल का वार्षिक खेल दिवस 'खेलन उत्सव 4.0' धूमधाम से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राज नगर एक्सटेंशन स्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित और विश्वसनीय प्ले स्कूल पीज इन पॉड द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल दिवस ख्र "खेलन उत्सव 4.0" का कृष्णा एनक्लेव में अत्यंत उत्साह और जोश के साथ आयोजन किया गया।

इस भव्य आयोजन में 200 से अधिक नन्हें बच्चों ने विभिन्न मजेदार और आयु-उपयुक्त खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की ऊर्जा, आत्मविश्वास और टीमवर्क ने पूरे मैदान का माहौल अत्यंत आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित 300 से अधिक




अभिभावकों ने बच्चों के हौसले को दोगुना कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव त्यागी, पूर्व पार्षद, राज नगर एक्सटेंशन ने स्कूल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि छोटे बच्चों में खेल भावना और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने का यह शानदार प्रयास है। विशेष रूप से, पीज इन पॉड हेड ऑफिस से अंकुर कुमार, प्रीति और शिल्पी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके सम्मान और प्रोत्साहन ने बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ को अत्यंत प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से किया गया, जिसके लिए उनकी प्रशंसा आवश्यक है। स्कूल ने सभी अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने लगातार अपना सहयोग और विश्वास बनाए रखा है।

## चार माह से सफाई की मांग को लेकर नाले में उतरा निवासी

■ लोगों का आरोप है कि करीब चार माह से नगर निगम सफाई कराने का आश्वासन दे रहा है, लेकिन अब तक सफाई नहीं हुई है

**गाजियाबाद।** सूर्या नगर स्थित ब्रज विहार के नाले की करीब चार माह से सफाई नहीं हुई है। नाले में गाद, कागज और पन्नी भारी मात्रा में जमा है। इससे आने वाली दुर्गंध से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। लोगों का आरा. प है कि करीब चार माह से नगर निगम सफाई कराने का आश्वा. सन दे रहा है, लेकिन अब तक सफाई नहीं हुई है।

इस वजह से इलाके में लगातार दुर्गंध फैल रही है। सफाई नहीं होने से परेशान स्थानीय निवासी हेमंत भारद्वाज ने रविवार को नाले में उतरकर निगम के प्रति नाराजगी जताई। उनका कहना है कि नगर निगम ने चार माह पहले नाले की सफाई कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन सफाई नहीं कराई गई।

एक सप्ताह पहले भी नगर निगम से सफाई की मांग की गई थी और चेतावनी दी गई थी कि सफाई न होने पर नाले में उतरकर विरोध जताया जाएगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि शिकायत मिलने पर नाले की सफाई करा दी गई है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। जिसका विषय समाजिक प्रगति को आगे बढाने के लिए दिव्यांग समावेशी समाज को बढ़ावा देना था। इस दिन का उद्देश्य है दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना।

हर साल इस दिन दिव्यांगों के विकास, उनके कल्याण के लिये योजनायें और समाज में उन्हें बराबरी के अवसर मुहैया करने पर गहन विचार विमर्ष किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर संस्थान द्वारा आनंद ट्रेनिंग सेंटर, नंदग्राम में दिव्यांग रोगियों के लिए शिविर लगाया गया जिसमें रोगियों के लिये गतिविधियों की श्रृंखला देखी गई। संस्थान द्वारा आयोजित शिविर



स्थल पर मौखिक स्वच्छता कि जांच की गई और सभी रोगियों को आवश्यक उपचार बताया गया।

अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए दिव्यांग बच्चों के बीच एक ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता कराई गई। ड्राइंग में छात्रों ने बहुत उत्साह और दिल को छूने वाली रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से ब्रशिंग का सही तरीका बताया गया तथा कार्यक्रम का समापन प्रतियोगिता के विज. ेता को पुरस्कार देकर किया गया।

इसके साथ ही संस्थान की डेंटल ओ0पी0डी0 तथा ग्राम गढ़ी नवादा में रोगियों के लिए मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में उपयुक्त जानक. ारी दी गई तथा दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने मे सहयता की। सभी रोगियों को ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से ब्रशिंग का सही तरीका भी बताया गया।

अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने बड़े पुत्र करन व पुत्रवधू श्रीमती अनामिका को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है ।भविष्य में उक्त दोनों के प्रति मेरा व मेरे शेष परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा अपने कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कमल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रामपाल सिंह निवासी मकान नंबर L-16 प्रताप विहार गाजियाबाद।**

# तेज रफ्तार कार ने ली युवक की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तेजरफ्तार कार ने एक परिवार के इकलौते बेटे की जान ले ली, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दोस्त की हालत गंभीर है, जिसे हेडगवार अस्पताल से जीटीबी रेफर किया गया है स गौरतलब है कि जिस कार ने बाइक को टक्कर मारी थी उसका चालक भी घायल हुआ है जबकि कार में सवार एक युवक मौके से भाग खड़ा हुआ।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स मृतक की पहचान शाहबाज (21) के रूप में हुई है वह अपनी मां और दो बहनो के साथ खुरेजी में रहता था, और कार ठीक करने की वर्कशॉप पर काम करता था, वह अपने दोस्त समीर के साथ एक कार ठीक करने के बाद लोनी छोड़ने गया था, कार छोड़ने के बाद जब शाहबाज और समीर बुलेट बाइक से वापस खजुरी जा रहे थे तब कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में एक लाल रंग की स्विफ्ट कार ने उनको पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर की वजह से शाहबाज और समीर गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने शाहबाज को मृत घोषित कर दिया स समीर की गंभीर हालत देखते हुए उसे हेडगवार से जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। कार चालक की पहचान ऋषभ (28) के रूप में हुई है वह संगम विहार का रहने वाला है स ऋषभ को भी चोटे आई है उसका हेडगवार अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि दुर्घटना के समय ऋषभ के साथ जो उसका दूसरा साथी था वह टक्कर के बाद मौके से भाग खड़ा हुआ।

शाहदरा डिस्ट्रिक डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया सोमवार सुबह 4.10 पर कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में एक कार द्वारा एक बाइक को टक्कर मारने की जानकारी मिली थी, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तब एक बुलेट बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली स इस घटना में शाहबाज की मोत हो गयी, जबकि समीर और कार चालक ऋषभ का इलाज चल रहा है, जबकि ऋषभ का साथी मौके से फरार हो गया था स पुलिस ने सम्बंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और कार्रवाई की जा रही है।

## यह नया विज्ञान कब आया कि एक्यूआई अब टेंपरेचर बन गया?: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री के मुख्यमत्री के बयान पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने तीखा कटाक्ष किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहली बात, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह तो स्वीकार कर लिया कि जहां-जहां एक्यूआई मॉनिटर लगे हैं, वहीं पानी का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि दिल्ली के लोगों तक प्रदूषण का सच ना पहुंच पाए। यानी आंकड़ों को छुपाकर "हवा साफ" दिखाने का खेल चल रहा है। दूसरी बात कि यह नया विज्ञान कब आया कि एक्यूआई अब टेंपरेचर बन गया? उधर, ''आप'' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की सीएम रेखा गुप्ता ने खुद्द को एक फिर पप्पू सीएम साबित किया है।

इससे पहले सीएम ने एक्यूआई को एआईक्यू बताया था और अब एक्यूआई को टेम्परेचर बता रही हैं और कह रही हैं कि एक्यूआई किसी भी यंत्र से मापा जा सकता है। सीएम साहिबा, एक्यूआई को लेकर क्या बोल रही हैं। यह शायद उन्हें खुद्द समझ नहीं आ रहा है। दिल्लीवाले सोच रहे थे कि मुख्यमंत्री प्रदूषण कम कर देगी, लेकिन इनको तो यह भी नहीं पता है कि एक्यूआई और टेम्परेचर अलग-अलग चीज है।सोमवार को सौरभ भारद्वाज ने एक्यूआई और टेम्परेचर को एक ही बताने वाले सीएम रेखा गुप्ता के बयान को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया है। उन्होंने वीडियो को बहुत ही व्यंगात्मक तरीके से पेश किया है।

# डेटिंग ऐप के जरिए की धोखाधड़ी युगांडा का नागरिक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने डेटिंग ऐप के जरिए धोखाधड़ी में शामिल युगांडा के नागरिक को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से 22,500/- कैश, 4 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप और जुर्म में इस्तेमाल किए गए 6 डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी 14 एनसीआरपी शिकायतों/मामलों में शामिल पाया गया।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि नई दिल्ली के किशन गढ़ निवासी को एनसीआरपी पोर्टल के जरिए जिले के साइबर थाने में एक शिकायत मिली, जिसमें उसने बताया कि उसे डेटिंग ऐप " से एक लड़की का मोबाइल नंबर मिला। लड़की ने धीरे-धीरे उसका भरोसा जीत लिया और खुद को ब्यूटी-प्रोडक्ट्स कंपनी की एम्प्लॉई बताया। उसने उसे एक धोखाधड़ी वाले "बिजनेस के मौके" का लालच दियाख्रअसम से दो लाख प्रति लीटर का एक रेयर तेल खरीदकर 3.5 लाख रूपये में बेचने का, और तुरंत ज्यादा रिटर्न देने का वादा किया। उस पर भरोसा करके, पीड़ित ने कई बैंक अकाउंट में 1,90,000 रूपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे मिलने के कुछ देर बाद ही, आरोपी ने उसे ब्लॉक कर दिया और गायब हो गया। तेल के बिजनेस समेत पूरी कहानी मनगढ़ंत निकली।

इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन विजय कुमार की देखरेख में एसएचओ साइबर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में टीम ने एडवांस्ड टेक्निकल सर्विलांस, डिजिटल फुटप्रिंट एनालिसिस और मनी-ट्रेल मैपिंग का इस्तेमाल करके, बुराड़ी से 38 साल के युगांडा के नागरिक माइकल इगा को पकड़ा। जुर्म करने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन उसके पास से बरामद किया गया। प्रोटोकॉल के मुताबिक, विदेशी नागरिक के बारे में युगांडा एम्बेसी और थ्त्त्व को जानक. री भेजी गई।पुलिस ने उसके पास से घ्22,500/- कैश, 4 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप और 6 डेबिट कार्ड भी बरामद किए, जिनका इस्तेमाल धोखाधड़ी के पैसे लेने और घुमाने में किया गया था। आरोपी एनसीआरपी पोर्टल से जुड़े 14 साइबर-फ्रॉड मामलों में शामिल पाया गया।पुलिस पूछताछ में, उसने माना कि वह पीड़ितों से ऑनलाइन दोस्ती करने, उन्हें इमा. ेशनली मैनिपुलेट करने और मनगढ़ंत ज्यादा रिटर्न वाली इन्वेस्टमेंट कहानियों के जरिए उन्हें धोखा देने के लिए नकली महिला पहचान बनाता था।पूछताछ के दौरान, आरा. ेपी ने बताया कि वह पीड़ितों को लुभाने के लिए अपनी गर्लफ्रेंड की तस्वीरों का इस्तेमाल करता था। उसने टारगेट तक पहुं. चने के लिए डेटिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई नकली प्रोफाइल बनाए।

# बार काउंसिल चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षण ऐतिहासिक: एडवोकेट जाहिद अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला अधिवक्ताओं के लिए पूरे देश के बार काउंसिल चुनाव में 20% सीट आरक्षित करने का ऐतिहासिक निर्णय दिया है। इसकी शुरुआत बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के चुनाव के उम्मीदवार जाहिद अली एडवोकेट अध्यक्ष जस्टिस फाऊंडेशन ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को महिला अधिवक्ताओं के लिए चुनाव में आरक्षण करने के लिए दिये गये रिप्रजेंटेशन से हुई।

जाहिद अली एडवोकेट एक डेलिगेशन के साथ बार काउंसिल इंडिया के अध्यक्ष से भी मिले लेकिन



कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता साथी शहला चौधरी एडवोकेट को पीटीशनर बनाकर सुप्रीम कोर्ट में रिट पीटीशन दायर की गई। जोकि (1060/2025) है। जिसमें अधिवक्ता जाहिद अली एडवोकेट ने चारू माथुर एडवोकेट अनस चौधरी एडवोकेट के साथ मिलकर इस मामले में पक्ष रखा जिसमें आज सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के विरोध के बावजूद सभी बार काउंसिल के चुनाव में महिला अधिवक्ताओं के लिए सीट आरक्षित करने का ऐतिहा. सिक निर्णय दिया।

हमारे संवाददाता से बातचीत में जाहिद अली एडवोकेट ने कहा की समाज मे सिर्फ महिला सशक्तिकरण की बात करने से कुछ नहीं होगा जबतक इसके लिए सकारात्मक बदलाव के लिए हर जगह और खासकर सभी प्रभावशाली संस्थानो में महिलाओं का अनुपातिक प्रति. निधित्व नहीं होगा। जाहिद अली एडवोकेट ने माननीय सुप्रीम कोर्ट का और जस्टिस सुर्यकांत और जस्टिस बागची का आभार जताया।

# रॉबरी के मामले में शामिल बीसी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के पहाड़गंज थाने की टीम ने रॉबरी के मामले में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से रॉब कैश का कुछ हिस्सा और शिकायत करने वाले का आधार कार्ड बरामद किया है।आरोपी पहाड़गंज थाने का बीसी है और पहले भी कई मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि 04 दिसंबर को, पहाड़गंज थाने को मुल्तानी ढांडा में 3-4 लोगों द्वारा रॉबरी की एक पीसीआर कॉल मिली थी। पूछताछ करने पर, कॉलर/ शिकायत कर्ता ने बताया कि वह कुछ सामान खरीदने के लिए वैशाली,से सदर बाजार जा रहा था। जब वह मुल्तानी ढांडा में एक एकेडमी के पास पहुंचा, तो भारी ट्रैफिक के कारण उसकी गाड़ी धीमी हो गई। अचानक, एक लड़का आया और उसने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता की गाड़ी से उसका पैर टकरा गया और वह झगड़ा करने लगा। इस बीच, तीन और लड़के उसके साथ आ गए। एक आरोपी ने उसका बायां पैर पकड़ा, दूसरे ने उसका दायां पैर पकड़ा, और भागने से पहले उन्होंने उससे जबरदस्ती 9,900/ रूपये रॉब कर लिए।इस शिकायत के आधार पर पहाड़गंज थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी करोलबाग आशीष कुमार की देखरेख में एसएचओ करोलबाग के नेतृत्व में टीम ने लोकल सोर्स से जानकारी इकट्ठा की, मैनुअल सर्विलांस किया और इलाके के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रॉबरी में शामिल राहुल उर्फ विक्की (40) को पकड़ लिया।

उसकी पर्सनल तलाशी लेने पर, रॉब किय गए पैसे का हिस्सा) और शिकायत करने वाले का आधार कार्ड मिला। आगे की जांच में पता चला कि आरोपी पहाड़गंज थाने का बीसी है और पहले चोरी, लूट और स्नैचिंग समेत अस्सी से ज्यादा क्रिमिनल केस में शामिल रहा है। इस जुर्म में शामिल बाकी आरोपियों की पहचान करने, उन्हें ट्रेस करने और गिरफ्तार करने की और कोशिशें की जा रही हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा व्यवहार को बढ़ावा देने की अपनी राष्ट्रीय पहल को आगे बढ़ाते हुए नई दिल्ली के यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में प्रभावी रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया। इस पहल में 2300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और सुरक्षित ड्राइविंग के जरूरी नियमों को समझा। युवाओं में जागरूक सोच और सार्थक कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इन सत्रों में इंटरएक्टिव लर्निंग गतिविधियाँ शामिल थीं, जो रोजाना आने-जाने के दौरान आने वाली चुनौतियों और सड़क सुरक्षा की व्यावहारिक समझ विकसित करने पर केंद्रित थीं। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने डेमो, चर्चाओं और वास्तविक जीवन की स्थितियों के जरिए सुरक्षित ड्राइविंग की जरूरी आदतों को गहराई से समझा और अपनाया।

## लोहे का गाटर गिरने से मजदूर घायल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सुरजन. नगर रोड पर स्थित कपड़ा मिल में काम रहे मजदून पर लोहे का गाटर गिर गया। जिसमें मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एबुलेंस की मदद से नगर के सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। नगर में शहनाई मैरिज हाल के निकट एक कपड़ा मिल है। जहां पर जनपद बिजनौर के थाना नहटौर निवासी कासिम पुत्र मुनीर अहमद अपने साथी शाहिद सहित अन्य मजदूरों के साथ काम रहा था।

# रेखा गुप्ता सरकार में प्रदूषण स्थिती सुधर रही: भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने 8 फरवरी को ग्रेटर कैलाश से हारने के अगले दिन बेरोजगार नेता जी नामक एक यू. ट्यूब चौनल बनाने की घोषणा की थी पर बाद में उन्हे दिल्ली आम आदमी पार्टी का अध्यक्ष बनाये जाने के बाद लगा था की अब वह मुख्य विपक्ष दल नेता की भूमिका लायक गम्भीरता से काम करेंगे पर खेद है की उन्हे ना दिल्ली की जनता की किसी समस्या का महत्व दिखता है और ना अपने पद की गरिमा का। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की दिल्ली वाले भलीभांति जानते हैं की दिल्ली की गम्भीर प्रदूषण समस्या की प्रमुख कारक अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही है और उसी का परिणाम ष्आपष के सामने गत सप्ताह दिल्ली नगर निगम उपचुनाव में बड़ी हार के रूप में भी आया।

दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण स्थिती में अच्छा सुधार किया है, गत वर्ष 2024 की 8 दिसम्बर को दिल्ली में केजरीवाल सरकार के दौरान 207 से 352 के बीच ए.कयू.आई. था जबकि आज 165 से 307 ए.क्यू.आई. के बीच पंजीकृत किया गया है।दिल्ली की जनता आज सौरभ भारद्वाज जो खुद को खुद ही बेरोजगार नेता जी बता चुके हैं ने अपनी पार्टी के विधायक के साथ जो नाटिका बना कर अपने एक्स पोस्ट से सार्वजनिक की है उसे जारी कर उन्होने अपने को सही में बेरोजगार नेता दर्शा कर हास्य का पात्र बना लिया है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की सौरभ भारद्वाज कुछ समय पहले तक राजनीतिक ब्यानबाजी में ब्लफ मास्टरी करते थे पर दिल्ली की जनता अब उनका मसखरे का रूप देख कर स्तब्ध है।

## दिल्ली पुलिस के पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' ने पूरे किए 200 एपिसोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' ने गर्व से 200 एपिसोड पूरे कर लिए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा की लीडरशिप में हासिल की गई है ।यह पॉडकास्ट दिल्ली पुलिस की सोशल मीडिया टीम ने तैयार किया है। यह एक वीकली पॉडकास्ट है जो दिल्ली पुलिस के जवानों की हिम्मत और पक्के इरादे की कहानियों को बताता है। यह फीचर जनवरी 2022 में शुरू किया गया था, जिसका दोहरा मकसद था: अधिकारियों के डेडिकेशन की तारीफ करना, जिससे उन्हें मोटिवेट किया जा सके और साथ ही दूसरों को भी उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए हिम्मत मिले।

हर एपिसोड दिल्ली पुलिस के जवानों की हिम्मत और पक्के इरादे को बताता है, जिसमें क्राइम से निपटने और कम्युनिटी की सेवा करने में उनकी हिम्मत की अनकही कहानियाँ दिखाई जाती हैं।इन्वेस्टिगेशन की कोशिशों को बताने का शानदार तरीका और इंसानियत भरी कहानियों ने दिल्ली पुलिस की इमेज को बढ़ावा दिया है।गौरतलब है कि पॉडकास्ट का एक नया एपिसोड हर रविवार दोपहर 2 बजे दिल्ली पुलिस के ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाता है, जिसमें पाँच से दस मिनट की छोटी, दिलचस्प कहानियाँ होती हैं।

# वेलकम में पुलिस ने किया लूट की दो घटनाओं का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पुलिस ने लूट की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों घटनाएं 6 दिसंबर को हुई थीं और पुलिस ने शिकायत मिलते ही टीमों को लगाकर कुछ ही घंटों में आरोपी पकड़ लिए।

बरामदगी में मोबाइल फोन, कैश, चाकू और दो मोटरसाइकिल शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक पहली वारदात दोपहर में वेलकम मेट्रो स्टेशन के नीचे हुई थी। पीड़ित अजय शर्मा पैदल जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनका वीवो मोबाइल झपट लिया। भागते समय बदमाशों की मोटरसाइकिल एक ऑटो से टकराई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। दोनों आरोपी बाइक छोड़कर पास के पार्क की तरफ भाग गए। मौके से मिली बाइक के आधार पर इंस्पेक्टर रूपेश खत्री की टीम ने कैलाश नगर के सादिक उर्फ सड्डो और नई सीलमपुर के शाहरुख उर्फ दानिश को दबोच लिया। दोनों के कब्जे से झपटा हुआ मोबाइल फोन मिल गया। पुलिस के अनुसार, शाहरुख आठ आपराधिक मामलों में पहले भी शामिल रह चुका है।

इसी दिन तड़के जनता कॉलोनी के पीली मिट्टी इलाके में डिलीवरी पार्टनर आलोक कुमार से दो बदमाशों ने चाकू दिखाकर बारह सौ रुपये लूट लिए थे। पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों की मदद से एक आरोपी फैजान को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपने साथी का नाम बताया। पुलिस टीम ने कुछ ही घंटों में फरजान उर्फ दानिश को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और बुलेट मोटरसाइकिल मिली।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कैबिनेट मंत्रियों के साथ गुरु की नगरी अमृतसर पहुंची और हरमंदिर साहिब में शीश निवाया और दरबार साहब में शुकराना अदा किया।

## डिलीवरी पार्टनर के साथ हुई थी रॉबरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पुर्वी जिला पुलिस के वेलकम थाने की टीम ने डिलीवरी पार्टनर के साथ रॉबरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और बाइक बरामद की है।

दिल्ली के उत्तरी पुर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 06 दिसंबर की सुबह, वेलकम थाने में रॉबरी की एक घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर जेप्टो डिलीवरी पार्टनर ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने चाकू की नोक पर उससे 1,200/- रॉब कर लिए। जब वे भाग रहे थे, तो पीड़ित ने लोगों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भाग गया।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पकड़े गए आरोपी की पहचान फैजान (20) के तौर पर हुई। लगातार पूछताछ के दौरान, उसने जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथी की पहचान बताई। कुछ ही घंटों में एसएचओ वेलकम रूपेश खत्री के नेतृत्व में टीम ने दूसरे आरोपी फरजान उर्फ दानिश (22 ) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से जुर्म में इस्तेमाल किया गया चाकू और बाइक बरामद की है। वेरिफिकेशन करने पर, आरोपी फरजान उर्फ घ्दानिश पहले भी हत्या की कोशिश के एक मामले में शामिल पाया गया। आगे की जांच जारी है।

# कंटेनर की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत, भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजपार्क इलाके में बीती रात कंटेनर वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका भाई चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने कंटेनर जब्त करके चालक दिलशाद को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजपार्क पुलिस को बीती रात इलाके में कंटेनर की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला समेत दो के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। कंटेनर सडक किनारे खड़ा था। जबकि उसके आगे नीचे की तरफ स्कूटी दबी पड़ी थी। पास ही महिला का कुचला हुआ शव पड़ा था।

## ताजगी भरा अलग अंदाज लाता है 'एकेन बाबू'

**नई दिल्ली।** उस समय जब क्राइम कहानियाँ ज्यादातर हाई-टेक, काली और मनोवैज्ञानिक रूप से गहरी होती जा रही हैं, सोनी सब पर हिंदी डब्ड 'एकेन बाबू' एक ताजा झोंका की तरह आती है। यह सीरीज क्लासिक जासूसी के आकर्षण का जश्न मनाती है और साथ ही इसे आज की दुनिया में दृढ़ता से जड़ें देती है ख्र एक ऐसे जासूस को पेश करती है जो गैजेट्स या खूनी साहस के बजाय बुद्धि, गर्मजोशी और अवलोकन पर ज्यादा भरोसा करता है। अपनी जमीनी कहानी, सांस्कृतिक बारीकियों और दिलचस्प मुख्य किरदार के साथ, 'एकेन बाबू' साबित करता है कि पुरानी-स्कूल की पहेलियाँ आज के मनोरंजन में भी अपनी जगह और ताकत बनाए रखती हैं। एक ऐसा जासूस जो अवलोकन से सुलझाता है, टेक से नहीं डिजिटल फोरेंसिक्स के दौर में भी, 'एकेन बाबू' क्लासिको तर्क-शक्ति को बनाए रखता है। एकेन बाबू की ताकत उसकी तीक्ष्ण पर्यवेक्षण क्षमता है ख्र वह उन छोटी-छोटी बातों को देख लेता है जिन्हें दूसरे अनदेखा कर देते हैं, और यही उसे आधुनिक दुनिया में एक सच्चा पुरानी-स्कूल जासूस बनाती है।

# मुख्यमंत्री कैबिनेट मंत्रियों के साथ गुरु नगरी अमृतसर पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/अमृतसर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ गुरु की नगरी अमृतसर पहुंची और हरमंदिर साहिब में शीश निवाया और दरबार साहब में शुकराना अदा किया। मुख्यमंत्री का मानना है कि गुरु कृपा से ही उनकी सरकार ने पिछले माह दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 'गुरमत समागम' के भव्य व सफल आयोजन किया। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर गुरु साहिब को नमन किया और समागम की हर कार्यक्रम जैसे गुरबाणी कीर्तन, संकीर्तन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अपनी इस धार्मिक यात्रा में पवित्र शहर के दुर्गियाना मंदिर और वाल्मीकि मंदिर के भी दर्शन कर पूजा-अर्चना की और देश व दिल्ली की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि लाल किला पर पिछले माह 23 से 25 नवंबर को तीन दिवसीय 'गुरमत समागम' स्वतंत्र भारत के सबसे भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजनों में एक के रूप में स्थापित हुआ।

इस समागम का संयुक्त आयोजन दिल्ली सरकार एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें छह लाख श्रद्धालुओं ने भागीदारी की, जो एक रेकॉर्ड है। मुख्यमंत्री का कहना है कि लाल लाल किला पर आयोजित 'गुरमत समागम' की अद्भुत सफलता गुरु साहिब की ही कृपा है। विशेषकर उस परिस्थिति में जब आयोजन से कुछ दिन पूर्व ही क्षेत्र में बम विस्फोट की आतंकी घटना से पूरा इलाका सहमा हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु साहिब की कृपा से यह पूरा आयोजन बिना किसी परेशानी के, अत्यंत सुंदर और शांति से सम्पन्न हुआ। इसलिए वह आज पूरी दिल्ली कैबिनेट के साथ यहां श्री हरमंदिर साहिब में गुरु साहिब का "शुकराना" करने आई हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार आने वाले पूरे वर्ष गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के 350वें वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। स्कूलों में बच्चों तक गुरु साहिब की शिक्षाओं और बलिदान की कथा पहुंचाने के लिए विशेष पुस्तकों के प्रकाशन की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश-भर में विभिन्न सरकारों और संस्थाओं द्वारा भी गुरु साहिब के प्रकाश और शहादत पर्व को अत्यंत श्रद्धा से मनाया जा रहा है। यह सभी प्रयास गुरु साहिब की सार्वभौमिक शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब की यात्रा उनके और उनकी पूरी सरकार के लिए केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि गुरु परंपरा के प्रति गहरी श्रद्धा, कृतज्ञता और आभार का भाव है।अपनी इस धार्मिक यात्रा में मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ स्वर्ण मंदिर सदृश दिखने वाले प्रसिद्ध दुर्गियाना मंदिर भी पहुंची। वहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश की खुशहाली के लिए कामना की।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि मंदिर (श्री रामतीर्थ मंदिर) में भी माथा टेका ओर आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी यही कामना है कि भगवान वाल्मीकि जी की कृपा सदैव सब पर बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतसर की इस पवित्र भूमि पर दर्शन करना उनके लिए गहरा आध्यात्मिक अनुभव है। अमृतसर हर रूप में आस्था और ऊर्जा की नगरी है। गुरु की बड़ी कृपा है कि हमें दिल्ली की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।

# सरेआम बाजार में युवक की चाकू घोपकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शकरपुर इलाके में रविवार शाम 22 वर्षीय युवक देव की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बेखौफ आरोपी मौके से फरार हो गया। शकरपुर थाना पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़ लिया है जो नाबालिग है। आरोपी ने 1 साल पहले भी इसी इलाके में अपने ही एक दोस्त की चाकू घोपकर इसलिए हत्या कर दी थी कि उसने मोबाइल खरीदने के बाद पार्टी देने से इनकार कर दिया था। मृतक युवक देव कुमार शकरपुर इलाके का रहने वाला था और घर के पास में ही परचून की दुकान चलाता था। देव के भाई अंकित ने बताया कि वह रविवार शाम व कुछ खरीदारी करने के लिए गए थे तभी किसी ने फोन कर बताया कि उसके भाई को चाकू मार दिए हैं। वह तुरंत मौके पर पहुंचे घटनास्थल पर चारों तरफ खून बिखरा हुआ था, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि उनके भाई को अस्पताल ले जाया जा चुका है । वह तुरंत अस्पताल पहुंचे तब तक उसके भाई की मौत हो चुकी थी।

मृतक के भाई अंकित ने बताया कि उनके भाई की इलाके में ही रहने वाले एक लडके ने चाकू मारकर हत्या की है। आरोपी पहले भी इलाके में रहने वाले अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर अपने ही एक दोस्त को इसलिए चाकू मार दिया था क्योंकि उसने उसे मोबाइल खरीदने के बाद पार्टी नहीं दी थी उसे पकड़ लिया गया था लेकिन नाबालिग होने के कारण जमानत पर छूट कर जल्द ही बाहर आ गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला स पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को एंबुलेंस में लेकर विकास मार्ग पहुंचे और सडक पर जाम लगा दिया।

गुस्से में भरे परिजनों ने एंबुलेंस से शव निकालकर सडक पर रखने की कोशिश की, लेकिन मौके पर पहुंची भारी पुलिस बल ने ऐसा होने से रोक दिया और समझा- बुझाकर जाम को खुलवाया। परिजनो ने कहा बालिग की तरह चले मुकदमा परिजनों का कहना था कि आरोपी इलाके में पहले भी हत्या कर चुका है, बावजूद इसके वह खुलेआम घूमता रहा और अब उसने एक और जान ले ली उन्होंने मांग की कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उसके खिलाफ बालिग के तौर पर मुक. दमा चलाया जाए, ताकि कोई और उसकी हैवानियत का शिकार न बने।

डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि सूचना मिलते ही शकरपुर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी को पकड़ लिया गया है वह नाबालिग है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# ढाई करोड़ की स्मैक के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहारनपुर परिक्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर के अंतर्गत थाना झिंझाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 263 ग्राम स्मैक, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 52 लाख 60 हजार रूपए बताई जा रही है, बरामद की है।



सोमवार को शहर के पुलिस लाईन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत बडी कार्यवाही की गई। झिंझाना पुलिस ने गत 7 दिसंबर की रात्रि को ग्राम अगड़ीपुर जाने वाले रास्ते पर बंद पड़े क्रेशर के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सरफराज उर्फ धौला पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम घाटमपुर, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से स्मैक के साथ-साथ एक पिठू बैग, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा 50 पारदर्शी पिन्नी पाउच भी बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि बरामद स्मैक की जाचं करने पर पता चला कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उक्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 52 लाख 60 हजार रूपए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना झिंझाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। साथ ही अभियुक्त के मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के संबंध में अग्रिम जांच की जा रही है। सरफराज ने बताया कि वह अपने साथी साबिर पुत्र कौशर निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान, थाना कैराना, जनपद शामली के साथ जनपद बरेली गया था, जहां से उसने गुड्डू नामक व्यक्ति से स्मैक खरीदी थी।

## 20 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी रोकथाम के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान हऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर के तहत कैराना पुलिसको बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 102 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रूपए बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व में जनपद में नशा विरोधी अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कैराना पुलिस ने ग्राम मण्डावर निवासी इनाम पुत्र सीदा को दबिश देकर पकड़ा। उसके कब्जे से 102 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 772/25, धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाले जा रहे हैं, ताकि तस्करी नेटवर्क का पूरी तरह पर्दाफाश किया जा सके और उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जा सके। पुलिस ने आम जनता से नशा उन्मूलन अभियान में सहयोग की अपील की है। पुलिस ने कहा कि नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ते हुए जनपद को नशामुक्त बनाने में सभी नागरिक सहभागी बनें।

# विद्युत पोल पर लगी भीषण आग, हड़कंप मचा, कॉलोनी की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की जन्नत कॉलोनी में सोमवार शाम उस समय दहशत का माहौल बन गया जब एक विद्युत पोल पर लगे प्लास्टिक बॉक्स में अचानक भीषण आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बॉक्स के अंदर मौजूद तारों में अचानक तेज चिंगारी उठी, जिसके कुछ ही ही क्षण बाद आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते बॉक्स धू-धूकर जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।आग बढ़ते ही प्लास्टिक बॉक्स और विद्युत तार जलकर नीचे जमीन पर गिर पड़े, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।



मौहल्ले के लोगों ने बिजलीघर पर फोन कर कर्मचारियों को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन साथ ही बिजली गुल होने से क्षेत्र की परेशानी भी बढ़ गई। अचानक बिजली कट जाने के कारण दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गई।सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बॉक्स व जले हुए तारों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू किया। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि आग तारों में शॉर्ट सर्किट होने से लगी।

# भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल एथलेटिक का भव्य शुभारंभ

## एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने मशाल प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता सबका दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को एनुअल एथलेटिक मीट का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन शामली के पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पारंपरिक रूप से मशाल प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया।





नेशनल हाइवे पर स्थित भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव 8 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्कूल के चार हाउसकृजुपिटर, अर्थ, वीनस और मर्करीकृआपसी मुकाबलों में प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह से ही खेल मैदान में बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। एथलेटिक मीट के अंतर्गत बैडमिंटन, रेस, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बच्चों की तैयारी, अनुशासन और खेल भावना ने पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया। मुख्य अतिथि एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह मेरा सौभाग्य है कि व्यस्तताओं के बीच मुझे बच्चों का हौसला बढ़ाने का अवसर मिला। आप सभी को देखकर मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ गए। हमें भी आपकी तरह खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना पसंद था। मुझे भरोसा है कि आप मेहनत और अनुशासन के दम पर सफल नागरिक बनेंगे और देश व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। उनके संबोधन ने बच्चों में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। स्कूल के चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अधिक अभ्यास करने और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में स्कूल निदेशक फैसल कुरैशी, सचिव मुशब कुरैशी, भास्कर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल अमितेश भारद्वाज और भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल नौशाद अली भी मौजूद रहे।खेल महोत्सव के पहले दिन से ही रोमांच और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना हुआ है। आने वाले दिनों में होने वाली महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं को लेकर छात्रों और अभिभावकों में उत्सुकता बनी हुई है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के अलीपुर रोड पर शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की हालत गंभीर हो गई। पीछे से तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके दोनों पैर टूट गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पीड़ित के पुत्र आदर्श की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आलकलां निवासी आदर्श ने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह करीब 9रू50 बजे उनके पिता अलीपुर रोड स्थित अपनी फर्नीचर की दुकान से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान अलीपुर की ओर से तेजी व लापरवाही से आ रही कार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों पैर टूट गए।राहगीरों की मदद से घायल बुजुर्ग को कैराना सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी चालक टक्कर मारने के बाद बिना रुके कार लेकर फरार हो गया। घटना से परिवार में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित के बेटे ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी चालक की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पुलिस ने साइबर ठगी में गए पैसे वापस दिलाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मोहल्ला साजिद नगर निवासी सायमा के बैंक खाते से 28 जून को अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से 13,500 रूपए की ठगी कर ली गई थी। जिसमे पुलिस ने 85 सौ रूपए वापिस कराए। धन वापसी मिलने पर आवेदिका सायमा ने उच्चाधिकारियों एवं साइबर सेवा केन्द्र टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांगों को कराया करनाल का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत महानिदेशक एवं राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ समग्र शिक्षा के आदेशों के क्रम में दिव्यांग बच्चों के एक्सपोजर विजिट कराए जाने की निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 08ध्12ध्2025 को दिव्यांग बच्चों को ऐतिहासिक नगरी करनाल हरियाणा का भ्रमण कराया गया। जिसमें जनपद के समस्त विकास क्षेत्र के 150 दिव्यांग बच्चों तथा पीएम विद्यालय के 120 बच्चों को करनाल के राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान का भ्रमण कराया गया। दिव्यांग बच्चों के साथ बच्चों के अभिभावक, एवं प्रत्एक विकासखंड के पांच- पांच अध्यापक, जनपद में कार्यरत 11 स्पेशल एजुकेटर आदि उपस्थित रहे।एक्सपोजर विजिट का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मती लता राठौर जी के द्वारा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।करनाल के राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में बच्चों को कृषि विज्ञान से संबंधित अनेक बिंद. ओं एवं नवीन अनुसंधानों के विषय में बताया गया। पशुओं और कृषि क्षेत्र के अंतर्गत दुग्ध उत्पादों की किस्मों और पशुधन के रख रखाव के बारे जानक. ारी प्रदान की गई। करनाल के सौ साल पुराने एन डी आर आई को विश्व स्तरीय डेयरी अनुसंधान एवं शोध के क्षेत्र के लिए जाना जाता है। यह वैज्ञानिकों द्वारा कृषि क्षेत्रों में नवीनतम शोधों के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर राहुल कुमार जिला समन्वयक निर्माण, सुशील कुमार जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, जितेंद्र कुमार जिला समन्वयक मिड डे मील, शोभित मलिक, भोला कुमार, सुनील कुमार एस आर जी, सचिन कुमार ल्ळ, सचिन कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर, सचिन कुमार जिला व्यायाम शिक्षक, आनंद पाल, मति रेशमा, मती मुनेश मलिक, मती पूजा ए आर पी, मती अलका शर्मा ए आर पी, मती वंदना और का भ्रमण दिव्यांग बच्चों के साथ बच्चों के अभिभावक, एवं प्रत्एक विकासखंड के पांच- पांच अध्यापक, जनपद में कार्यरत 11 स्पेशल एजुकेटर एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं भी एक्सपोजर विजिट में उपस्थित रहें।





## एक नजर

### नशे का सौदागर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया, पुलिस ने कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने नशे के खिलाफ ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर विशेष अभियान चला रखा है। रविवार की देर रात पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग रजवाहे पर मादक पदार्थ तस्कर मादक पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार तेवतिया पुलिस टीम सहित मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेरा. बंदी करते हुए एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम सालिम पुत्र मीनू निवासी सलेमपुर मार्ग कांधला बताया। पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 400 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

### बाइक की चपेट में आई मासूम, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू रोड पर तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से नो वर्षीय मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा.तफरी मच गई। राहगीरों और मोहल्लेवासियों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए बच्ची को निजी चिकित्सालय पहुंचाया तथा परिजनों को सूचना दी।सोमवार को गंगेरू रोड निवासी उमरदीन की नो वर्षीय बेटी शबनम अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी। इसी दौरान गंगेरू की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लेकिन घटना के तुरंत बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। मोहल्लेवासियों ने राहगीरों की मदद से घायल बच्ची को तुरंत कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना घायल बालिका के परिजनों को दी।समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

### 13 दिसम्बर को लगेगी लोक अदालत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता सुरेन्द्र कुमार राय, अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, शामली, आंचल कसाना, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, रजत गर्ग, गुलफाम, सोनू, सन्दीप राम फाईनेस्स, बाल मुकन्द (शिवालिक बैंक), शामली आदि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

### कुशांक चौहान को बनाया सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गठित राज्य सलाहकार बोर्ड में जनपद शामली के कांधला निवासी समाजसेवी कुशांक चौहान को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस संबंध में दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-3 द्वारा सोमवार को आधिक. ारिक रूप से सूचना जारी की गई है। शासन स्तर पर नामनिर्दिष्ट सदस्यों के स्थान पर नए सदस्यों की नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई है। इसी क्रम में कुशांक चौहान को राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। बताया गया कि वे लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं और विशेष रूप से दिव्यांगजनों के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही जनपद शामली सहित कांधला क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने उनके चयन का स्वागत करते हुए इसे जनपद के लिए गौरव का विषय बताया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कुशांक चौहान ने कहा कि पार्टी और राज्य सलाहकार बोर्ड ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। दिव्यागों के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा।

# जियो पॉलिटिक्स पर सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनता वैदिक कॉलेज, वीवी पीजी कॉलेज शामली एवं इंडियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के वीवी पीजी कॉलेज में जियो पॉलिटिक्स इन सार्क विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में देशभर से आए विद्वानों ने सार्क देशों की वर्तमान स्थिति, भारत की भूमिका और क्षेत्रीय राजनीति पर गहन विचार-विमर्श किया।





कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। छात्रा तनु धीमान ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कुलपति प्रो. आरएस यादव, इंडियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं मेरठ विश्व. विद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा, मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजीव चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता वैदिक कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र प्रताप चौधरी ने की।

कार्यक्रम संयोजक डॉ। प्रताप सरोहा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध अत्यंत संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद भारत के लिए सार्क का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत की विद. ेश नीति अब पहले से अधिक यथार्थवादी दिखाई दे रही है। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. आरएस यादव ने सार्क की स्थापना, उसकी उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सार्क देशों में आपसी सामंजस्य का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। जब तक यह दूर नहीं होगा, तब तक संगठन अपने उद्देश्य में पूर्णत: सफल नहीं हो सकता।

प्रो. संजीव शर्मा ने सार्क देशों में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के सभी पड़ोसी देशों में चीन तकनीक, हथियार और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जो भारत के लिए संवेदनशील विषय है। उन्होंने भारत को शिक्षा, संस्कृति और योग जैसे क्षेत्रों में अपनी भूमिका मजबूत करने का सुझाव दिया। मां शाकंभरी विश्व. विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजीव चौधरी ने कहा कि सार्क संगठन अपनी प्रासंगिकता धीरे-धीरे खो रहा है, क्योंकि सदस्य देश अनेक अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से जुड़े हुए हैं, जिसके कारण साझा रणनीति का अभाव दिखाई देता है। इस अवसर पर प्रो. प्रतीत कुमार, प्रोफेसर जेके सरोहा, असिस्टेंट प्रोफेसर मुनेश कुमार, प्रो. सुधीर कुमार मौजूद रहे।

# बिना शटडाउन लाइन पर चढ़ा संविदा लाइनमैन, झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थाना भवन।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक खंबे पर चढ़े संविदा विद्युत लाइनमैन करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया।मिली जानकारी के अनुसार संविदा लाइनमैन बिजेंद्र पुत्र जयपाल, निवासी गांव लतीफगढ़, बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था इसी दौरान अचानक करंट प्रवाहित होने से उसके कपड़ों में आग लग गई जिससे उसकी पीठ बुरी तरह झुलस गई। साथी कर्मचारि ने आनन-फानन में बिजली घर में फोन कर विद्युत बंद करवाई उसे जुलसे से लाइनमैन को इलाज के लिए थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।सीएचसी के डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। लेकिन परि. जनों की सहमति से घायल लाइनमैन को बेहतर उपचार के लिए गंगदासपुर, जनपद मुजफ्फरनगर ले जाया गया है।इस मामले में थाना भवन विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ बिजेंद्र कुमार ने बताया कि लाइनमैन बिना शटडाउन लिए ही लाइन पर चढ़ गया था, जिससे हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि इस घटना की स्थानीय विभागीय स्तर पर जांच कराई जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।घटना के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों में भी शोक और चिंता का माहौल है।

## चोरों ने साफ किया ई-रिक्शा

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सती मंदिर रोड से चोरों ने ई-रिक्शा को चोरी कर लिया। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। चोर सीसीटीवी कैमरों में आने के बावजूद पुलिस अभी तक पकडने में नाकाम है। शहर कोतवाली क्षेत्र के सती मंदिर रोड निवासी रजनीश पुत्र सुरेंद्र सिंह गत शनिवार को अपनी ई-रिक्शा को खडी कर घर में गया था। बताया जाता है कि सवेरे करीब साढे 11 बजे के लगभग दो चोरों ने उसके घर के बाहर खडी ई-रिक्शा को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता चला तो पीडित ने चोरों की तलाश की और पुलिस को मामले की सूचना दी। पीडित ने बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए है, लेकिन पुलिस उसकी रिक्शा को बरामद नही कर सकी है।

# विदेश भेजने के नाम पर रकम वसूली, मारपीट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के दो युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर कुवैत भेजे जाने के बाद उनके साथ मारपीट किए जाने और अकामा न देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिजनों ने थाना भवन पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

मोहल्ला बंदागढ़ निवासी नसीम ने दी तहरीर में बताया कि कस्बा निवासी समीर ने उसके पुत्र शाकिर तथा पड़ोसी सलीम को विदेश में अच्छी नौकरी देने का झांसा दिया। इस बहाने दोनों से मोटी रकम ली गई और उन्हें कुवैत भेज दिया गया। पीड़ितों के कुवैत पहुंचने के बाद पता चला कि आरोपियों ने उनका अकामा वीजा तक नहीं बनवाया। जब शाकिर और सलीम ने समीर से अकामा दिलाने की मांग की, तो आरोप है कि समीर व उसके साथियों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट की।

स्थिति बिगड़ने पर पीड़ितों ने इसकी शिकायत भारत में अपने परिवार वालों को दी। परिजनों द्वारा थाने में तहरीर देने के बाद आरो. पियों ने कुवैत में मौजूद दोनों युवकों पर और दबाव बनाया तथा मारपीट करते हुए उन्हें कमरे से बाहर निकाल दिया, जिससे दोनों को रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उधर क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। कुछ दिनों पूर्व भी जलालाबाद क्षेत्र से ऐसा ही मामला सामने आया था। पीड़ितों का कहना है कि ऐसे दलाल लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगते हैं और जब शिकायत की जाती है तो ए लोग जान के दुश्मन बन जाते हैं।

नसीम की तहरीर पर थाना भवन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोप है कि आरोपी पक्ष मामले में समझौता कराने के लिए पीड़ित परिवार पर दबाव बना रहा है।

# गैंगस्टर में दोषी सुंदर भाटी सहित 10 को नौ-नौ वर्ष की सजा

## सजा पूरी कर चुके आठ दोषियों को किया रिहा, दो को जेल भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जिले की कासना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक अहम मामले में जिला न्यायालय ने कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी सहित 10 आरोपियों को 9-9 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सजा पाए दोषियों में सुंदर भाटी, सिंहराज, विकास पंडित, योगेश, ऋषिपाल, बॉबी उर्फ शेरसिंह, सोनू, यतेन्द्र चौधरी, अनूप भाटी और दिनेश भाटी शामिल हैं। हालांकि सिंहराज और ऋषिपाल को छोड़कर बाकी आठ दोषी अपनी घोषित सजा से अधिक अवधि जेल में बिताने के कारण रिहा कर दिए गए, जबकि सिंहराज और ऋषिपाल को शेष सजा पूरी करने के जेल भेजा गया है।

मामला 8 फरवरी 2015 का है। नियाना गांव में एक शादी समारोह से लौटते समय दादूपुर के ग्राम प्रधान और सपा नेता हरेंद्र नागर तथा उनके सरकारी गनर भूदेव शर्मा पर जानलेवा हमला हुआ था। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बदमाशों में से एक जतिन खत्री भी ढेर हो गया था। आरोप लगा था कि हरेंद्र नागर और सुंदर भाटी के बीच सरिया चोरी, फैक्टरी स्क्रैप और पानी सप्लाई को लेकर पुरानी रंजिश थी। वर्चस्व की इस लड़ाई के चलते ही हत्या की सुपारी दी गई थी। इसी प्रकरण में सुंदर भाटी समेत 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अप्रैल 2021 में इसी हत्याकांड में अदालत ने सुंदर भाटी सहित 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट में अपील लंबित है। अक्तूबर 2024 में उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट से जमानत मिली थी, जिसके बाद वह दिल्ली में रहने लगा।

पुलिस की ओर से आरोपपत्र दाखिल होने के बाद दोनों पक्षों की बहस चली। अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए दिनदहाड़े हत्याएं करते रहे हैं, इसलिए अधिकतम सजा जरूरी है। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अधिकांश आरोपी पहले ही अधिकतम सजा काट चुके हैं, इसलिए उन्हें रिहा किया जाए। अदालत ने सभी पहलुओं पर विचार करते हुए यह फैसला सुनाया।

**तीन दशक का खौफनाक आपराधिक साम्राज्य है सुंदर भाटी का:** दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी के अपराध जगत में सुंदर भाटी का नाम 30 वर्षों से खौफ की तरह लिया जाता रहा है।

कभी बुलंदशहर का एक ट्रांसपोर्ट ठेकेदार रहा भाटी राजनीति में बढ़ते संपर्कों के बाद सुपारी किलिंग, रंगदारी और वर्चस्व वाली दुनिया में उतर गया। 2015 में गौतमबुद्धनगर जेल के अंदर अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ पुरस्कार वितरण का उसका वायरल फोटो राजनीति और अपराध जगत में उसकी गहरी पहुंच का प्रमाण माना गया था। उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के कारण उसका कद तेजी से बढ़ा। आरोप लगा कि सत्ता की राह में आए साथी नरेश भाटी (जिला पंचायत चेयरमैन) की भी उसने हत्या कराई थी। सुंदर भाटी गैंग का मुख्य नेटवर्क रंगदारी वसूली, सुपारी किलिंग, फैक्टरी स्क्रैप और सरिया चोरी, ठेकेदारी पर कब्जा. जमीन व कारोबारी विवादों में दबंगई है?

पूर्वांचल की कई चर्चित हत्याओं में भी इस गिरोह का नाम सामने आया। प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में अतीक अहमद और अशरफ की हत्या में भी भाटी का नाम उछला था। चर्चा थी कि हथियार उसकी ओर से पहुंचाए गए, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। वह यूपी पुलिस द्वारा तैयार की गई 65 माफियाओं की सूची में सुंदर भाटी का नाम शामिल है।

इसमें सिंहराज भाटी, अमित कसाना, अनिल भाटी, रणदीप भाटी, मनोज आसे भी शामिल हैं। गाजियाबाद के कुख्यात अनिल दुजाना को एसटीएफ 2023 में मुठभेड़ में मार चुकी है। वर्तमान में गौतमबुद्धनगर से छह सक्रिय माफिया सूची में हैं।

**जेल से रिहाई के बाद वर्चस्व की जंग तेज होने की जगी थी आशंका:** सुंदर भाटी के जेल से बाहर आने के बाद से वेस्ट यूपी में वर्चस्व और बदले की लड़ाई की आहट तेज हो गई थी। नोएडा में स्क्रैप और सरिया के कारोबार पर कब्जे की जंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। 2023 में प्रतिद्वंदी माफिया अनिल दुजाना के मारे जाने के बाद आरोप लगा था कि सुंदर भाटी का इलाके में प्रभाव बढ़ गया है। इसी दौरान सपा नेता हरेंद्र नागर के भाई रवि काना पर नोएडा पुलिस का शि. कंजा कसा और उसे जेल जाना पड़ा। उसकी संपत्तियों को भी गैंगस्टर में जब्त किया गया था। पुलिस लगातार सुंदर भाटी गैंग की गतिविधियों पर निगरानी रख रही थी, इसके बावजूद उसे कई बार जिले में शादी समारोहों में देखा गया। लेकिन आरोपी की अबतक कोई आपराधिक गतिविधि में शामिल होने की भूमिका नहीं मिली थी।

# 163 रेस्त्रां में पब और बार की जांच शुरू

## गोवा हादसे के बाद चलाया अभियान बिजली, फायर और आबकारी की बनी टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गोवा के नाइट क्लब में हुए दर्दनाक हादसे के बाद नोएडा के रेस्टोरेंट , पब और बार में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर ने बिजली, फायर और आबकारी विभाग की टीम बनाई है।

ये टीम नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बॉर और पब की जांच कर रही है। अल्टीमेटम दिया जा रहा है कि जो भी कमियां है उसे तत्काल ठीक करा लिया जाए। क्षमता के अनुसार ही पब बार और रेस्टोरेंट में लोगों का प्रवेश दिया जाएगा।

शहर में 163 रेस्त्रां बार है। यहां फायर विभाग की टीम ने फाइटिंग इक्विपमेंट्स, रेस्त्रां बार की एंट्री और एग्जिट की जांच की जांच कर रही है। बार की छब्ब की जांच के साथ इलेक्ट्रिक वायरिंग भी देखी जा रही है। सीएफओ प्रदीप चौबे का कहा कि यहां टेंट में बार संचालन की अनुमति नहीं, नियमों की अनदेखी मिलने वालों को नोटिस भेजा जाएगा।

**लापरवाही मिलने पर लाइसेंस होगा कैंसिल:** हीला. हवाली करने वाले संचालकों के बार लाइसेंस निरस्तीकरण की भी कार्रवाई की जाएगी

25 दिसंबर और 1 जनवरी के जश्न से पहले सभी को जागरूक किया जा रहा। इलेक्ट्रिक फायर क्रेकर्स का इस्तेमाल न करें इसको लेकर बार संचालकों से बात की जाएगी। फिलहाल ये अभियान लगातार जारी रहेगा। ताकि गोवा जैसी घटना से बचा जा सके।

# नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण का डेटा बेस तैयार कर रहा

## भू-माफियाओं के नाम होंगे ऑनलाइन, 2000 करोड़ की जमीन करा चुके खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण का दो तरह का डेटा बेस तैयार कर रहा है। एक वो जिसमें वर्तमान में अवैध निर्माण की क्या स्थिति है। जमीन पर निर्माण की फोटो, कितना निर्माण हो चुका है। जमीन का प्राधिकरण में लैंडयूज क्या है। जबकि दूसरा डेटा वो जिसके तहत प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि ये जमीन प्राधिकरण की है। इन दोनों डेटा बेस को ऑनलाइन किया जाएगा। ताकि नोएडा निवासी जमीन खरीद फरोख्त में ठगी का शिकार न हो।

नोएडा में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण हो चुका है। अकेले सलारपुर में ही कई हाराइज इमारत है। लगातार प्राधिकरण इन पर नोटिस लगा रहा है। बावजूद इसके बन चुके फ्लैटों में लोग निवेश कर रहे है। जबकि इन पर एक्शन लिया जाएगा। ऐसे में प्राधिकरण ऑनलाइन डेटा जारी करेगा। जिससे लोगों को पता चल सके कि वो सही जमीन या फ्लैट में निवेश कर रहे है या नहीं।

**2000 करोड़ से ज्यादा की जमीन करा चुके खाली:** बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 23.23 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

इस जमीन की लागत 2171 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 100 से ज्यादा शिकायत दी गई। जिसमें पुलिस स्तर से जांच की जा रही है।

**सीपी तक जाएगी एक कॉपी:** प्राधिकरण ने बताया कि अवैध निर्माण से संबंधित जो भी एक्शन लिया जाएगा। उस एक्शन की एक कॉपी पुलिस कमिश्नर के पास भी भेजी जाएगी। दरअसल शिकायत करने के बाद कई दिनों तक विभागीय एक्शन नहीं हो पता है। ऐसे में अवैध निर्माण तोड़ने की जानकारी और उसने लिप्त लोगों के एफआईआर संबंधित एक कापी प्राधिकरण सीपी को भी देगा।

**भू-माफियाओं को किया जाएगा ऑनलाइन:** प्राधिकरण अब भू माफियाओं के नाम भी सामने लेकर आएगा। इन सभी के नाम भी जल्द ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके अलावा जिन लोगों को भू माफियाओं घोषित करने की फाइल डीएम को प्रेषित की जा चुकी है वहां पत्राचार किया जाएगा। ताकि उनके नामों को भी ऑनलाइन कर आम पब्लिक को जानकारी दी सके।

# नोएडा प्राधिकरण निर्माण कंपनी पर लगाएगा 10 करोड़ का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बन रहे चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण में कुछ महीने पहले निर्माण एजेंसी ने घटिया गुणवत्ता की स्टील का इस्तेमाल किया। नोएडा प्राधिकरण ने स्टील नहीं बदलने पर अब एजेंसी पर 10 करोड़ रुपए जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। परियोजना का अब तक 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि की जुर्माना लगाने की प्रक्रिया की जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण ने बतौर 10 करोड़ रुपए लगाई जाने वाली धनराशि परियोजना के भुगतान में रोक ली है। इसके अलावा अब निर्माण में लगने वाली स्टील तय कंपनियों की ही लगाई जाएंगी। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि यह स्पष्ट कर दिया गया है कि मानकों के अनुरूप चिह्नित कंपनियों के अलावा किसी दूसरी कंपनी की स्टील एलिवेटेड रोड के निर्माण में नहीं लगाने दी जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्यों में तीन स्टील की कंपनियों का चयन कर रखा है। इन कंपनियों में सेल, जिंदल समेत एक अन्य कंपनी है। पूर्व में सेतु निगम ने इन कंपनियों से अलग एक छोटी और कम प्रचारित कंपनी की स्टील को एलिवेटेड रोड के लिए बनाए जा रहे पिलर में इस्तेमाल कर लिया। इसको लेकर प्राधिकरण का पक्ष है कि यह स्टील स्वीकृत मानकों से निम्न है।

## एक नजर

### पूर्व केंद्रीय मंत्री की माता जी की शोक सभा में हुए राजनीतिक दल



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सोमवार को डा. महेश शर्मा, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार की माताजी ललिता शर्मा की शोक सभा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा अध्यक्ष, उ.प्र. भूपेन्द्र चौधरी, सांसद जगदम्बिका पाल, दिनेश, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, माननीय एमएलसी श्रीचंद शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, विधायक दादरी, तेजपाल नागर, विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज, माननीय विधायक खुर्जा मीनाक्षी, डायरेक्टर टीवी.9 हेमन्त शर्मा जी, चेयरमैन यूफ्लेक्स अशोक चतुर्वेदी जी, स्वामी यत्यात्मानंद गिरी महाराज जी, शनि धाम दाती जी महाराज, के.सी त्यागी एवं हजारों की संख्या में आए गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं साथ विभिन्न सामाजिक सस्थाओं के प्रतिनिध भी उपस्थित रहे।

### 16वें फ्लोर से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला 16वें फ्लोर से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिवार की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं दी गई है। महिला प्रियंका तिवारी पति के साथ नोएडा के सेक्टर-74 केपटाउन सोसाइटी में रहती थी। पति कृष्ण कुमार पेशे से इंजीनियर है। रविवार रात को महिला कमरे से बालकनी में गई वहां अचानक नीचे गिर गई। मौके पर गार्ड ने परिजन और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद महिला को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि महिला के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिससे ज्यादा ब्लीडिंग हो गई। इस वजह से उसकी मौत हो गई। महिला ने सुसाइड किया या वो 16वें फ्लोर से गिरी।

### पॉलीनॉमस इंडस्ट्रीज में 75 करोड़ का निवेश 500 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** देश में उन्नत पॉलिमर कंपाउंड बनाने वाली अग्रणी कंपनी पॉलीनॉमस इंडस्ट्रीज ने अपने विस्तार की बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने करीब 75 करोड़ रुपये के निवेश के साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने और नई तकनीक विकसित करने की योजना बनाई है। इस कदम से क्षेत्र में 500 से 600 युवाओं को रोजगार मिलने का रास्ता खुल गया है। कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, पॉलीनॉमस इंडस्ट्रीज द्वारा बनाए जाने वाले पॉलिमर कंपाउंड देशभर में रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एलईडी लाइटिंग, इलेक्ट्रिक आयरन, कंप्यूटरख्लैपटॉप सहित दो और चार पहिया वाहनों के कई महत्त्वपूर्ण हिस्सों में उपयोग किए जाते हैं। कंपनी वर्तमान में अनेक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लायंसेज और ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट निर्माता कंपनियों को सप्लाई करती है।

### बस के ब्रेक फेल, एकदम से डिवाइडर से टकराई, बाल-बाल बचे 50 छात्र

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा बस हादसा टल गया। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक बस के ब्रेक फेल हो गए, जिसके बाद वह डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार करीब 50 छात्र सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह बस ग्रेटर नोएडा से छात्रों को लेकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी जा रही थी। अचानक ब्रेक फेल होने के कारण चालक ने बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया और उसे सर्विस रोड की ओर मोड़ा। इसी दौरान बस डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा स्थित पंजाब नेशनल बैंक से फर्जी तरीके से रुपये निकालने के घोटाले की सुनवाई सीबीआई कोर्ट में चल रही है। इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ आरा. पपत्र पर बहस हुई। अदालत ने अगले सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की है। सीबीआई से मिली जानक. ारी के अनुसार मेसर्स लूम्बिया ओवरस. ीज के प्रोपराइटर व घोटाले के आरोपी गौरव चौधरी और सहअभियुक्त मेसर्स सिद्धि विनायक एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सुबोध कुमार उर्फ सुबोध त्यागी ने मिलकर नोएडा में सिंडिकेट बैंक को 22 लाख रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि इन दोनों ने बिना किसी वास्तविक व्यापार के लेन-देन को दिखा कर बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर किए।

मामला तब सामने आया जब जांच में पता चला कि 23 फरवरी 2016 को मेसर्स बालाजी एंटरप्राइजेज के नाम से पीएनबी से मेसर्स लूंबिया ओवरसीज के खाते में 4.75 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा, दोनों आरोपियों ने अन्य तिथियों पर भी बैंक खातों से गलत तरीके से आठ लाख रुपये और 9.30 लाख रुपये जमा कराए। इस प्रक्रिया में उन्होंने अपनी पहचान छिपाने और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इस मामले में आरो. पियों पर आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और बैंक को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

# शासन न्यू नोएडा में मुआवजे की दर तय करेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यू नोएडा के लिए 80 गांव की जमीन अधिग्रहीत की जानी है। किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए इस पर जल्द निर्णय होगा। प्राधिकरण ने जेवर क्षेत्र और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जरिए बसाए जाने वाले फेज टू की मुआवजा दरों को नए नोएडा में लागू किया जा सकता है। इसका एक प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। जल्द ही इसको लेकर एक बैठक नोएडा प्राधिकरण में होगी। बैठक में प्राधिकरण के सीईओ , डीएम बुलंदशहर शामिल होंगे।

बुलंदशहर और दादरी के 80 गांवों की जमीन पर दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (न्यू नोएडा) बसाया जाना है। किसानों से आपसी समझौते के आधार पर जमीन लेने पर दरें क्या रखी जाएं इसको लेकर कुछ दिन पहले नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण की बैठक हुई थी। इस बैठक में अधिकारियों ने यह तय किया था एक ग्रेटरनोएडा के फेज-2 को बसाने में जो मुआवजा दर होगी उसे ही यहां लागू किया जाए। हालांकि प्रस्ताव पर शासन मुहर लगाएगा।

डीएनजीआईआर शहर करीब 209.11 वर्गकिमी में बसाया जाना है। इसके लिए अक्टूबर 2024 में अधिसूचना जारी की गई थी। प्राधिकरण ने बताया कि नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ यहां जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द की जाएगी।

अवैध निर्माण को रोकने के लिए ड्रोन सर्वे और अधिसूचना की तरीख का सेटेलाइट मैप भी लिया जाएगा। उस दिन के बाद यहां जितना भी निर्माण किया गया है या जा रहा है उसे अवैध माना जाएगा।

**80 गांवों की जमीन ली जाएगी:** डीएनजीआईआर 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विक. सित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

**आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन:** प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

**लगाए जाएंगे चेतावनी बोर्ड:** यहां जमीन अधिग्रहण के साथ ही चेतावनी बोर्ड लगाने का काम शुरू होगा। साथ ही सेटेलाइट के मैप के आधार पर जिन लोगों ने अधिसूचना जारी होने के बाद निर्माण किया उसे अवैध मानते हुए वहां भी बोर्ड लगाए जाएंगे।

# नोएडा से कालिंदी कुंज की ओर जाने वाला रास्ता होगा बेहतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने सोमवार को सेक्टर-94 से लेकर 127 तक सेक्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनको नोएडा से कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क और अन्य चीजें खराब स्थिति में मिलीं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले प्रवेश वाले रास्ते पर आकर्षक पेंटिंग बनाने के निर्देश दिए। यहां पर लगे बबूल के पेड़ों को भी हटाने के लिए कहा।



इस रास्ते पर रात में अंधेरा होने की शिकायतें भी मिलीं। इस पर सीईओ ने यहां आकर्षक लाइटें लगाने के निर्देश दिए। यहां पर सीईओ को अवैध रूप से विज्ञापन के होर्डिंग्स और केबल भी लगी मिलीं। सीईओ ने इनको तुरंत हटाने के लिए अधिकारियों से कहा। सेक्टर-94 एवं 95 के बीच बने अंडरपास में प्रवेश के पास लो-हाइट बैरियर लगा हुआ है, जिस पर रैट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जाएगा। सेक्टर-94 गोलचक्कर सुधारा जाएगा। सीईओ ने यहां से सेक्टर-94 अंतिम निवास की ओर जाने वाली सड़क का अलाइनमेंट निर्धारित करने के निर्देश दिए।

सेक्टर-125, 126, 127 में सेंट्रल वर्ज में कई स्थानों पर पेड़-पौधे गायब मिले। इनको दोबारा लगवाने के लिए कहा। कई जगह अनावश्यक रूप से सेंट्रल वर्ज में रेलिंग लगी हुई मिलीं, सीईओ ने जिनको हटाने के निर्देश दिए। सीईओ को निरीक्षण के दौरान सेक्टर-125 एमिटी विश्वविद्यालय के सामने नाले पर पैदल लोगों के लिए रखे गए एसएफआरसी कवर गायब मिले। इनको दोबारा रखवाने के लिए कहा। कई जगह फुटपाथ आपस मे जुड़े हुए नहीं मिले। इसको ठीक करने के निर्देश दिए। सेक्टर-125 एमिटी विश्वविद्यालय के सामने सड़क पर लगाई गई स्ट्रीट लाइट को एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर रोड पर 127 तक लगवाया जाएगा।

अवैध पार्किंग को लेकर कंपनियों को नोटिस जारी होंगे सीईओ को निरीक्षण के दौरान कई संस्थागत कंपनियों के बाहर अवैध पार्किंग संचालित होती मिली। इस पर सीईओ ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सेक्टर-125 में कब्रिस्तान के सामने पार्किंग बनेगी सेक्टर-125 में कब्रिस्तान के सामने 50 मीटर हिस्से में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पार्किंग बनाई जाएगी। इसके अलावा यहां फुटपाथ भी बनाया जाएगा।

एक्सप्रेसवे व पुस्ते के समानांतर 45 मीटर रोड पर रिफ्लेक्टर लगेंगे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और यमुना पुस्ते के समानांतर 45 मीटर रोड पर कुछ जगह रिफ्लेक्टर लगाए जाने की जरूरत है। कई जगह अंधेरा होने पर सड़क हादसे का खतरा रहता है। ऐसे में संबंधित स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। इसके अलावा खराब हो रखे फुटपाथ ठीक किए जाएंगे।

साइकिल स्टैंड पर अवैध रूप से लगे विज्ञापन हटाया जाएगा सीईओ निरीक्षण करते हुए सेक्टर-125-126 गोलचक्कर के पास पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि साइकिल स्टैंड पर अनाधिकृत रूप से विज्ञापन लगा हुआ है। सीईओ ने इसको हटवाने के निर्देश दिए।

## जिले में खेल प्रतियोगिताओं पर 31 तक रोक

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए 31 दिसंबर तक सभी खेल प्रतियोगिताओं पर रोक लगा दी गई है। इससे संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर दी गई अनुमति स्वत: निरस्त मानी जाएगी। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ० परवेज अली ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु की गुणवत्ता खराब होने पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन न कराने के संबंध में आदेश दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देते हुए प्रदेश के खेल निदेशक द्वारा भी आदेश दिए गए हैं। इस पर जिले में होने वाली सभी खेल प्रतियोगिताओं पर 31 दिसंबर तक रोक लगा दी है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सभी खेल अकादमी के प्रबंधकों व स्कूल प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 27.50 लाख में बिका 'यूपी 16 एफएच 0001' नम्बर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में यूपी16एफएच 0001 नंबर हासिल करने के लिए 27 लाख 50 हजार रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली लगाई गई। यह बोली AVIORION PRIVATE LIMITED, गौतमबुद्ध नगर ने ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लगाई। कंपनी ने 7 नवंबर को 33,333 रुपए धरोहर राशि के रूप में जमा किए थे। अब यह नंबर कंपनी को अलॉट कर दिया गया है, जो यूपी16एफएच सीरीज का प्रीमियम नंबर है।

एआरटीओ नंद कुमार ने बताया- आकर्षक नंबरों के लिए अब तक जितनी भी बोलियां लगी हैं, उनमें यह सबसे अधिक है। इससे पहले किसी भी नंबर के लिए इतनी बड़ी रकम नहीं चुकाई गई थी। AVIORION PRIVATE LIMITED ने हाल ही में एक मर्सिडीज बेंज कार खरीदी है, जिसकी ऑन-रोड कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपए है।

कंपनी ने इस खास नंबर के लिए पहले अपना नाम रजिस्टर्ड कराया और फिर ऑनलाइन बोली जीतकर नंबर अपने नाम अलॉट कराया।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर गति सीमा करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते गति सीमा में बदलाव करने की तैयारी है। संभवत: यहां 15 दिसंबर से नई गति सीमा लागू हो जाएगी। हालांकि, यमुना प्राधिकरण की ओर से अभी मामले में पत्राचार नहीं किया गया है। बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते 15 दिसंबर से फेरबदल का अनुमान है।

सर्दियों में कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। ठंड के कारण सड़कों पर फिसलन रहने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर गति सीमा कम करने की योजना बनाई है और और इसे 15 दिसंबर से लागू करने पर विचार है।

ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने पर घायलों को समय पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंच. ाने के लिए समय सारिणी और फोन नंबरों का आदान प्रदान समेत अन्य व्यवस्था है। प्रबंधन ने सर्दियों के चलते हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर से घटाकर 75 किलोमीटर और भारी वाहनों के लिए 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटे करने की तैयारी है। एक्सप्रेसवे के वरिष्ठ प्रबंधक जेके शर्मा ने बताया कि 15 दिसंबर तक फेरबदल किया जा सकता है, फिलहाल इसके लिए प्राधिकरण के पत्राचार का इंतजार है।

# 10 दिसम्बर से मुफ्त राशन वितरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत राशन वितरण दस दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इसमें अंत्योदय व पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को नि:शुल्क राशन बांटा जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है।

प्रभारी डीएसओ स्मृति गौतम ने बताया कि अंत्योदय व पात्र उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। सुबह आठ बजे से 12 बजे व दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक ई-पास मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरित होगा।



अंत्योदय कार्ड धारकों को अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुल 54 रुपए में वितरित की जाएगी। अंत्योदय उपभोक्ताओं को प्रति राशन कार्ड 21 किलो चावल व 14 किलो गेंहू बांटा जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट तीन किलो चावल व दो किलो गेंहू का वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों व राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि जिले में एक लाख 94 हजार 560 राशन कार्ड धारक है। आठ लाख 603 यूनिट है। जबकि जिले में सात हजार 897 अंत्योदय कार्ड धारक है। जो शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ उठा रहे हैं।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# मकान में रखे पटाखों में अचानक लगी आग, कई झुलसे

## घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती, पुलिस बारिकी से मामले की जांच में जुटी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मकान में रखे पटाखों में अचानक आग लग गई, आग की चपेट में आने से कई लोग झुलस गए, जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों घायलों अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुगलपुरा में हनीफ और सोनू परिवार के साथ रहते है। दोनों के मकान आपस में मिले हुए है। बताया जाता है कि दोनों पटाखों का अवैध कारोबार करते है। सोमवार को करीब 4 बजे हनीफ के मकान में रखे पटाखों ने चिंगारी पकड़ ली, जिसके बाद मकान में तेज धमाके के साथ आग लग गई। इसी बीच पटाखों की चिंगारी सोनू के मकान में जा गिरी, जिससे उसके मकान में रखे पटाखों ने भी आग पकड़ ली। देखते ही देखते दोनों मकानों में भीषण आग लग गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ने लगे। वहीं, मकान के अंदर फंसे चार लोग आग में झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, हादसे का पता चलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और फायर कर्मियों को मौके पर बुलाया। फायर कर्मी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयासों में जुट गए। वहीं, आस-पास के लोग भी सबमर्सिबल पंप चलाकर पानी का छिड़काव करने लगे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवादाता**

**बागपत।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने बकाया गन्ना भुगतान और अन्य विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने बताया कि बागपत की मलकपुर मिल और हापुड़ की सिंभावली मिल सहित प्रदेश की कई मिलों ने पिछले वर्ष का गन्ना भुगतान अभी तक नहीं किया है। इससे किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। किसानों ने गन्ना तौल केंद्रों पर (घटतौली) (कम तौल) का आरोप लगाया और मांग की कि इसमें शामिल लिपिकों को तत्काल बर्खास्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा गन्ने का रेट बढ़ाने के बाद अब किसानों पर किराया बढ़ा दिया गया है, जिसे तुरंत हटाया जाना चाहिए। किसानों ने अधिकारियों पर शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान न करने का आरोप लगाया। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो वे आगे की रणनीति पर विचार करेंगे और आंदोलन तेज करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के काठा गांव के पास सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में 53 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान काठा निवासी मैनपाल पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मैनपाल टोल प्लाज़ा से अपनी डयूटी पूरी कर स्कूटी पर घर लौट रहे थे। दोपहर के समय जब वह काठा गांव के समीप पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैनपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों ने कोतवाली में शिकायत की। उन्होंने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कार चालक के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों ने पुलिस से क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और नियमित निगरानी बढ़ाने का भी अनुरोध किया है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी।



## चोरों ने किया विद्यालय के ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव के प्राथमिक विद्यालय में रात्रि अज्ञात चोरो ने आफिस का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया। हेड मास्टर नें पुलिस को जानकारी दी है।

लहचौड़ा गांव में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें किनारें प्राथमिक विद्यालय है जहा रात्रि अज्ञात चोरो ने आफिस का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया, लेकिन सफल नही हो सके सुबह जब हेड मास्टर नरेश कुमार विघालय पहुंचे तो ताला टूटा देख हक्के बक्के रह गये। उन्होंने तुरंत गांव के गणमान्य व्यक्तियों और पुलिस को सूचना दी। मौकें पर पुलिस ने पहुंच छानबीन भी की। वही ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष भी विघालय मे ताला तोड़ दो बार चोरी हुई थी जिससे लेकर ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढाने की मांग की है।



## एक नजर

### 10 दिसम्बर को होगा सीनियर पुरूष वर्ग की कबड्डी का ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में सीनियर पुरुष वर्ग की कबड्डी ट्रायल 10 दिसंबर को शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत में होगी। जनपद के सभी सीनियर पुरुष वर्ग के खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व उसकी फोटो कॉपी व जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट साइज फोटों साथ लेकर आए व खिलाड़ी का वजन 85 या इससे कम हो बागपत जनपद से चयनित खिलाड़ी 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक होने वाली 52वी सीनियर पुरुष ओपन स्टेट कबड्डी चैम्पियनशिप (जोन -बी) जे डी फॉर्म हाउस ग्राम चचूला ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर में भाग लेगी यह जानकारी नरेंद्र सिंह जिला कबड्डी सचिव बागपत द्वारा दी गई।

### पूरे जिले में जान बचाने की एक डिजिटल क्रांति शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन असहाय पशुओं ने आज पूरे जिले में जान बचाने की एक डिजिटल क्रांति शुरू करा दी है। मदद अब एक क्लिक की दूरी पर है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि कई बार घायल पशुओं के लिए समय पर सूचना न मिलने से उपचार में देरी होती है। इस एप के माध्यम से जिले में पशु सहायता प्रणाली को एक मंच पर लाया गया है। उन्होंने बताया कि एप में हर चिकित्सक और स्वयंसेवक का संपर्क विवरण, लोकेशन और उपलब्धता की जानकारी दी गई है, जिससे किसी भी नागरिक को जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिल सकेगी। पशुओं के अधिकारों के लिए कार्यरत माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार ने घटनाओं के डेटा को इकट्ठा कर बताया कि सबसे बड़ी समस्या 'अव्यवस्थित सूचना' की थी। इसी युवा ने, अपनी पढ़ाई के साथ समय निकालकर, ऐप का प्रारंभिक खाका तैयार किया। इसके बाद अमीर खान, गुलफ़सा राजपूत, नितिश भारद्वाज, संयम सिंह, शादाब, वरुण शर्मा, सागर तोमर सहित कई अन्य स्वयंसेवक जुड़ते गए। किसी ने डॉक्टरों के नंबर जुटाए, किसी ने लोकेशन मैप तैयार किए, किसी ने ऐप की टेस्टिंग की। इस तरह बागपत फॉर एनिमल्स नागरिकों और प्रशासन की साझेदारी से बना एक जीवंत, मनुष्यत्व से भरा मॉडल बना।

### डीएम ने अपने मोबाइल से खुद संचालित कर एक पशु चिकित्सक से संपर्क किया और व्यवस्था की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एप लॉन्च होने के बाद जिलाधिकारी ने खुद अपने मोबाइल से इसे संचालित कर एक पशु चिकित्सक से संपर्क किया और व्यवस्था की जांच की जिसमें संतोषजनक फीडबैक एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। कॉल तुरंत जुड़ने पर उन्होंने अधिकारियों को एप की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिए। शिकायतों और तकनीकी समस्याओं को समय पर समाधान करना प्राथमिकता रहेगी। स्वयंसेवक अमीर खान ने बताया कि पहले आपस में जानकारी साझा करने के लिए अलग-अलग व्हाट्सऐप ग्रुप और फोन कॉल पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समन्वय में दिक्कत होती थी। स्वयंसेविका गुलफ़सा राजपूत ने कहा कि एप की शुरुआत से अब एकीकृत सूचना प्रणाली तैयार हो गई है। स्वयंसेवक वरुण शर्मा ने कहा कि इससे समय की बचत होगी और फील्ड में काम करना आसान होगा। कई स्वयंसेवकों ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कई बार सड़क पर घायल गाय या डॉगस को अस्पताल पहुँचाने में सही संसाधन जुटाने में देरी हो जाती थी, लेकिन अब यह समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

### पशु चिकित्सकों ने भी माना एप के माध्यम से आपात मामलों की तेजी से मिलेगी सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पशु चिकित्सकों ने भी माना कि एप के माध्यम से आपात मामलों की सूचना तेजी से मिलने लगेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर घटनाओं की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिसके कारण उपचार में देर हो जाती है। एप से सूचना मिलने पर निकटतम घटना बिंदु तक जल्दी पहुँच सकेंगे। इससे गंभीर मामलों में पशुओं की जान बचाने की संभावना बढ़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि एप में पशु क्रूरता की शिकायत दर्ज करने का विकल्प भी दिया जाएगा। शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन उस पर कार्रवाई करेगा। एप में जिले के फीडिंग ज़ोन और आश्रय स्थलों का विवरण भी रहेगा ताकि जरूरत पड़ने पर स्वयंसेवक और नागरिक आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। एप में जिले के सभी पशु चिकित्सालयों, गौशालाओं और पशु आश्रय स्थलों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है।

### पशु दुर्घटनाओं और बीमारियों की घटनाएं बढ़ने पर रिस्पांस सिस्टम का होना जरूरीः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में चल रहे पशु कल्याण प्रयासों को व्यवस्थित करना समय की आवश्यकता थी। पशु दुर्घटनाओं और बीमारियों की घटनाएँ बढ़ने पर रिस्पांस सिस्टम का होना जरूरी है। स्वयंसेवकों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब पहली बार पशु सहायता को लेकर जिले में एक केंद्रीकृत और प्रशासनिक समर्थन वाली व्यवस्था तैयार हुई है। उन्होंने बताया कि कई बार वे घायल पशुओं को उठाकर अस्पताल तक ले जाते थे लेकिन डॉक्टरों से समय पर संपर्क न हो पाने पर उन्हें कठिनाई होती थी। एप से यह समस्या दूर होगी और प्रशासनिक निगरानी होने से जिम्मेदारी भी तय होगी। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे इस पहल को मजबूत बनाने में प्रशासन का सहयोग करें और वास्तविक जानकारी समय पर उपलब्ध कराएँ।

## व्यापार मंडल किसी भी व्यापारी भाई का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगाः हरपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में मंडल प्रभारी आलोक शास्त्री के कार्यालय दिल्ली रोड पर व्यापार मंडल की बैठक का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता आचार्य धन कुमार शास्त्री ने की तथा संचालन मंडल प्रभारी आलोक शास्त्री ने किया। बैठक मैं संयम जैन को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने कहा अब समय आ गया है। व्यापारियों को एकजुट होना चाहिए सभी व्यापारी भाई एकजुट रहेंगे तो कोई भी अधिकारी उनका उत्पीड़न नहीं कर पाएगा। व्यापार मंडल किसी भी व्यापारी भाई का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा। सदैव व्यापारी हितों में कार्य करता रहेगा तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संयम जैन को मनोनीत पत्र देकर व्यापारियों के हितों की शपथ ग्रहण कराई। बैठक को प्रदेश मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा वह मनोज सोनी ने कहा व्यापारी सरकार की रीड की हड्डी होता है। व्यापारी टैक्स देता है अभी देश में संपन्निता आती है तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई दी। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार व विधानसभा अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल दिन प्रतिदिन वट वृक्ष की तरह फैलता ही जा रहा है। व्यापार मंडल में सदैव व्यापारियों का सम्मान करने का कार्य क्या है तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष संदीप जैन अभिषेक कुमार आदि व्यापारी पदाधिकारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर बैठक के धन कुमार शास्त्री ने व्यापार मंडल के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संयम जैन को आशीर्वाद तथा मेहनत से पद की गरिमा को बनाए रखना। इस अवसर पर मोहित उपाध्याय, विजय वर्मा सोनू वर्मा सत्यपाल कश्यप व्यापारी नेता रवि पालीवाल हिमांशु वर्मा राजीव भारद्वाज पनविंदर तोमर आदि व्यापारी उपस्थि रहे।



## ठंड को देख लोग लेने लगे अलाव का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में ठंड का असर लगातार गहराता जा रहा है। न्यूनतम तापमान में आई गिरावट और सुबह-शाम की तेज ठिठुरन को देखते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निकायों ने अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी है। यह कदम उन जरूरतमंदों और राहगीरों के लिए राहतकारी साबित हो रहा है, जिन्हें देर रात या सुबह के समय खुले स्थानों पर ठंड का सामना करना पड़ता है।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका बागपत, बड़ौत और खेकड़ा सहित नगर पंचायतों ने प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, सब्जी मंडियों, बाजार क्षेत्रों, सामुदायिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव जलाने की व्यवस्था की है। रिक्शा चालकों, श्रमिकों, दुकान बंद करने के बाद लौटने वाले लोगों और बस-स्टैंड पर रात गुजारने वालों के लिए यह बेहद उपयोगी है। कई वृद्धजन भी देर शाम के समय अलाव के आसपास बैठते दिखाई दिए। ठंड का प्रकोप बढ़ने पर अलाव बिंदुओं की संख्या में वृद्धि की जाएगी और नियमित निगरानी रखी जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो।



## अलीना ने गोल्ड मैड़ल जीतकर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोल्डन गेट इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल में हुई प्रथम नेशनल निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में रटौल की अलीना खान ने गोल्डन मेड़ल जीत कस्बें का नाम रोशन किया। कस्बें में पहुंचने पर छात्रा के लोगो ने भव्य स्वागत भी किया।

गोल्डन गेट इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रथम नेशनल निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिसम्बर से लेकर 7 दिसम्बर तक किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश, हिमाचल, प्रदेश, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गोल्डन गेट पब्लिक स्कूल बड़ागांव की कक्षा 10 की छात्रा व रटौल निवासी हबीब खान की पुत्री अलीना खान ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए गोल्ड मेड़ल जीता जिसके बाद स्कूल के प्रबधंक सुधीर चौधरी और प्रधानाचार्य मनीष चौधरी ने छात्रा को शुभकामनाएं दी जिसके बाद छात्रा के घर पहुंचने पर उसका भव्य स्वागत किया गया। इस मौकें पर कांग्रेस के वरिष्ठ युवा नेता फैज मोहम्मद ने कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा आज लड़किया भी सभी क्षेंत्रो में अपनी पहचान बना देश का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि खेलकूद में भी केरियर बनाने की अपार सम्भावना है। इस मौकें पर डाक्टर शकील अहमद, मुजीब, जावेद, मुजीब, वशीम कुरैशी, सुऐब, रियाजूदीन, शहजाद चौधरी सहित कस्बें के लोग मौजूद रहे।



## शोक सभा आयोजित कर किया दो मिनट का मौन धारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह शोक सभा आयोजित की गई। मृतक परिवार के लोगों के बीच बैठकर 2 मिनट के मुंह धारण किए गए। ब्राह्मण समाज चौरासी देशखाप एवं अध्यक्ष सर्व समाज खाप चौधरी संगठन पं सुभाष शर्मा आज ग्राम मलकपुर में ब्रज किशोर शर्मा की शोक सभा में उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, ग्राम ढिकाना में मांगे राम की शोक सभा में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्राम बावली में जयपाल शर्मा की शोक सभा में उपस्थित रहे। बड़ौत में कपड़ा व्यापारियों में हुए झगडा विवाद में सर्व समाज द्वारा आयोजित पंचायत की अध्यक्षता की एवं विवाद निपटारे को 11 सदस्यों की कमेटी गठित की। इस अवसर पर थम्बा चौधरी त्रिलोकी नाथ शर्मा, थम्बा चौधरी ओमकार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राममेहर बीडीसी विश्वास चौधरी। चौधरी डा.इरफान मलिक व्यापारी नेता योगेश जिंदल, चौधरी महमूद कुरैशी आदि मौजूद रहे।



## चोरी के बाद चोर पुलिस की पकड़ से बाहर, कह रही जल्द खुलासे की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में रविवार रात्रि अज्ञात चोरो ने एक मकान पर धावा बोल लाखो के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये थे। घटना के 24 घन्टें बीत जाने के बाद भी अभी तक चोर पकड़ से बाहर है पुलिस नें जल्द घटना के खुलासा करने को कहा है।

गौना गांव में सूरज पुत्र सोहनलाल का परिवार घर के आगें लगा चेनल मे ताला लगा कमरे मे सो रहे थे। रात्रि किसी समय अज्ञात चोर चेनल का ताला काट घर में घुस आये थें और एक कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ उसमे रखा एक लाख रूपया और सोने की दो अंगूठी, दो सोने की चेन, एक सोने का मंगलसूत्र, नो जोड़ी सेम्पिल, चोरी कर ले गये थे। पीड़ित परिवार ने बताया कि 12 तोला सोना चोरी हुआ था। पीड़ित ने यह भी बताया कि एक लाख रूपये का धान बेचा था जिसके रूपये घर रखे थे। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुटी थी और तीन चोर सीसीटीवी केमरे मे भी कैद हुए थे। घटना के 24 घन्टे बाद भी चोर अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है उधर थाना प्रभारी अतर सिंह ने कहा कि जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

## जिलाधिकारी ने एप का औपचारिक उद्घाटन कर इसकी उपयोगिता का किया परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में पशु कल्याण व्यवस्था को मजबूत बनाने और आपात स्थिति में त्वरित मदद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बागपत फॉर एनिमल्स एप का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने एप का औपचारिक उद्घाटन कर इसकी उपयोगिता का परीक्षण भी किया। यह एप प्रशासन और पशु कल्याण स्वयंसेवकों के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया है, जिसमें पूरे जनपद के पशु चिकित्सकों/चिकित्सालयों और पंजीकृत पशु कल्याण स्वयंसेवकों का डेटा जोड़ा गया है। इस एप को राज्य युवा पुरस्कार विजेता अमन कुमार के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है जिसकी जिलाधिकारी ने बेहद प्रशंसा की।




कुछ महीने पहले कई पशुओं की दुर्घटना आदि से जुड़ी ऐसी सूचनाएं संज्ञान में आई जिसमें असल मदद पहुँचने में देरी हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा की तो सामने आया कि किसी के पास डॉक्टर का सही नंबर नहीं था, किसी को यह समझ नहीं आ रहा था कि किस स्वयंसेवक को कॉल करें। सूचना इधर-उधर भटकती रही, और जब तक मदद पहुँची, देर हो चुकी थी। इस घटना ने जिले के प्रशासन को झकझोर दिया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अपनी टीम से यही सवाल पूछा-जब मदद करने वाले लोग इतने हैं, तो मदद पहुँच क्यों नहीं पा रही? जवाब चौंकाने वाला था। समस्या यह नहीं थी कि डॉक्टर या स्वयंसेवक कम हैं। समस्या यह थी कि जानकारी बिखरी हुई थी, समय पर सही व्यक्ति तक पहुँचती ही नहीं थी। उसी रात जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा-अब बागपत में किसी पशु की जान सिर्फ इसलिए नहीं जाएगी कि सूचना भटक गई, और इसी संकल्प से जन्म हुआ-बागपत फॉर एनिमल्स एप का विचार। एक ऐसी डिजिटल व्यवस्था, जहाँ घायल पशु दिखते ही कोई भी व्यक्ति एक क्लिक में नजदीकी पशु चिकित्सकों से संपर्क कर सहायता पा सके। यह ऐप सिर्फ नवाचार नहीं है यह कुछ बेजुबान पशुओं के लिए देर से आई मदद से उपजा एक शांत संकल्प है। अगली बार देरी नहीं होगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

## छुर गांव में हुआ था लाइनमैन पर जानलेवा हमला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव छुर में रविवार को लाइनमैन के उपर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने से गुस्साएं संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को नगर में कार्य बाधित करते हुए आरोपी की जल्द गिरफ्तारी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। गौरतलब है कि सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर बिजलीघर पर तैनात नलकूप पर अवैध रूप से बिजली का तार लगाने को लेकर हुए विवाद में रविवार दोपहर लाइनमैन राकेश पुत्र जयपाल के उपर गांव के ही युवक ने गोली चला दी थी, जो उसके हाथ कूल्हे पर जा कर लगी थी। इस मामलें में पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया था, लेकिन आरोपी की पकड़ नही हो सकी थी। सोमवार को संविदा कर्मचारी सेवा समिति की तरफ से सरधना बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए कार्य बाधित रखा, साथ ही यूनियन की तरफ से मुख्य अभियंता के नाम का ज्ञापन एक्सईएन को सौंपा गया। जिसमें यूनियन की तरफ से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी न होने पर प्रदेश भर में आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, अमित खारी, विनोद कुमार, लाइनमैन सोनू, सौरभ, श्रवण कुमार, प्रताप, खलील मौजूद रहें।

# बच्चों के विवाद के बाद युवक को पीटा, हालत गंभीर

- घायल युवक को सीएचसी में कराया भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम चिंदौड़ी में रविवार को बच्चों में हुए विवाद हो गया था। जिसके बाद एक पक्ष के युवक ने दूसरे पक्ष के बच्चे को थप्पड़ मार दिया था और मामला शांत हो गया था।

रविवार को बच्चे के पिता किसी काम से लावड़ गए थे वहां गांव के ही युवक ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की जिससे वो घायल हो गया। चिंदौड़ी गांव निवासी शर्मिष्ठा पत्नी गंगाशरण ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही रहने वाले राजदीप पुत्र ओमकार के बच्चों से उसके बच्चों का रविवार को विवाद हो गया था जिसके बाद राजदीप ने उसके बेटे वंश को थप्पड़ मार दिया था लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की थी। शर्मिष्ठा ने आरोप लगाया कि सोमवार को उसके पति गंगाशरण किसी काम से लावड़ गए थे कस्बे में पुरानी पानी की टंकी के पास उन्हें राजदीप पुत्र ओमकार व गुड्डू पुत्र ओमपाल मिले उन्होंने उसके पति गंगाशरण को रोककर गाली गलौज की व जाति सूचक शब्द कहते हुए लात घुसो व डंडे से जमकर पीटा और कई बार उसका सिर पकड़कर दीवार में मारा जिससे गंगाशरण बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद दोनों युवक उसे अधमरा कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गंगाशरण को दौराला सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने चौकी पहुंचकर तहरीर दी है।

# चंद्रशेखर और ओवैसी का गठबंधन यूपी में लिख सकता है सियासत की नई इबारतः शाहजेब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के नेता शाहजेब रिजवी ने आजाद समाज पार्टी और एआईएमआइएम के गठबंधन को लेकर एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं और अगर ऐसा हुआ तो उत्तर प्रदेश की सियासत में एक नई इबारत लिखी जाएगी, और 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी और भाजपा देखते ही रह जाएगी। आजाद समाज पार्टी के नेता शाहजेब रिजवी का कहना है कि उत्तर प्रदेश का युवा संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों को प्रदेश सरकार परेशान कर रही है।

प्रदेश सरकार के जुल्म से परेशान लोगों के लिए एक मंच तैयार हो रहा है। जिसमें बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी और भाई चंद्रशेखर आजाद एक साथ आ सकते हैं दोनों ही नेता जुल्म के खिलाफ खुलकर बोलते हैं और सभी वर्ग को साथ लेकर चलने की बात करते हैं शाहजेब रिजवी का कहना है कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद मुस्लिम समाज के लिए खुलकर बोलते हैं उन्होंने न सिर्फ बाबरी मस्जिद पर अपनी राय दी बल्कि सीएए एनआरसी व एसआईआर प्रक्रिया के साथ-साथ मुसलमान के जिहाद को भी अच्छे से देश की जनता को समझाया है कि जिहाद का आखिर मतलब क्या है। शाहजेब का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जहां दलित समाज की एक बड़ी संख्या चंद्रशेखर आजाद के पीछे आ रही है वहीं मुस्लिम समाज की बड़ी भागीदारी भी पार्टी में दिख रही है आपको बता दें कि बीते दिनों मुजफ्फरनगर के जीआईसी मैदान में आजाद समाज पार्टी की एक बड़ी महारैली हुई थी जिसमें सरधना विधानसभा क्षेत्र से लगभग 300 ट्रैक्टर और दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ शाहजेब रिजवी महारैली में पहुंचे थे। शाहजेब लगातार सरधना विधानसभा में गांव गांव लोगों के बीच जा रहे हैं बहुत कम समय में शाहजेब ने पार्टी की नीति को जनता के बीच पहुंचाया है और अब वह सरधना से चुनाव लड़ने का सपना देख रहे हैं। हालांकि उनका कहना है कि अगर पार्टी उन्हें टिकट देगी तो जरूर लड़ेंगे और पार्टी का कोई और भी निर्णय होगा तो उसका भी सम्मान करेंगे। उनका मकसद पार्टी को 2027 के चुनाव में बड़ी जीत दिलाना है और वह चंद्रशेखर आजाद के साथ ही संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ेंगे।



शाहजेब रिजवी।

# बाइक हटाने को कहा, तो दबंगों ने ईओ के साथ की हाथापाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर पंचायत परिसर में खड़ी बाइक को साइड में लगाने के लिए कहा तो दबंगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व लिपिक पर गाली गलौज व दुर्व्यहार करते हुए हाथापाई कर दी।

ईओ के साथ मारपीट की घटना को लेकर नगर पंचायत के कर्मचारियों में आक्रोश पनप गया और मौके पर घंटों तक हंगामा रहा। उन्होंने आरोपी युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिशासी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी युवकों को तलाश किया लेकिन सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने थाना क्षेत्र के सनोता निवासी चार युवकों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अपनी गाड़ी से नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचे लेकिन वहां परिसर के मुख्य मार्ग के बीचो बीच खड़ी बाइक को देखकर अधिशासी अधिकारी अपनी गाड़ी से नीचे उतरकर बाइक वाले को आवाज लगाई लेकिन किसी ने नहीं सुना यह आवाज सुनकर नगर पंचायत कर्मचारी ने उस बाइक को एक साइड में खड़ी कर दी। कुछ देर बाद सनोता गांव निवासी दो युवक मौके पर पहुंच कर दबंगई दिखाते हुए गाली गलौज करने लगे। उन्होंने कहा कि हमारी बाइक को हटाने की किसकी हिम्मत हो गई और अधिशासी अधिकारी को गाली गलौज करने लगे। इतना सुनते ही ईओ मौके पर खड़े सुन रहे थे उन्होंने युवको को शांत करने का प्रयास किया लेकिन युवकों ने दो अन्य युवक और बुला लिए उन्होंने अधिशासी अधिकारी को गाली गलौज करते हुए हाथापाई कर मारपीट कर दी। इस दौरान बीच बचाव कर रहे नगर पंचायत के लिपिक फहीम अहमद को भी नहीं बक्शा उनके साथ भी हाथापाई कर दी। थाना प्रभारी ब्रह्माकुमार त्रिपाठी का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर मिल गई है मामले की जांच कर आरोपी युवको के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दीदी इससे तो तनाव ही बढ़ेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। जिस बाबरी मस्जिद प्रकरण ने भारत की सियासत को बदल दिया 1987 में दो सीटों वाली भाजपा लगातार सत्ता की हैट्रिक लगा चुकी है। और उस समय देश के इतिहास के सबसे प्रचंड बहुमत 499 वाली कांग्रेस मात्र 99 सीट पर आ चुकी है। ऐसे में बंगाल में एक कथित बाबरी मस्जिद की नींव रखना देश में और ज्यादा तनाव ही बढ़ाएगा। हो सकता है कि अगले कुछ वर्ष दीदी की सत्ता को बंगाल में चुनौती न मिले लेकिन बंगाल का इतिहास गवाह है कि लाल झंडे की 32 साल की सरकार को उखाड़ कर दीदी सत्ता में आए है और उनकी भी यह लगातार तीसरी सरकार है। लेकिन कुछ समय की सत्ता के लालच के लिए देश में दुबारा बाबरी मस्जिद जैसे प्रकरण को जिंदा करना कहा की समझदारी है। अयोध्या प्रकरण को लेकर एक शेर हमेशा सुर्खियों में रहा है कि लम्हो की गलती सदिया भुगत रही हैं। क्या अब भी वह गलती करनी जरूरी है देश का अमन चैन बनाए रखना हर भारतीय की जिम्मेदारी है। वह तो सीएम है।

# शोभित में आर्म्ड फोर्स फ्लैग-डे दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में आज आर्म्ड फोर्स फ्लैग डे सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा विश्वविद्यालय में ध्वज आरोहण किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डाक्टर वी.के. त्यागी, कुलपति शोभित यूनिवर्सिटी गंगोह, कर्नल कमांडेंट प्रोफेसर डॉ. रणजीत सिंह, वाइस चांसलर प्रोफेसर डाक्टर जयानंद, रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज, अन्य विशिष्ट अतिथि गण एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डाक्टर कुलदीप कुमार एवं 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ की एनसीसी यूनिट के कैडेट्स उपस्थित रहे एवं सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सेल्यूट किया।

इस अवसर पर बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा बताया गया कि किस प्रकार 7 दिसंबर 1949 से हम लगातार आर्म्ड फोर्स फ्लैग डे मनाते आ रहे हैं और इस अवसर पर हम अपने सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता एवं सम्मान प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज एक है और हम सभी को एकता में पिरोने का काम करता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे सेना के वीर जवानों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी. के. त्यागी ने कहा कि यह दिन उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए प्राण न्यौछावर किए। इस अवसर पर बोलते हुए शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलपति कर्नल कमांडेंट प्रोफेसर डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि यह हमारे थल सेना, नौसेना और वायु सेना के सक्रिय सैनिकों के समर्पण को सराहने का दिन है।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश की रक्षा करने वालों का सम्मान और सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर बोलते हुए शोभित विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ. जयानंद ने कहा कि यह नागरिकों को सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। इस अवसर पर बोलते हुए शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के डीन एकेडमिक प्रो. डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि इस दिन एकत्रित धनराशि पूर्व सैनिकों, युद्ध में घायल सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण हेतु उपयोग होती है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज ने कहा कि यह दिन सैनिकों के कठिन परिश्रम और संघर्ष के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस अवसर पर बोलते हुए विश्वविद्यालय के एन सीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. कुलदीप कुमार ने कहा कि यह देश में देशभक्ति और एकता की भावना को मजबूत करता है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम और समारोह सैनिकों के साहस और प्रतिबद्धता को सम्मानित करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने भी अपने-अपने विचार साझा किए कि यह दिन किस प्रकार सेना और नागरिकों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर देता है। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डाक्टर कुलदीप कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# बिजली राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर पर दलितों के पट्टे हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम इस्लामाबाद छिलौरा निवासी शेरा जाट उर्फ सूर्य प्रकाश ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए है। अपने आरोप में शेरा जाट ने कहा है कि राज्यमत्री सोमेन्द्र तोमर ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए 10 करोड़ रूपये के पट्टे दलितों को आवंटित हुए थे को एडीएम प्रशासन व जिला अस्पताल के एक डाक्टर की मिलीभगत से अपनी संस्था के नाम करा लिए है। शेरा जाट का आरोप है कि राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर ने अपना एक ट्रस्ट बनाया हुआ है जिसका नाम शांति निकेतन है इस ट्रस्ट के नाम से शेरा जाट के अनुसार बिजली राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर एक भूमाफिया बन गये है। उनका आरोप है कि पिछले तीन वर्ष में राज्यमंत्री ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए 100 करोड़ की संपत्ति एकत्र की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सोमेन्द्र तोमर व उनकी संस्था की जांच हो।

# सर छोटू राम के चार छात्रों का निर्वाणराज कंपनी की प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित सर छोटू राम अभियंत्रिकी व तकनीकी संस्थान के चार छात्र-छात्राओं का निर्वाणराज कंपनी की प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हुआ, जिसमें संस्थान के ठ. ज्मबी. कैमिकल इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। कंपनी के एचआर राजीव चौधरी ने कई चरणों में साक्षात्कार लिया। जिसमें कुल चार छात्रों मिथिलेश चौहान, मनीष चौधरी, राज सिंह का प्लांट ऑपरेटर प्रोफाइल के लिए 2.40 लाख प्रति वर्ष के वेतन पर अंतिम रूप से चयन किया गया। विश्व विद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, डीन टेक्नोलॉजी प्रोफेसर संजय भारद्वाज, प्रोफेसर इंचार्ज अनिल मालिक, संस्थान के निदेशक डॉ. नीरज सिंघल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अमन कुमार समन्वयक केमिकल डिपार्टमेंट पीयूष बत्रा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रजवाहे में गिरी अनियंत्रित कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार देर रात किठौर मवाना मार्ग पर एक सड़क हादसा हुआ। किठौर के रेंच पुल के पास एक तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित होकर रजवाहे में गिर गई। कार में सवार दो युवकों को राहगीरों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार, काले रंग की हुंडई क्रेटा UK-19-B 5777 राजवाहे की चारदीवारी से टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार दीवार तोड़ते हुए सीधे राजवाहे में जा गिरी और दो पलटे खाए, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार चालक तेज रफ्तार में था और नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। हादसे के बाद कार राजवाहे में उलटी पड़ी थी और दोनों युवक अंदर फंसे हुए थे। आसपास मौजूद लोगों ने तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर राहगीरों ने देखा कि बम्बे के पानी मे कार उल्टी होकर पड़ी है, अंधेरा और ठंड होने के बावजूद कई राहगीरों ने देरी किये बिना पानी में पड़ी कार से ड्राइवर व उसके साथी को बाहर निकाला। युवकों को सुरक्षित निक.



ालने के बाद राहगीरों ने उन्हें आग जलाकर गर्माहट दी और प्राथमिक सहायता प्रदान की। सूत्रों के अनुसार, ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं, जबकि दूसरे युवक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार को पानी से बाहर निकाली गई। किठौर हल्का इंचार्ज विजय कुमार ने बताया कि गाड़ी उत्तराखंड की है। गाड़ी मालिक से बात की गई है। उनका कहना है कि हमारी कार ड्राइवर पर थी, घटना की जानकारी नही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। यह घटना एक बार फिर तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने के खतरों को उजागर करती है।

# डीपीएम स्कूल ने ट्रांसलम को 81 रनों से पराजित कर जीत दर्ज कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम क्रिकेट अकादमी एवं ट्रांसलम क्रिकेट अकादमी के बीच सोमवार को एक रोमांचक क्रिकेट मुकाबला खेला गया। जिसमें डीपीएम क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रांसलम क्रिकेट अकादमी को 81 रनों से पराजित किया। मैच में डीपीएम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करते हुए डीपीएम की टीम ने 25 ओवर में 190 रन का लक्ष्य ट्रांसलम क्रिकेट अकादमी को दिया। डीपीएम की ओर से यस ने 35 रन, आर्यन ने 33 रन, अर्जुन और सत्यम ने क्रमश 20-20 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ट्रांसलम क्रिकेट अकादमी की ओर से माधव राजपूत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, जबकि हर्षवर्धन और अभय ने 2-2 विकेट झटके। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रांसलम क्रिकेट अकादमी की टीम डीपीएम के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं पाई और पूरी टीम 19.4 ओवर में मात्र 109 रन पर सिमट गई। ट्रांसलम की ओर से देवांश मोतला ने 35 रन, एकांश रस्तोगी ने 20 रन तथा आदर्श नागर ने 15 रन बनाए। डीपीएम की ओर से गेंदबाजी में जयंत जैनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट, वैष्णव उपाध्याय और वीर जैनर ने 3-3 विकेट लेकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इस शानदार जीत में डीपीएम के कोच सनी धीमान का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनके कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सचिव जगदीश त्यागी का प्रेरणादायक उद्बोधन मैच के उपरांत डीपीएम पब्लिक स्कूल एवं डीपीएम क्रिकेट अकादमी के सचिव जगदीश त्यागी ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाता है। बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाता है। डीपीएम का उद्देश्य हमेशा से बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी अपने विचार रखें।

# वैश्विक सम्मेलन में रसायन विज्ञान विभाग की शिफा अल्ताफ के शोध पोस्टर को मिला पुरस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर आरके सोनी और उनके शोधार्थियों शिफा अल्ताफ, नेहा मित्तल और विशु शर्मा ने 17वीं इंटरनेशनल टेक्निकल कॉन्फ्रेंस एंड एग्जिबिशन ऑन पल्प, पेपर एंड एलाइड इंडस्टरीज में हिस्सा लिया। इस वर्ष सम्मेलन का थीम सस्टेनेबल ग्रोथ ऑफ पेपर, पेपर पैकेजिंग, टिशु एंड एलाइड इंडस्टरीज इन द चेंजिंग ग्लोबल सिनेरियो था।

प्रोफेसर आरके सोनी एवं उनके शोधार्थियों ने इस कांफ्रेंस में प्लास्टिक वेस्ट एवं एग्रीकल्चर वेस्ट जैसे कि सुगरकेन बगासे और कोकोनोट शेल से पेपर पैकेजिंग, कोटेड पेपर और फूड पैकेजिंग फिल्म बनाने की नई तकनीक एवं प्रोडक्ट्स प्रस्तुत किए। नेहा मित्तल ने प्लास्टिक वेस्ट से डाई तैयार की, जिसका उपयोग पेपर को रंगने के लिए किया जा सकता है। विशु शर्मा ने सुगरकेन बगासे से वैल्यू एडेड केमिकल एक्सट्रैक्ट करके उनका उपयोग पॉलीमर कंपोजिट्स बनाने के लिए किया जो की प्रिंटेबल पेपर्स, पेपर पैकेजिंग और प्रोडक्ट्स पैकेजिंग में किया जा सकता है।

शिफा अल्ताफ ने नारियल के खोल coconut shell को मूल्यवर्धित कर उससे सेलुलोज निकालने तथा CeO2-आधारित नैनोकम्पोजिट्स बनाने की एक पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रिया प्रस्तुत की, जिसका उपयोग उन्नत पल्प, पैकेजिंग और बायो आधारित सामग्रियों में किया जा सकता है। इस शोध को इसकी सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन और औद्योगिक उपयोगिता के लिए अत्यधिक सराहा गया तथा शिफा को पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया तथा 2000 रूपये की धनरा. शि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को 1000 - की सांत्वना धनराशि भी प्रदान की गई। शोधार्थी शिफा अल्ताफ ने यह शोध अपने मार्गदर्शक प्रो. राकेश कुमार सोनी रसायन विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एवं प्रो. राहुल सिंघल डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स एंड इंजीनियरिंग फिजिक्स, सेंट्रल कनेक्टीकट स्टेट यूनिवर्सिटी, US के निर्देशन में संपन्न किया। कुल. पति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, प्रोफेसर जयमाला, डॉ. नाजिया तरन्नुम, डॉ. मीनू तेवतिया, डॉ. प्रियंका कक्कड़, डॉ. मनीषा भारद्वाज, डॉ. निखिल कुमार, डॉ. मोहित, डॉ. नीरज रवि व अन्य ने शिफा अल्ताफ को बधाई दी।

# सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल शाहपुर बटावली के प्रांगण में एक स्काउट गाइड कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बहसूमा थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह, संस्थान के निदेशक सोनू यादव एवं प्रशिक्षण निरीक्षक मनोज कुमार सिंधी के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। कक्षा 7 की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन कु. स्मृति सिंह ने किया। कार्यक्रम में इलम सिंह, तखावली प्रेम सिंह, हरीशपाल, प्रवीण कुमार, कृपाल सिंह, नगला खेप्पड़ आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक सोनू यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की कोऑर्डिनेटर कोमल दक्ष, अंकित कश्यप, गौरव शर्मा, चित्र बैंसला, चांदनी सैनी, सारिका गौतम, तनु यादव, आदि सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# समाज उत्थान के लिए लिखने वाला ही सच्चा पत्रकारः हरेंद्र चौधरी

## लखनऊ कार्यक्रम में मेरठ से सम्मिलित होंगे सैकड़ो पत्रकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय छीपी टैंक मेरठ पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सरधना तहसील में उस्मान को संयोजक बनाने की घोषणा की गई। इसी अवसर पर हरविंदर कश्यप को मवाना इकाई का सहसंयोजक बनाया गया जबकि मेरठ महानगर में तय्यब अली को अध्यक्ष एवं ललित कुमार को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

जिला कार्यकारिणी की बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किए गए राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन में जुड़े नए साथियों का सामूहिक दुर्घटना बीमा जनवरी में करवाया जायेगा, हरेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन में केवल साफ छवि एवं चरित्र वाला पत्रकार ही जोड़ा जाए। हरेंद्र चौधरी ने कहा कि सच्चे पत्रकार वही लोग हैं जो अपनी लेखनी का प्रयोग समाज उत्थान के लिए करते हैं। बैठक में उपस्थित विशेष आमंत्रित राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना ने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है इसलिए संगठन के प्रति निष्ठावान रहें और संगठन की बैठकों में अवश्य सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रति ईमानदारी से कार्य करने से ही संगठन आगे बढ़ता है। जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने प्रस्ताव दिया कि अगले वर्ष की शुरुआत में संगठन का एक बड़ा कार्यक्रम मेरठ में आयोजित किया जाए। जिला कार्यकारिणी बैठक में विशेष आमंत्रित राष्ट्रीय पदाधिकारीगण रामबाबू दुबे, मुनेंद्र त्यागी, अशोक सोम, यशपाल सिंह आदि ने भी संगठन की मजबूती हेतु अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक द्विवेदी, पंकज शर्मा, उस्मान अली, रामकृष्ण रघुवंशी, विवेक त्यागी, शाहिद, विपिन कौशिक, शमशाद अली, ओमवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव तोमर ने की और संचालन के दायित्व का निर्वाह जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने किया।



# टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी भारतीय टीम




● **भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच खेलेगी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टीम मंगलवार को बाराबती स्टेडियम की रोशनी में हालिया फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज आश्चर्यचकित कर सकते है। भारत कल आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा। इस साल के एशिया कप में अजेय रहने और ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ, उनमें आत्मविश्वास और दम दोनों हैं। इस प्रारुप में एक विश्व चैंपियन टीम, वे विस्फोटक बल्लेबाजी को एक विविध और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के साथ मिलाते हैं। अभिषेक शर्मा, जो हमेशा शीर्ष पर एक जीवंत चिगारी रहे हैं, पावरप्ले में लय सेट करने का प्रयास करेंगे। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच में स्थिरता के साथ स्ट्राइक रोटेट करने और शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

वहीं अगर निचले क्रम की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और शिवम दुबे, या हर्षित राणा, वह गहराई और फिनिशिग टच देते हैं जो कुछ ही पलों में खेल का रुख बदल सकता है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण गति, स्विग और स्पिन का एक संगम है। जसप्रीत बुमराह, जो शायद दुनिया के सबसे धारदार तेज गेंदबाजों में से एक हैं, आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें अर्शदीप सिंह अपनी चतुराई और सटीकता से उनका साथ देंगे। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपनी स्पिन वैरायटी से किसी भी बल्लेबाजी को मुश्किल में डाल सकते हैं। वहीं अगर दक्षिण अफ्रीका की बात की जाए तो वह हाल के टी-20 में उतार-चढ़ाव वाली फॉर्म के साथ आई है, जिसे पाकिस्तान और नामीबिया से हार का सामना करना पड़ा है। वे क्विटन डी कॉक और एडन मारक्रम के अनुभव पर भरोसा करेंगे ताकि शुरुआत में ही लय बनाई जा सके, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस पर बीच के ओवरों में पारी को संभालने की जिम्मेदारी होगी। निचले क्रम में, डेविड मिलर और यानसन जैसे खिलाड़ी तेजी से रन जोड़ सकते हैं, लेकिन मेहमान टीम जानती है कि वे धीमी शुरुआत का जोखिम नहीं उठा सकते। दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी की अगुवाई खतरनाक एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी कर रहे हैं। वे अपनी गति और सटीकता से मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते है। यानसन की उछाल और अतिरिक्त तेजी एक और रोमांच जोड़ती है, लेकिन द. अफ्रीका को यहां सफल होने के लिए, भारत की बल्लेबाजी फॉर्म के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार करना होगा। बाराबती स्टेडियम में आमतौर पर एक अच्छी पिच होती है, जिसकी बाउंड्री 65 से 70 मीटर के बीच होती है। लाइट्स में लाल मिट्टी की पिच अतिरिक्त गति और उछाल दे सकती है, जबकि शाम की ओस लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में हो सकती है। एक प्रतिस्पर्धी स्कोर 180-190 रन के आसपास रहने की संभावना है। ऐतिहासिक रूप से, भारत का टी-20 में द. अफ्रीका के खिलाफ पलड़ा भारी रहा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दूसरे वनडे में धीमे ओवर रेट पर भारत पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने भारत पर रायपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में धीमी ओवर-रेट के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अमीरात आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह कार्रवाई की, जब केएल राहुल की टीम समय में छूट के बाद भी दो ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर हर उस ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है।

### साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर, वार्ता।** केआईआईटी यूनिवर्सिटी की मणिपुरी साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान - 2025 में महिलाओं की तीन किलोमीटर व्यक्तिगत परस्यूट का स्वर्ण पदक जीता। रेस खत्म होते ही रेजिया की खुशी देखते ही बनती थी। उन्होंने साई मीडिया से कहा कि मीनाक्षी चैंपियन एथलीट है। उसे हारना पसंद नहीं है और मुझे भी नहीं। मैंने अपनी जिदगी में इतनी उपेक्षाएं झेली हैं कि अब मैं हमेशा उपलब्धियों के लिए भूखी रहती हूं। इस जीत से मैंने खुद को, और उन सभी लोगों को जवाब दिया है जिन्होंने कभी कहा था कि मैं यह नहीं कर सकती। 3 किमी परस्यूट में उससे बेहतर कोई एथलीट नहीं है, इसलिए उसे हराना मेरे लिए खास उपलब्धि है। 2019 में चयन संबंधी उपेक्षाओं के कारण सेपाक टकरॉ छोड़कर साइक्लिंग अपनाने वाली रेजिया ने शुरुआती दिनों में जितनी निराशा, अस्वीकार और मानसिक तनाव झेला, उतना शायद ही कोई खिलाड़ी सह सके।

# शाकिब अल हसन ने टेस्ट व टी-20 से संन्यास वापस लिया

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेलने की इच्छा व्यक्त करते हुए टेस्ट और अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से अपना संन्यास वापस ले लिया है। शाकिब ने एक साल से अधिक के समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली है और पिछले साल ही उन्होंने टेस्ट और टी-20 से संन्यास लिया था। शाकिब ने मोईन अली के पॉडकास्ट में बात करते हुए कहा कि मैं आधिकारिक तौर पर सभी प्रारूपों से रिटायर नहीं हुआ हूं। यह पहला मौका है जब मैं इसका खुलासा कर रहा हूं। मेरी योजना बंगलादेश जाकर एकदिवसीय, अंतर्राष्ट्रीय टी-20 और टेस्ट की एक पूरी सीरीज खेलने के बाद रिटायर होने की है। उन्होंने कहा कि मैं एक ही



सीरीज में सभी प्रारूपों से रिटायर हो सकता हूं। इसकी शुरुआत टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट या फिर टेस्ट, वनडे और टी-20 से हो सकती है। दोनों ही तरह मैं संतुष्ट हूं, लेकिन मैं एक पूरी सीरीज खेलकर ही रिटायर होना चाहता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बंगलादेश लौटेंगे तो शाकिब ने कहा कि मुझे उम्मीद है। इसीलिए मैं टी-20 लीग्स में खेल रहा हूं। मुझे लगता है कि ए होगा। मुझे लगता है कि जब एक खिलाड़ी कुछ कहता है तो वह अपने शब्दों के साथ रहने का प्रयास करता है। अचानक वे इसमें बदलाव नहीं करते हैं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं अच्छा खेलूंगा या नहीं। उसके बाद मैं एक खराब सीरीज खेल सकता हूं, यदि मैं खेलना चाहूं। लेकिन मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि ए पर्याप्त है। ए उन फैंस को अलविदा कहने का अच्छा तरीका होगा जिन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट किया है। घरेलू सीरीज खेलकर उन्हें कुछ वापस दिया जा सकता है। गेंदबाजी एक्शन को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं थोड़ा जानबूझकर ऐसा कर रहा था क्योंकि मैंने एक ही मैच में 70 से अधिक ओवर डाल दिए थे।

# गिल-पांड्या पूरी तरह फिट: सूर्यकुमार



● **गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से पहले कहा कि शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या पूरी तरह से स्वस्थ तथा फिट हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि दोनों 'गिल और पांड्या' स्वस्थ और फिट दिख रहे हैं। गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी, जबकि हार्दिक सितम्बर में एशिया कप के दौरान लगी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण बाहर थे।

गिल चोट के बाद से अभी तक नहीं खेले हैं, लेकिन हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वापसी की। बड़ौदा के लिए खेलते हुए, उन्होंने हर मैच में एक विकेट लिया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने दोनों बार चार ओवर फेंके। बल्ले से, पंजाब के खिलाफ 42 गेंदों में उनके 77 रन नाबाद ने उनकी टीम को 223 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारतीय कप्तान ने कहा कि आपने एशिया कप में भी देखा था, जब वह 'हार्दिक' नई गेंद से गेंदबाजी कर रहे थे, तो उन्होंने प्लेइंग इलेवन के संबंध में हमारे लिए बहुत सारे विकल्प, कॉम्बिनेशन खोल दिए थे। यही वह टीम में लाते हैं। उनका अनुभव, जिस तरह से उन्होंने सभी बड़े मैचों, सभी आईसीसी, एसीसी स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि वह अनुभव बहुत काम आएगा और उनकी मौजूदगी निश्चित रूप से टीम को अच्छा संतुलन मिलेगा। गिल के टीम में वापस आने के साथ सूर्यकुमार ने यह स्पष्ट किया कि संजू सैमसन को मिडिल ऑर्डर में जगह के लिए जितेश शर्मा से मुकाबला करना होगा। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि ओपनर्स को छोड़कर सभी बल्लेबाजों को ऑर्डर में अपनी स्थिति के संबंध में लचीला होना होगा। उन्होंने कहा कि जब संजू टीम में आए, तो उन्होंने ऑर्डर में ऊपर बल्लेबाजी की। अब बात यह है कि ओपनर्स के अलावा, सभी को लचीला होना होगा। जब उन्होंने पारी की शुरुआत की तो उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन शुभमन ने उनसे पहले श्रीलंका सीरीज में खेला था, इसलिए वह उस जगह के हकदार हैं। लेकिन हमने संजू को मौके दिए। वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार है जो वास्तव में एक खिलाड़ी को नंबर तीन से छह तक कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए लचीला देखना अच्छा है। यही एक बात मैंने सभी बल्लेबाजों से कही है कि ओपनर्स के अलावा, सभी को बहुत लचीला होना होगा। दोनों 'सैमसन और जितेश' टीम की योजनाओं में शामिल हैं। इन दोनों जैसे शानदार खिलाड़ी टीम में होना हमेशा अच्छा होता है। एक ओपनिग कर सकता है।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने वेल्स को हराया




**चिली, वार्ता।** भारतीय टीम ने महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 के नौ से 16वें क्लासिफिकेशन मुकाबले में वेल्स को 3-1 से हराया। सैंटियागो में सेंट्रो डेपोर्टिवो डी हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने (14वें), सुनेलिता टोप्पो ने (24वें), और इशिका ने (31वें) मिनट में गोल किए, जबकि वेल्स के लिए एकमात्र गोल एलोइस मोटने (52वें) मिनट में

● **भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने 14वें सुनेलिता ने 24वें व इशिका ने 31वें मिनट में गोल किए**

किया। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। भारत ने नियमित अंतराल पर मौके बनाए लेकिन शुरुआती गोल जल्दी नहीं कर पाया। वेल्स को पेनल्टी स्ट्रोक से बढ़त बनाने का अवसर मिला था, लेकिन निधि ने शानदार बचाव करते हुए उनके प्रयास को विफल कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिर में साक्षी राणा के शानदार खेल के बाद हिना बानो के टैप-इन से भारत आखिरकार डेडलॉक तोड़ने में कामयाब रहा। अपनी बढ़त को दोगुना करने के प्रयास में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर के साथ दबाव बनाए रखा। भारत लगातार मौके बनाता रहा और अपनी कोशिशों का फल मिला, साक्षी राणा के शुरुआती शॉट के बाद गेंद सुनेलिता टोप्पो के पास आई, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही भारत ने अपनी बढ़त को 3-0 कर दिया, जब वेल्स गोलकीपर से रिबाउंड होकर गेंद इशिका के पास आई और उन्होंने गोल कर दिया। ज्योति सिंह की टीम ने खेल की गति को नियंत्रित किया, लाइनों के बीच खेलकर और दबाव बनाते हुए वेल्स की रक्षा पंक्ति को परेशान किया। भारत ने मौके बनाना जारी रखा, वेल्स को अपने ही हाफ में धकेल दिया और तीसरे क्वार्टर को खत्म किया और आखिरी पीरियड में भी गेंद पर दबदबा बनाए रखा। वेल्स को दूसरे छोर पर एक मौका मिला और एलोइस मोट ने इसका फायदा उठाया, अपनी टीम के लिए एक गोल किया।

# टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान टीम में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव: सलमान आगा

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले टीम में कोई बड़े बदलाव की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को उसकी भूमिका बता दी गई, हम उसी के साथ आगे बढ़ेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, पाकिस्तान टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा, क्योंकि इस साल की शुरुआत में सलमान के टी-20 कप्तान बनने के बाद से टीम ने सबसे छोटे फॉर्मेट में हाल ही में सफलता हासिल की है। एशियाई टीम ने हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर त्रिकोणीय जीती थी और सलमान को उम्मीद है कि वहां खेलने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ी अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व.

● **आईसीसी के अनुसार पाक टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा**

कप के 10वें संस्करण में भी टीम का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक पॉडकास्ट में सलमान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि विश्व कप से पहले कोई बड़ा बदलाव होगा, यही संयोजन रहेगा। सभी खिलाड़ियों को उनकी भूमिका बता दी गई हैं, और हम इन्हीं भूमिका के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले छह मैच बचे हैं, हमें लगातार अच्छा खेलना होगा। हम इन छह मैचों में बड़े बदलाव नहीं कर सकते। सलमान जिन छह मैचों का जिक्र कर रहे हैं, उनमें से तीन मैच जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घर से बाहर होंगे, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को आखिरी रूप दे रही है, जिसमें पाकिस्तान को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया के साथ रखा गया है। अगर पाकिस्तान त्रिकोणीय में शामिल अपनी टीम के अधिकतर खिलाड़ियों के साथ रहता है, तो यह पूर्व कप्तान बाबर आजम और मुख्य तेज गेंदबाज नसीम शाह के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि ए दोनों उन खिलाड़ियों के ग्रुप में शामिल थे जिन्हें उस समय के बाद मैचों के लिए वापस बुलाया गया था। सलमान ने कहा कि हम इस ग्रुप के साथ छह महीने से खेल रहे हैं और नतीजे आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हम 2026 का टी-20 विश्व कप और फिर 2027 का एकदिवसीय विश्व कप जीतें। दोनों विश्व कप जीतना मेरा सपना है, अगर ऐसा होता है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। उन्होंने ने कहा कि अभी के लिए, पाकिस्तान मेरी कप्तानी में टी-20 विश्व कप खेलेगा।

# बडौदा ने सर्विसेज को 13 रनों से हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (114) की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर बडौदा ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 13 रनों से शिकस्त दी। बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सर्विसेज के खिलाफ पांच विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बडौदा के लिए अमित हरिराम पासी ने 55 गेंदों में 10 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 114 रनों की शतकीय पारी खेली। शाश्वत रावत (14), कप्तान विष्णु सोलंकी ने (25), शिवालिक शर्मा (16), निनाद रथ्वा (12) रनों का योगदान दिया। भानु पनिया 15 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। सर्विसेज के लिए अभिषेक तिवारी ने तीन विकेट लिए। मोहित राठी और रवि चौहान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सर्विसेज, बडौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। सर्विसेज के लिए कुंवर पाठक और रवि चौहान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। नौवें ओवर में महेश पिठिया ने कुंवर पाठक को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कुंवर पाठक ने 29 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए (51) रन बनाए। इसके अलावा रवि चौहान ने 32 गेंदों में (51), कप्तान मोहित अहलावत ने 22 गेंदों में (41), नकुल शर्मा 13 गेंदों में (24) रन बनाकर आउट हुए। पुलकित नारंग चार गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

### हेनरी, सैंटनर, नाथन स्मिथ वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड टीम के तीन गेंदबाज मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मुख्य गेंदबाज हेनरी (पिडली में खिचाव), ऑलराउंडर नाथन स्मिथ (साइड में खिचाव) और स्पिन-गेंदबाज ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर (ग्रोइन इंजरी) के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर होने की पुष्टि की हैं। उन्होंने बताया कि क्राइस्टचर्च में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल ग्लेन फिलिप्स को आधिकारिक तौर पर सीरीज के बाकी मैचों के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल, जिन्होंने पहले टेस्ट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर लंबा समय बिताया था, दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे और मिडिल ऑर्डर के मुख्य खिलाड़ी के तौर पर टीम में वापस आएंगे।

# एफसी गोवा ने तीसरी बार जीता सुपर कप

**गोवा, वार्ता।** एफसी गोवा ने पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट बंगाल एफसी को 6-5 से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप का खिताब अपने नाम किया। यहां पंडित जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में खेला गया खिताबी मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोल रहित रहा, सुपर कप का पहला फाइनल बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने कई गोल करने के मौके बनाए लेकिन वे 120 मिनट में गोल करने में नाकाम रही। शूटआउट में, एफसी गोवा के कप्तान बोरजा हेरेरा और ईस्ट बंगाल के मोहम्मद बासिम राशिद गोल करने में नाकाम रहे, जिससे मुकाबला सडन डेथ में चला गया। उदंता सिंह कुमाम और साहिल तवोरा ने गोवा को आगे रखा, जबकि हामिद अहदाद ने ईस्ट बंगाल के लिए गोल किया, लेकिन पीवी विष्णु चूक गए, जिससे मेजबान टीम ने ट्रॉफी जीत ली। गोवा को शुरुआती तकनीकी बदलाव करने पड़े, मिडफील्ड को स्थिर करने के लिए उदंता सिंह और निम दोरजी तमांग को मैदान में उतारा गया।

ईस्ट बंगाल आगे बढ़ता रहा क्योंकि महेश को ब्रेक से पहले दो और मौके मिले जो बाल-बाल चूक गए। दूसरा हाफ उतार-चढ़ाव भरा रहा। गोवा एनर्जी के साथ वापस आया, आयुष छेत्री और डेजान ड्राजकि ने ईस्ट बंगाल के डिफेंस को टेस्ट किया। लेकिन जल्द ही मेहमान टीम ने फिर से कंट्रोल हासिल कर लिया, बिपिन के सटीक पास ने मिगुएल और हिरोशी इबुसुकी के लिए मौके बनाए। ईस्ट बंगाल 74वें मिनट में गोल के सबसे करीब पहुंचा जब पीवी विष्णु का तेज शॉट गोलकीपर ऋतिक

● **सुपर कप का पहला फाइनल पहला बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ**

तिवारी के दस्तानों से फिसल गया, लेकिन उन्होंने समय रहते उसे लाइन से बाहर कर दिया। जोरदार अपील के बावजूद, रेफरी ने गोल नहीं दिया। गोवा ने तुरंत जवाब दिया, ब्रिसन फर्नांडिस ने दूर से शॉट मारा जो पोस्ट से टकराया और ड्राजिक ने फ्री हेडर मिस कर दिया। डिफेंडर पोल मोरेनो लगभग हाफवे से गोल करने ही वाले थे जब उनका क्लीयरेंस अप्रत्याशित रूप से गोल की ओर गया, जिससे प्रभसुखन सिंह गिल को क्रॉसबार पर एक मुश्किल बैकपेडलिग बचाव करना पड़ा। अतिरिक्त में और भी मौके मिले, जिसमें गिल ने सिवेरियो और टिमोर को गोल करने से रोकने के लिए अहम बचाव किए।



## सम्पादकीय

मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025

# वंदेमातरम पर राजनीति

सोमवार को राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वंदेमातरम के साथ विश्वासघात किया और तुष्टिकरण की राजनीति के दबाव में वह वंदेमातरम के बंटवारे के लिए झुकी मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मौ. अली जिन्ना ने 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदेमातरम के विरोध का नारा बुलंद किया। उन्होंने सीधे देश के दिवंगत पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू और 1937 में कांग्रेस अध्यक्ष रहे जवाहर लाल नेहरू को यह कहकर विवादों में घेरा कि जब उनका सिंहासन डोलता दिखाई दिया, तब उन्होंने मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदेमातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाए वंदेमातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। वंदेमातरम को लेकर कांग्रेस की तरफ से भी जवाब आया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी वंदेमातरम पर चर्चा में भाग लिया और उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि वंदेमातरम केवल भावना नहीं बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था, लेकिन साथ ही इसमें यह भी जोड़ा कि संसद में इस समय यह चर्चा इसलिए कराई जा रही है क्योंकि आने वाले समय में पश्चिमी बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी का कहना था कि हम देश के लिए हैं और आप चुनाव के लिए हैं। प्रियंका के अनुसार इस समय वंदेमातरम पर लोकसभा में चर्चा कराने की कोई जरूरत ही नहीं थी। अपनी बात को वजन देते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 सालों से आजाद भारत की जनता के दिलों में बसता आया है। उन्होंने सवाल किया कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। संसद में इस पर बहस कराने के बजाए सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदेमातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और आम्बेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान करना है। प्रियंका गांधी ने कटु लहजे में कहा कि पीएम 12 साल से देश चला रहे हैं और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे। इसमें कोई दोराय नहीं है कि वंदेमातरम पर इस समय संसद में चर्चा की कोई बहुत ज्यादा जरूरत नहीं थी। यूं भी यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिमी बंगाल में वास्तव में चुनाव होने जा रहे हैं और इस सच्चाई से हर कोई वाकिफ है कि भाजपा के लिए यह चुनाव मात्र एक चुनाव नहीं बल्कि एक मिशन जैसा है। वैसे भी वंदेमातरम जैसे प्रतिष्ठित गीत पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीएम मोदी ने जिस अंदाज में बात की, उन्होंने यही संकेत देने की कोशिश की कि सभी वंदेमातरम के पक्ष में थे लेकिन केवल पंडित नेहरू ही उसके विरोध में रहे हैं।

## योजनाओं का लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को



न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता, सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का, उप्र की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारू कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, सार्वजनिक संस्थानों पर अनाधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-रूस की अटल साझेदारी





**योगेश कुमार गोयल**

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थाई प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा .ष्टिकोण की .ढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रूपए और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सु.ढ़ करेगा।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्ट्री की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाईयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचा. लित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है। सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है। रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यवहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलैक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है। पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया है जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा।

भारत द्वारा रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन तक मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा की घोषणा कूटनीति को लोगों की चेतना में स्थापित करती है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव की पुनर्पुष्टि है, जिसमें बौद्ध परंपरा, योग, भारत-रूस सांस्कृतिक आकर्षण और ऐतिहासिक धारा की निरंतरता उपस्थित है। यह पहल वैश्विक सूचना-राजनीति के युग में 'नैरेटिव स्वायत्तता' के निर्माण की ओर भी संकेत करती है, जिसे रूस के 'आरटी इंडिया' ब्यूरो की स्थापना आगे बढ़ाएगी। इस शिखर वार्ता में यूक्रेन संकट पर भारत की स्थिति ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की नई भूमिका को स्पष्ट किया। भारत न तो किसी ध्रुव में समाहित है, न ही किसी वैश्विक सुरक्षा-प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बल्कि वह शांतिवादी और वैचारिक नेतृत्व के नए मॉडल के रूप में उभरा है। ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर भारत और रूस का समन्वय बहुध्रुवीय व्यवस्था के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यह संबंध केवल सुरक्षा और सामरिक हितों से परे है, यह एक सभ्यतामूलक विमर्श है, जहां भारत और रूस अमेरिकी-यूरोपीय प्रभाव-क्षेत्र की एकध्रुवीयता को चुनौती देते हुए वैश्विक संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में ब्रह्मोस मिसाइल, सुखोई विमान, एस-400 सिस्टम और नई तकनीकों पर साझेदारी यह स्पष्ट करती है कि दोनों देशों का सुरक्षा बंधन साझा रणनीतिक विश्वास का परिणाम है। पहलगाम और मॉस्को हमलों के संदर्भ में आतंकवाद विरोधी एकजुटता की घोषणा यह सिद्ध करती है कि भारत और रूस नए खतरों की प्रकृति को समझते हैं और समाधान तलाशने में भी एकमत हैं। इन सभी आयामों का संकलन बताता है कि भारत-रूस संबंध न तो बीते युग की स्मृति हैं, न ही समीपस्थ हितों की आकस्मिक आवश्यकता। यह रिश्ते का वह मॉडल है, जो विश्वास, समय, भू-राजनीति, तकनीकी क्षमता और साझा दृष्टि के संयोग से निर्मित हुआ है। यह केवल दो राष्ट्रों का गठजोड़ नहीं, दो सभ्यताओं का मार्गदर्शन है। ध्रुव तारे की उपमा इसीलिए सार्थक है क्योंकि ध्रुव तारा केवल चमकता नहीं, दिशा भी देता है। भारत और रूस का संबंध भी दिशा-निर्देशक है, नई विश्व व्यवस्था की दिशा तय करने वाला, वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को पहचान देने वाला और शक्ति-संतुलन को न्यायपूर्ण बनाने वाला। 2030 का रोडमैप इस संबंध को केवल नई मंजिल की ओर नहीं ले जाता बल्कि दुनिया को संकेत देता है कि भारत अब उस युग में प्रवेश कर रहा है, जहां वह ध्रुवों की संरचना में योगदान देने वाली शक्ति है। रूस इस यात्रा में सहायक नहीं बल्कि सहयात्री है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# धरती की कार्बन भंडारण क्षमता असीमित नहीं

अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41.6 करोड़ टन सालाना किया जाए।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, पृथ्वी की कार्बन डाईऑक्साइड को सुरक्षित रूप से भूमिगत भंडारण की करने क्षमता पूर्व अनुमानों से कहीं कम है और यह साल 2200 तक खत्म भी हो सकती है। इसका मतलब है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसी तकनीकों को लंबी अवधि का हल मानना मुश्किल है।

पेरिस समझौते के तहत धरती के तापमान को औद्योगिक-पूर्व स्तर से डेढ़ से दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वातावरण से काफी मात्रा में कार्बन डाईऑक्साइड को हटाना होगा। इसका एक तरीका है उद्योगों से निकलने वाली गैस को कैद करके गहराई में चट्टानों के बीच संग्रहित करना। पहले माना गया था कि धरती 10 से 40 हजार गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड संभाल सकती है, लेकिन ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिकों का नया अध्ययन बताता है कि सुरक्षित क्षमता सिर्फ 1460 गीगाटन है। इस अनुमान में भूकंप से होने वाले रिसाव, तकनीकी दिक्कतों और जमीन के उपयोग पर राजनी. तिक पाबंदियों जैसे कारकों को भी शामिल किया गया है।

अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41.



6 करोड़ टन सालाना किया जाए। लेकिन पेरिस समझौते का लक्ष्य हासिल करने के लिए 2050 तक प्रति वर्ष 8.7 गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड हटाना होगा - यानी अगले 30 सालों में 175 गुना बढ़ोतरी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगर धरती की सारी सुरक्षित क्षमता भी उपयोग कर ली जाए, तो भी तापमान केवल 0.7 डिग्री सेल्सियस ही घटेगा। जबकि इस सदी में तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अंदेशा है। इसलिए सिर्फ कार्बन कैप्चर के भरोसे नहीं रहा जा सकता। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से घटाना होगा, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना होगा और टिकाऊ तरीकों को अपनाना होगा। अध्ययन यह भी बताता है कि जमीन में दफन कार्बन डाईऑक्साइड का रिसाव जमीन के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड बना सकता है। इस तरह बढ़ी हुई अम्लीयता से खनिज घुल सकते हैं और जहरीली धातुएं निकल सकती हैं, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरनाक है।

**-स्रोत फीचर्स**

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्री. हत कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्एक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है। ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है।

> ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है। और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।

और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के




तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**

# क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा

## सरकार ने लोकसभा में बताया: 4190 करोड़ की संपत्ति जब्त और एक आरोपी भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईडी की कार्रवाई पर लोकसभा में सोमवार को आंकड़े दिए। सरकार ने बताया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने 4189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की।

इन मामलों में एक आरोपी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी भी घोषित किया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है। इन जांचों के दौरान न केवल हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त या फ्रीज की गई, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी



■ ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है

किया गया। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने 22 आरोप पत्र भी दाखिल किए। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि सरकार वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के दुरुपयोग को लेकर कितनी गंभीर है, विशेष रूप से तब जब हाल ही में वीडीए को पीएमएलए के दायरे में लाया गया। प्रवर्तन निदेशालय के अलावा आयकर विभाग भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लेनदेन से जुड़ी 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया। विभाग ने अनुपालन को सख्ती से लागू करने के लिए उन करदाताओं को भी रडार पर लिया है जिन्होंने अपने आयकर रिटर्न में 'शेडयूल वीडीए' के तहत सूचना नहीं दी।

वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि ऐसे 44057 करदाताओं को सीबीडीटी की ओर से नोटिस भेजे गए हैं, जिन्होंने वीडीए में निवेश या व्यापार तो किया, लेकिन उसकी रिपोर्टिंग नहीं की। संसद में सरकार ने साफ किया कि भारत में फिलहाल क्रिप्टो एसेट्स या वर्चुअल डिजिटल एसेट्स अनरेगुलेटेड हैं। हालांकि, सरकार वीडीए से जुड़े लेनदेन की निगरानी और जांच को मजबूत करने के लिए क्षमता बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पंकज चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिप्टो एसेट्स की प्रकृति सीमा रहित है, इसलिए केवल घरेलू स्तर पर नियम बनाना पर्याप्त भी नहीं होगा। नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए वैश्विक समन्वय की जरूरत क्रिप्टो पर नियामकीय ढांचे के भविष्य पर बात करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए मजबूत अंतर्राष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। नियामकीय आर्बिट्रेज एक ऐसी

## म्यांमार ने साइबर अपराध के आरोपी 1178 चीनी नागरिक वापस भेजे

**बीजिंग।** चीन के जन सुरक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत से म्यांमार के म्यावाडी में टेलीकॉम धोखाधड़ी के मामलों में शामिल कुल 1178 चीनी नागरिकों को वापस लाया गया है। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर एक बयान में कहा कि एक दिसम्बर से संदिग्धों को चीनी पुलिस की निगरानी में थाईलैंड के रास्ते समूहों में सौंपा गया है। यह हस्तांतरण 14 नवम्बर को चीन, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के बीच हुई एक मंत्री स्तरीय बैठक के बाद हुआ। बैठक में शामिल देशों ने सहयोग को गहरा करने और सीमा पार टेलीकॉम धोखाधड़ी पर मिलकर कार्रवाई शुरू करने पर सहमति जताई थी।



**अहमदाबाद।** इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए हवाई यात्री भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जा रही एक विशेष ट्रेन में सवार होने की तैयारी करते हुए।

## बेनिन ने नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश की नाकाम

**अबुजा।** पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में नाइजीरियाई सेना ने वहां के सुरक्षा बलों की सहायता करते हुए तख्तापलट की कोशिश को नाकाम किया है। बेनिन के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में बताया कि बेनिन ने नाइजीरिया से तुरंत हवाई सहायता देने और नाइजीरियाई सैनिकों को भेजने की मदद मांगी थी, ताकि देश के संविधान और संस्थाओं की रक्षा की जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बेनिन के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबु ने नाइजीरियाई सशस्त्र बलों को बेनिन में तख्तापलट की कोशिश करने वाले समूह को रोकने में मदद करने का तुरंत आदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हम आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे: थाई प्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने सोमवार को कहा कि कंबोडिया के साथ सीमा पर चल रही झड़पों के जवाब में थाईलैंड राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए 'आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार' का इस्तेमाल करेगा। चर्नविराकुल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव के बाद टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा कि सभी मामलों में स्थिति के अनुसार सैन्य अभियान चलाए जाएंगे। इसमें सावधानी बरती जाएगी और मानवीय सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।

### कंबोडिया के साथ ताजा सीमा संघर्ष में थाईलैंड के सैनिक की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड की कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हुई ताजा झड़प में एक थाई सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लंबी सीमा साझा करने वाले इन दो पड़ोसी देशों के बीच चल रहे संघर्ष ने महीनों से चले आ रहे तनाव को एक बार फिर बढ़ा दिया है। थाईलैंड की सेना ने बताया कि कंबोडियाई सैनिकों ने सोमवार तड़के उबोन रत्चथानी प्रांत में थाई सेना पर गोलीबारी की, जिसके कारण जवाबी गोलीबारी हुई जिसमें उनके एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### तुर्की में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** तुर्की में सोमवार को 5.5 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 01:21 बजे आए भूकंप का केन्द्र, 92.1 किमी की गहराई पर 36.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 30.89 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया। भूकंप में किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान होने की खबर नहीं है।

### रोमानिया में सिउकू ने जीता बोखारेस्ट के महापौर का चुनाव

**बुखारेस्ट।** रोमानिया की नेशनल लिबरल पार्टी के सिप्रियन सिउकू ने बुखारेस्ट के महापौर के लिए हुए चुनाव में जीत दर्ज करते हुए राजधानी का सबसे बड़ा पद हासिल कर लिया। रोमानिया के स्थाई चुनावी प्राधिकरण के के अनुसार सभी 1289 मतदान केंद्रों की गिनती पूरी होने के बाद सिउकू को 36.16 प्रतिशत वोट मिले। बुखारेस्ट के 589000 से जयादा निवासियों ने वोट डाले, जो पंजीकृत मतदाताओं का 32.71 प्रतिशत था। सिउकू ने 2000 में राजनीति में कदम रखा था और बाद में स्थानीय प्रशासन में शामिल हो गए थे शुरू में उन्होंने स्थानीय पार्षद के तौर पर काम किया।

# क्वाड के जरिये भारत से सहयोग बढ़ाने पर जोर

## अमेरिकी सांसदों ने जारी किया वार्षिक रक्षा नीति विधेयक, चीन की चुनौती का सामना करने का मुद्दा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ सहयोग को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें क्वाड के जरिये सहयोग बढ़ाने की बात भी कही गई है, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके और चीन की चुनौती का सामना किया जा सके। सांसदों ने 2026 के वित्तीय वर्ष के लिए 'नेशनल डिफेंस आथोराइजेशन एक्ट' विधेयक जारी किया। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों के बारे में कांग्रेस की राय बताई गई है।

इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूत करें, ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का 'तुलनात्मक लाभ' बढ़ाया जा सके। इन प्रयासों में भारत के साथ क्वाड के जरिये अमेरिकी सहयोग का विस्तार शामिल है। इसमें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार और मानवीय सहायता तथा आपदा प्रतिक्रिया में सहयोग शामिल हैं, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, इसमें भारत के साथ समुद्री सुरक्षा पर अधिक सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया



चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था

शामिल हैं। चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था। रक्षा नीति विधेयक में यह भी कहा गया है कि रक्षा मंत्री को विदेश मंत्री के साथ तालमेल बनाकर एक योजना बनानी चाहिए और चलानी चाहिए, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की रक्षा औद्योगिक क्षमताओं के बीच सहयोग मजबूत हो सके। यह पहल सभी देशों के रक्षा उद्योगों को मजबूत करेगी। इसमें उनकी क्षमता बढ़ाना, उत्पादन और कर्मचारियों को बढ़ाना, आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना, विभिन्न देशों की प्रणालियों को एक-दूसरे के साथ काम करने योग्य बनाना और देशों के बीच तालमेल बढ़ाना शामिल है।

# 6 खाड़ी देशों ने ईरान को दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** गल्फ कोआपरेशन काउंसिल (जीसीसी) ने ईरान के उस बयान पर गंभीर आपत्ति जताई है, जिसमें उसने 3 विवादित आइलैंड्स पर अपना दावा पेश किया था। ईरान ने दावा किया था कि यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा उसके हैं। उसने सऊदी अरब और कुवैत के संयुक्त दुर्रा आफशोर आयल फील्ड पर अधिकार जताया था। इसके साथ ही ईरान ने बहरीन की संप्रभुता पर सवाल उठाए थे।

जीसीसी में सऊदी अरब, ओमान, यूएई, कतर, बहरीन और कुवैत शामिल हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई और संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने दावा किया था कि ये आइलैंड ईरानी क्षेत्र हैं। जीसीसी के महासचिव जासेम अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान के बयान गलत, भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ हैं। खास तौर पर वे नियम, जिनमें किसी देश के आंतरिक मामलों में दखल न देने और पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते रखने की बात कही गई है। अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान की टिप्पणियां जीसीसी के उन प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं, जो वह ईरान के साथ

■ यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा पर दावा पेश किए जाने से बने जंग के आसार

रिश्ते सुधारने के लिए कर रहा है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देश हमेशा ईरान के साथ बेहतर संबंध रखना चाहते हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सहयोग करते हैं। जीसीसी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत दोहराई। इनमें संप्रभुता का सम्मान, विवादों का शांतिपूर्ण हल और बल प्रयोग से बचना शामिल हैं। उन्होंने यह याद दिलाया कि ईरान ने जून में कतर पर हमला करके पहले भी इन सिद्धांतों का उल्लंघन किया था। अल-बुदैवी ने यह भी कहा कि जीसीसी देशों और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठकों में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता पर बातचीत की थी। जीसीसी ने अंत में ईरान से अपील की कि वह झूठे बयान देना बंद करे और संवाद और भरोसा बढ़ाने के प्रयासों में बाधा न डालें। ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा नाम के द्वीप पर्शियन गल्फ (अरब सागर का हिस्सा) में स्थित हैं। 1971 में यूएई के गठन से ठीक पहले ईरान ने इन द्वीपों पर नियंत्रण कर लिया था।

# सीरिया में शरणार्थी बने रहने को मजबूर लोग

**दमिश्क।** एक साल पहले बशर-अल असद की सरकार गिरने के बाद सीरिया में लंबे वक्त से चला आ रहा गृह युद्ध तो खत्म हो गया, लेकिन कई सीरियाई परिवार अब भी घर लौटने के इंतजार में हैं। इदलीब और अलेप्पो के शिविरों में सालों गुजारने के बाद जब ए परिवार अपने-अपने शहर लौट रहे हैं तो उन्हें अपने घर की जगह सिर्फ मलबे का ढेर मिल रहा है।

उनके लिए अपने शहर को पहचान पाना मुश्किल है, इसलिए यह वापसी बेमानी साबित हो रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट बताती है कि अलेप्पो की उत्तरी सीमा पर मौजूद ऐन दकनेह गांव में जो मोहल्ले कभी सैकड़ों लोगों का ठिकाना हुआ करते थे, वे अब टूटी-फूटी दीवारों, खंडहरों और मलबे के ढेर में तब्दील हो गए हैं। ऐन दकनेह के रहने वाले 40 वर्षीय यूसुफ मोहम्मद दीब तुर्किए की सीमा के करीब मौजूद बाब अल-सलाम शिविर से लौटने के बाद कहते हैं कि जब वह यहां लौटे तो उन्हें तबाही के सिवा कुछ नहीं दिखा। घर से दूर 10 साल बिताने वाले मोहम्मद दीब कहते हैं कि पूरा गांव तहस-नहस हो चुका है और

■ हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है

अब वहां कुछ नहीं बचा। रहने के लिए कोई घर नहीं, और युद्ध रुकने के बावजूद भी वह एक शिविर में ही हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनआरए) के अनुसार, 30 लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी युद्ध रुकने के बाद से देश-विदेश से अपने घर लौटे हैं। वापसी के बाद हालांकि उन्हें न तो जीने लायक बुनियादी ढांचा मिला है, न विद्यालय मिले हैं, न स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं और न ही पर्याप्त रोजगार। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की उप-उच्चायुक्त केली क्लेमेंट्स के अनुसार, बिजली, पानी, विद्यालय और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे जरूरी बुनियादी ढांचे में निवेश के बिना सीरिया लोगों के लौटने के बाद उनकी व्यवस्था नहीं कर पाएगा। इदलीब के रहने वाले 63 वर्षीय इल्हाम जिलाक कहते हैं कि हम अपने घर लौटना चाहते हैं, लेकिन हमारे सब घर तबाह हो चुके हैं। मैं और मेरे सब भाई बूढ़े हो चुके हैं। हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है।

# पीली रेखा है गाजा-इजरायल की नई सीमा: इजरायली सेना

**यरुशलम।** इजरायली सेना प्रमुख आयल जमीर ने कहा कि नई बनाई गई 'एलो लाइन' इजरायली गाजा पट्टी की 'नई सीमा रेखा' है। दो माह पहले 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम के बावजूद इजरायली सेना ने गाजा के कुछ हिस्से पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है।

इस हिस्से की सीमा को ही 'पीली रेखा' कहा जा रहा है। जमीर ने गाजा में बैत हनून और जबलिया के दौरे के दौरान कहा कि पीली रेखा एक नई सीमा रेखा है, जो हमारे समुदायों के लिए एक रक्षा पंक्ति और परिचालन गतिविधि की रेखा के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि सेना ने 'गाजा पट्टी के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण' कर लिया है और इजरायली सेना उन इलाकों में बनी रहेगी। जमीर ने कहा कि सेना 'हमास को खुद को फिर से स्थापित करने की अनुमति नहीं देगी' और 'अचानक हमले के परिदृश्यों' के लिए तैयारी कर रही है। इसे उन्होंने सेना की आने वाली कई वर्षों की योजना का एक मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा में आखिरी मृत बंधक, पुलिस अधिकारी रैन ग्विली के अवशेषों को घर नहीं लाया जाता, तब तक मिशन पूरा नहीं होगा। हमास ने ग्विली के अलावा सभी 20 जीवित बंधकों और 27 मृत बंधकों के शवों को लौटा दिया है। इस दौरान इसरायली सैनिकों ने दर्जनों फिलिस्तीनियों की गोली मारकर यह कहते हुए हत्या की है कि वे संदिग्ध थे जिन्होंने 'पीली रेखा' पार की थी।

## गाजा में इजरायली सेना ने की फलस्तीनी लड़ाकों की हत्या

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के राफा के मवासी इलाके में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फलस्तीनी लड़की की मौत हो गई। एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि लड़की की मौत मवासी में इजरायली सेना के तैनाती क्षेत्रों के बाहर हुई। इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सैनिकों ने एक आतंकवादी की पहचान की, जो पीली रेखा पार कर सैनिकों के पास आया था और तत्काल खतरा पैदा कर रहा था कि और उन्होंने 'आतंकवादी को मार गिराया।' इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति का भंडार 'विनाशकारी' शून्य स्तर पर बना हुआ है।

# थाइलैंड ने की कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक

## 45 दिन पहले ही ट्रम्प ने कराया था सीजफायर

**वाशिंगटन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। थाईलैंड ने एक बार फिर कंबोडिया की सीमा पर एयर स्ट्राइक की है। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच युद्धविराम कराया था। इसके बाद थाईलैंड ने अब सीजफायर का उल्लंघन करते हुए एयर स्ट्राइक की है। हालांकि, दोनों देशों ने एक-दूसरे पर सीजफायर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

एक थाई सैन्य अधिकारी ने कहा कि कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमले सोमवार सुबह हुए उस हमले का जवाब थे, जिसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे। थाई सेना ने कहा कि पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी। इसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई है और चार घायल हुए हैं। इसी के जवाब में थाईलैंड ने कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक की। एक बयान में कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए कहा, 8 दिसम्बर 2025



■ पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी

की सुबह लगभग 05:04 बजे, थाई सैन्य बलों ने प्रेह विहियर प्रांत के अन सेस क्षेत्र में कंबोडियाई बलों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि कंबोडिया ने पलटवार नहीं किया। कंबोडिया ने यह भी कहा कि वो थाई पक्ष की ओर से की गई अमानवीय और बर्बर कार्रवाइयों की कड़े से कड़ी निंदा करता है। साथ ही कंबोडिया ने कहा कि थाईलैंड की ओर से किया गया यह हमला 26 अक्टूबर को हुए सीजफायर का उल्लंघन है। थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने सोमवार तड़के लगभग 3 बजे (स्थानीय समय) थाई सीमा को निशाना बनाना शुरू किया। इसी के बाद एक अलग बयान में, कंबोडियाई सेना ने आरोप लगाया कि थाई सेना ने लगभग 5:04 बजे सुबह (स्थानीय समय) कंबोडियाई बलों पर हमला किया। दोनों देशों के बीच जुलाई में सीमा विवाद भड़क गया था। इसी के बाद 5 दिन तक दोनों के बीच युद्ध हुआ। इसी के बाद मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और ट्रम्प की मध्यस्थता में युद्धविराम समझौता हुआ। दोनों नेताओं ने अक्टूबर में कुआलालंपुर में दोनों देशों के बीच शांति समझौता कराया। दोनों देशों के बीच जुलाई में झड़पे बढ़ गई थी। दोनों पड़ोसियों ने एक दूसरे पर राकेट दागे थे। इन हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हुई और लगभग 3 लाख लोग अस्थायी रूप से विस्थापित हो गए।

# पुतिन के भारत दौरे पर चीन की अहम प्रतिक्रिया

## विदेश मंत्रालय ने तीनों देशों के बीच सहयोग पर जोर दिया, ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताया

**बीजिंग।** चीन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। साथ ही तीनों देशों को ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि अच्छे त्रिपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति-स्थिरता में सहायक साबित होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पुतिन की यात्रा पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। गुओ ने कहा कि चीन, रूस और भारत उभरती अर्थव्यस्थाएं हैं। हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। चीन द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए रूस और भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। भारत दौरे से पहले एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा था कि भारत और चीन हमारे करीबी दोस्त हैं। हम इस रिश्ते को काफी अहमियत



■ हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं

देते हैं। भारत और चीन के रिश्ते 2020 में लद्दाख में सैनिक तनाव के बाद काफी प्रभावित हुए थे, लेकिन अब दोनों देश धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इस पर चीन ने कहा कि वह भारत के साथ रिश्तों को लंबी अवधि और रणनीतिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहता है, ताकि दोनों देशों को फायदा मिले और एशिया समेत पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि बढ़े। चीनी मीडिया ने भी पुतिन के बयानों को प्रमुखता से दिखाया, खासकर वह हिस्सा जिसमें उन्होंने अमेरिका के आरोपों का जवाब दिया। अमेरिका कहता रहा है कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है, लेकिन पुतिन ने इन आरोपों को खारिज किया। चीन खुद भी रूस का सबसे बड़ा तेल और गैस खरीदार है और उसने भी अमेरिका की उन मांगों को ठुकराया है, जिसमें रूस से ऊर्जा खरीद बंद करने को कहा जाता है। पुतिन 4 से 5 दिसम्बर तक भारत में थे। यह उनकी 2021 के बाद पहली भारत यात्रा थी। इस दौरान भारत और रूस के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना है।

